# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-10-2022

# लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़े, रकम और कार बरामद !

## कुशीनगर के गल्ला कारोबारी से 6.56 लाख रुपये लूट का मामला

गोरखपुर (एसएनबी)। बीते 28 अक्टूबर को विहार हाजीपुर फ्लावर मिल से कुशीनगर के कारोबारी रामाकांत जायसवाल से 6.56 लाख रुपये लूट करने वाले कार सवार बदमाशों के गिरेबान तक पुलिस पहुंच ही गई। वारदात के दौरान नंदानगर अंडरपास के निकट सीसीटीवी फुटेज में सफेद रंग की वैगनार कार कैमरे में कैद हो गयी थी। फुटेज के सहारे पुलिस ने छानबीन शुरू किया तो पता चला कि बिहार के मोतिहारी जिले के एक ही गांव के रहने वाले लुटेरे वारदात को अंजाम दिये थे। लूट की रकम को पुलिस ने बरामद कर लिया है। शेष रकम दो लुटेरे के पास है जो फरार हैं, पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

गल्ला कारोबारी रामाकांत जायसवाल पुत्र डोमा सेठ निवासी हाटा थाना कोतवाली जिला कुशीनगर कई सालों से कुशीनगर से गल्ला हाजीपुर बिहार सप्लाई करते हैं। शुक्रवार को कारोबारी रामाकांत हाजीपुर बिहार स्थित एक फ्लावर मिल मालिक से 6.56 लाख रुपये लेने गए थे। बैंक बंद होने की वजह से उन्होंने 6.56 लाख नगद बैग में रखकर लखनऊ-बरौनी ट्रेन से गोरखपुर स्थित छावनी रेलवे स्टेशन पहुचे। स्टेशन से वह पैदल कसया रोड स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल एम्स गेट के पास पहुंचे जहां बस का इंतजार कर रहे थे उसी समय सफेद रंग की कार से तीन बदमाश वहां पहुंचे जिसमें 2 पीछे की सीट पर बैठे थे, ड्राइवर गाड़ी चला रहा था। उसने आवाज दिया कि कुशीनगर चलना है। कारोबारी को गुमराह कर हाटा जाने के लिए कार में बैठा लिया। एयर फोर्स के आगे जाने पर उसमें से एक बदमाश ने कारोबारी से यह कहते हुए उनका मोबाइल मांगा कि अंकल कहीं फोन करना है, जरा मोबाइल दे दीजिए। उन्होंने अपना मोबाइल युवक को दे दिया तो उसने मोबाइल से सिम निकाल कर फेंक दिया। मोबाइल से सिम निकालते देख व्यापारी को संदेह हुआ और विरोध करना शुरू किए तो तीनों बदमाशों ने व्यापारी की पिटाई कर उनके बैग को रुपये सहित लूट लिये और जगदीशपुर पुलिस चौकी के निकट चनकापुर के पास कारोबारी को कार से उतार कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने लूट की घटना के खुलासा के लिए कैंट और क्राइम ब्रांच को लगा दी।

> विहार के मोतिहारी के निकले लुटेरे
>
> कैंट इलाके के विवि के पास आठ हजार की लूट में थे शामिल
>
> नंदानगर अंडर पास के पास सीसीटीवी फुटेज के सहारे पुलिस पहुंची विहार

सूत्र बताते हैं कि कैंट पुलिस मौका-ए -वारदात से घटना की जांच शुरू की। नंदानगर अंडर पास के पास लगे सीसीटीवी को खंगाला गया तो सफेद रंग की कार दिखायी दी। कार का नम्बर और पीछे का हिस्सा टूटा मिला जिससे पुलिस कार नम्बर के सहारे जांच की रफ्तार बढ़ा दी। जांच के दौरान पुलिस टीम को यह खबर मिली कि कार सवार लुटेरे बिहार के मोतिहारी जिले के रहने वाले हैं। पुलिस टीम लुटेरों के गांव पहुंची और कार सवार बदमाशों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने पुलिस को जानकारी दी कि कारोबारी से लूट करने के बाद पता चला कि बैग में लाखों रुपये था। लूट की रकम दो बदमाशों के पास है वह पुलिस पकड़ से बाहर हैं, जबकि लूटी गयी रकम का आधा हिस्सा पुलिस ने बरामद कर लिया है। लूट में इस्तेमाल दो कार पुलिस के कब्जे में है। लुटेरों ने पुलिस को बताया कि कारोबारी से लूट की घटना से पहले विश्वविद्यालय के पास एक व्यक्ति को बिहार जाने के लिए कार में बैठाया और उसके पास आठ हजार रुपये लूट कर एयरफोर्स के पास कार से उसे उतार कर फरार हो गए थे।

**गल्ला कारोबारी को नहीं जानते हैं बदमाश :** कुशीनगर जिले के हाटा का रहने वाले गल्ला कारोबारी रामाकांत जायसवाल को कार सवार बदमाश नहीं पहचानते हैं। पूछताछ में यह बात साफ हो गयी कि कार सवार बदमाश बिहार से गोरखपुर आते हैं और रास्ते में अजनबी व्यक्ति को गुमराह कर कार में बैठा लेते हैं और लूटपाट करने के बाद रास्ते में उतार कर फरार हो जाते हैं। चर्चा है कि कार सवार बदमाश गोरखपुर ही नहीं बल्कि कई शहरों में पहुंच कर इस तरह की वारदात को अंजाम देते हैं।

**बदमाशों के साथ गांव के युवक भी होते हैं शामिल :** मोतिहारी जिले के कई गांव के लोग अपराध करने के नाम पर सुर्खियों में रहते हैं। वहां की स्थानीय पुलिस भी उनकी मदद करती है। जानकारों का कहना है कि कार सवार बदमाश जब बाहर निकलते हैं तो गांव के नव युवक भी उनके साथ जाने की इच्छा रखते हैं।

# अर्घ्य देकर निकल रही महिला करंट से जखमी

गोरखपुर (एसएनबी)। स्थानीय प्रशासन की लापवाही उस समय उजागर हुआ जब चिलुआताल इलाके के दहला में छठ पर्व पर महिला अर्घ्य देकर निकली महिला को करंट लग जाने से वह अचेत हो गयी। मौके पर मौजूद सिपाही नवदीप ने तार काट दिया जिससे महिला को बचाया जा सका।



डोहरिया बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार चिलुआताल थाना के मजनू चौकी अर्न्तगत दहला छट्ठ घाट पर एक महिला करेंट की चपेट आ गयी ड्यूटी पर तैनात मजनू चौकी का सिपाही नवदीप महिला को करेंट से अलग किया तब तक महिला अचेत हो गयी थी चौकी प्रभारी की पहल पर आनन- फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

बताया जाता है कि दहला गांव के दिलीप निषाद की चालीस वर्षिय पत्नी विन्दू देवी छट्ठ माता का ब्रत कर रही थी। रविवार की शाम को गाँव के ही छट्ठ घाट पर पुजा अर्चना कर अस्त चलगामी सूर्य कोअर्घ्य देकर बाहर निकली कपड़ा और पैर भीगा रहने के कारण पैर फिसल गया अपने को बचाने के लिये घाट पर लगे ट्यूब लाइट हाथ में आ गयी जिसमें ट्यूब लाइट महिला का हाथ नंगे तार से छू जाने की वजह से उसकी चपेट में आकर तड़पने लगी।



ड्यूटी पर तैनात सिपाही नवदीप किसी तरह से महिला को अलग किया

> मौके पर मौजूद सिपाही ने बिजली का तार काट कर महिला को भेजा अस्पताल

तब तक महिला अचेत हो गयी थी। चौकी प्रभारी मजनू दिनेश सिंह व ग्राम प्रधान देश दीपक निषाद ने सूझबूझ का परिचय देते हुये महिला को इलाज के लिये सदर अस्पताल भेजवाया जहाँ उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। सिपाही नवदीप सिंह ने बताया कि महिला अर्घ्य देकर बाहर निकल रही थी अचानक स्लिप होकर गिरने लगी लाइट हेतु लगे खंभे को पकड़ने का प्रयाश किया जहा ट्यूब लाइट हाथ मे आ गयी जिससे घटना हुई हमने तुरन्त महिला व लाइट को अलग किया।

## छठ पूजा के दौरान पोखरे में नहाने के दौरान डूबने से मौत

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** नगर पंचायत चौमुखा कैंपियरगंज के राजकीय महाविद्यालय परिसर के पोखरा में छठ पूजा के दौरान पोखरा में नहाने गया 23 वर्षीय युवक पानी में समा गया।पोखरा गहरा होने के कारण पानी मे डूबे युवक की लाश नहीं मिला है ।

कैंपियरगंज क्षेत्र के तेनुआ बिशम्भर पुर गांव का रहने वाला राकेश सिंह उम्र 23 वर्ष शाम को गांव की व्रतधारी महिलाओं के साथ पोखरे पर पहुँचा । घाट के पास शर्ट निकाल कर पोखरे में उतर कर नहाने लगा। इस दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। लोग शोर मचाये वह पानी में समा गया। इस दौरान वहां पर अफरा तफरी मच गई। मामले की जानकारी मिलते ही कैंपियरगंज एसओ भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सूचना पर घटना स्थल की जांच किया गया है । सोमवार को एनडीआरएफ की टीम बुलायी गयी है ।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरैया (टोला मरचहवां) में मां लक्ष्मी की मूर्ती विसर्जन के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों से कई लोगों के सिर फटे। एक पक्ष से सरवन गुप्ता पुत्र दयाशंकर की तहरीर पर धारा 323, 504, 506, के तहत उमेश प्रजापति, दिनेश प्रजापति, पुन्नीलाल, राजनीश पर केस दर्ज किया गया है, वही दूसरे पक्ष से उमेश प्रजापति पुत्र पुन्नीलाल की तहरीर पर धारा 323, 504,506 के तहत सरवन गुप्ता, अमित गुप्ता, विनीत गुप्ता, रूपाली पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# लड़की भगाने का आरोप, केस

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के गांव की नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने चौरी चौरा पुलिस को तहरीर सौंपी है। परिजनो का आरोप है कि लड़की घर से पेन खरीदने के बहाने निकली लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। परिजनो का कहना है कि कुछ दिन पूर्व लड़की को लेकर एक लड़के से विवाद हुआ था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रितेश यादव पुत्र नवनाथ यादव निवासी राघोपुर थाना चौरी चौरा के खिलाफ धारा 363,366 के तहत केस दर्ज कर लड़की की तलाश में जुट गई है।

# महिला की तहरीर पर केस

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्रापं पोखर भिंडा निवासिनी लाखी देवी पत्नी बेनी प्रसाद ने एसएसपी को पत्रक देकर बताया कि चौरी चौरा थाना के बाल बुर्जुग निवासी योगेश पुत्र कैलाश नाम के युवक ने एक प्राइवेट कंपनी में प्रति माह के हिसाब से 100 से सन 2015 में जमा कराया था। मैं नियमित रूपए जमा करती रही, जब रूपये जमा करने की अवधि पूरा हो गया तो योगेश ने बताया कि जिस कम्पनी में रूपये जमा किया गया था वह कम्पनी भाग गई। अब मैं जब रूपये मांगने गई तो उक्त युवक गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी ने तत्काल चौरी चौरा पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। एसएसपी के आदेश पर चौरी चौरा पुलिस ने योगेश पुत्र कैलाश के खिलाफ धारा 419, 420, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

# छठ घाटों का सीओ ने किया निरीक्षण

**हरपुर बुदहट (एसएनबी)।** क्षेत्राधिकारी खजनीअनिल कुमार सिंह नेछठ पूजा के मद्देनजर कुआवल घाट का निरीक्षण किये। मातहतों को निर्देश दिया कि किसी श्रद्धालु की कोई असुविधा नहीं होना चाहिए। मातहतों को यह भी निर्देश दिया कि किसी के साथ कोई अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए। महिला सिपाहियों को कहा कि बिना पूजा पाठ करने वाली महिलाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। साथ में थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह सहित अन्य लोग थे ।

# पकड़े गए पुलिस से हाथापाई करने वाले आरोपी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (30 Oct): चौरीचौरा पुलिस ने वर्दी फाड़ने व सिपाहियो संग हाथापाई करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने दोनो को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया. दोनो की पहचान अनिल मौर्या पुत्र दूधनाथ मौर्या व अजीत मौर्या पुत्र वृजराज मौर्या निवासी डुमरीखास के रूप में हुई. आपको बता दे कि शुक्रवार की रात सिपाहियो की ड्यूटी मूर्ति बिसर्जन में लगी थी. इस दौरान कुछ लोग तेज गति से बाइक चला रहे थे. सिपाहियो ने उन्हें गाड़ी धीमा चलाने को कहा. जिससे नाराज युवकों ने हाथापाई शुरू कर दी और वर्दी भी फाड़ दी. जिसके बाद पुलिस ने अनिल और 6 अज्ञात पर केस दर्ज किया था. रविवार को पुलिस ने नामजद आरोपी अनिल मौर्या व अज्ञात में से चिन्हित कर अजीत को भी गिरफ्तार कर लिया.

# सीसीटीवी फुटेज से खुलेगा लूट का राज

**FOLLOW UP**

कुसम्ही जंगल के पास शुक्रवार को गल्ला व्यापारी से लूट लिए गए थे 6.50 लाख रुपए



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (30 Oct):** कुशीनगर के व्यापारी से कार सवार बदमाशों ने बीते शुक्रवार को कुसम्ही जंगल के पास 6.50 लाख रुपए लूट लिए थे. बताया जा रहा है कि इस मामले में सीसीटीवी फुटेज मिली है. जिससे लुटेरों की पहचान हो गई है. इसके आधार पर गोरखपुर पुलिस बिहार के मोतीहारी जिले में पहुंची है. बताया जा रहा है कि बहुत जल्द सभी लुटेरे पुलिस हिरासत में होंगे.

## ये है पूरी घटना

कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के हाटा निवासी रामाकांत जयसवाल 65 गल्ला व्यवसाई हैं. वे कई साल से यहां से गल्ला खरीदकर हाजीपुर बिहार भेजते हैं और रुपए के लेन-देन करते हैं. रामाकांत जायसवाल गुरुवार को हाजीपुर बिहार के एक फ्लोर मिल मालिक से पैसा लेने गए थे. बैंक बंद होने के कारण वसूली हुए 6.50 लाख रुपए नगद बैग में रखकर लखनऊ-बरौनी ट्रेन से गोरखपुर छावनी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की सुबह 7 बजे उत्तरे. वे यहां से पैदल आर्मी पब्लिक स्कूल एम्स गेट के पास पहुंच कर कुशीनगर हाटा जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे.

## लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठा लिए बदमाश

आरोप है, उसी समय सफेद रंग की एक कार से तीन लोग पहुंचे. कार में दो लोग पीछे की सीट पर बैठे थे, जबकि एक कार चला रहा था. उसने आवाज दी कुशीनगर चलना है, तो व्यापारी ने हाटा तक जाने की बात कही. कार सवारों के इशारा करने पर वे उनकी कार में बैठक गए.

## पहले मोबाइल लेकर फेंक दिया सिम

व्यापारी ने बताया, एयरफोर्स के पास उसमें से एक व्यक्ति ने यह कहते हुए उनका मोबाइल मांगा. उसने कहा, अंकल कहीं फोन करना है. व्यापारी के मोबाइल देते ही युवक ने उनके मोबाइल से सिम निकाल कर फेंक दिया. विरोध करने पर तीनों ने व्यापारी को मारना-पीटना शुरू कर दिया. इसके बाद बदमाशों ने कुसम्ही जंगल में ले जाकर बैग में रखा 6.50 लाख रुपया ले लिए और मारते-पीटते हुए जगदीशपुर चौकी क्षेत्र में ओवरब्रिज के पास उतार कर फरार हो गए. व्यापारी ने इसकी सूचना जगदीशपुर चौकी पर दी.

# तोड़फोड़ व मारपीट में नौ पर मुकदमा दर्ज

उरुवा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बासदेवपुर निवासी अबुल हसन की तहरीर पर थाना पुलिस ने नौ लोगों पर मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है. तहरीर में अबुल हसन ने आरोप लगाया है कि वह मकान का निर्माण करा रहे थे. ग्राम रौजा दरगाह निवासी रईस समेत नौ लोग निर्माण स्थल पर पहुंचे और मजदूरों को मारते-पीटते हुए दीवार तोड़ दी.

# एसएसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा थाना पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर ग्राम बाल बुजुर्ग के योगेश पर फर्जी तरीके से एक कंपनी में पैसा जमा कराकर ठगी करने के मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है. स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरभिंडा की एक महिला ने एसएसपी से मिलकर युवक पर फर्जी बांड देने और जमा किया हुआ पैसा वापस मांगे जाने पर धमकी देने की शिकायत की थी.

# सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर मुकदमा

उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित व तहसीलदार राकेश कन्नौजिया के निर्देश पर ग्राम लक्ष्मीपुर में अवैध कब्जा करने वाले ग्रामवासी शंभू सहानी, सुग्रीव सहानी, रामवृक्ष सहानी के खिलाफ लेखपाल गिरजादत्त पाण्डेय की तहरीर पर कैंपियरगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है. लेखपाल ने तहरीर में लिखा है कि एक सितम्बर को सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को पुलिस बल की मौजूदगी में खाली कराया गया था. आरोपित दोबारा निर्माण करा रहे थे.

## क्रिमिनल्स को गोरखपुर पुलिस का मैसेज...

# भाग नहीं पाओगे

**i UPDATE**



**GORAKHPUR (30 Oct):** हत्या, लूट, रेप जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाश पुलिस के निशाने पर हैं. लगातार हुई घटनाओं के बाद पुलिस सक्रिय हुई है, जिसके बाद अब पुलिस की उन्हें फौरन ही गिरफ्त में ले ले रही है. बीते दिनों हुई घटनाएं और उसके बाद एक्शन में आई पुलिस इसका सीधा उदाहरण हैं. इन घटनाओं के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी कुछ ही दिन के अंदर ही हुई है. यही नही अब तक अधिकतर घटनाओं में अपराध कर आरोपी सीधे न्यायालय में पेश हो जाते थे, जबकि इधर ऐसा करने से पहले ही पुलिस बदमाशों को धर दबोच ले रही है.

- बड़ी-बड़ी घटनाएं कर भाग नहीं पा रहे बदमाश
- एक से दो दिन में घटना का खुलासा कर पुलिस बदमाशों को भेज रही जेल

### अरेस्ट हुआ बर्तन व्यापारी का हत्यारा

केस 01

बीते 26 अक्टूबर बुधवार को लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन में खोराबार के डांगीपार में बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई थी. इस घटना के बाद नाराज मृतक के परिजनों ने चक्का भी जाम किया था. इस घटना के दो दिन बाद शनिवार को मेन आरोपी लहसड़ी निवासी अभिषेक निषाद को अरेस्ट कर इस घटना का खुलासा कर दिया.

### पकड़े गए युवक को पीटकर मारने वाले

केस 03

इसी तरह तिवारीपुर में एक युवक भोला प्रसाद की सोमवार 24 अक्टूबर को हत्या कर दी गई. किसी बात को लेकर युवक से कहा सुनी हुई, इसके बाद आरोपियों ने उसे पीट-पीटकर मार डाला. इस मामले में नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने कुछ ही घंटो में अरेस्ट कर मामले का खुलासा कर दिया.

### बच्ची को पटककर मारने वाला अरेस्ट

केस 02

इसी तरह बुधवार को गोरखनाथ एरिया में एक महिला के प्रेमी ने 1 साल की मासूम बच्ची की पटककर हत्या कर दी. इस घटना की तहरीर मिलने के कुछ ही घंटो बाद गोरखनाथ पुलिस ने महिला के प्रेमी जैकी गुप्ता को खोज निकाला. जैकी ने पुलिस को बताया कि बच्ची-बच्ची बार-बार रोती थी, इसलिए उसने झल्लाकर उसे मार डाला.

### हत्या के बाद पकड़े गए सभी आरोपी

केस 04

शाहपुर में 6 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रिटायर्ड दरोगा के बेटे विकास तिवारी की हत्या कर दी गई. इस मामले में पिता के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ. इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई. सभी आरोपियों को पुलिस अरेस्ट करने में सफल रही है.

### घर पर बुलडोजर देख थाने पहुंचा गैंगरेप का आरोपी

केस 05

इसी तरह 27 जून को कुसम्ही जंगल में क्लास 9 वीं की छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना हुई. इस घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए. पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए नायाब तरीका खोजा और मेन आरोपी के घर बुलडोजर लेकर पहुंच गई. इस बात की जानकारी मिलते ही डरा सहमा गैंगरेप के आरोपी ने तत्काल थाने में जाकर सरेंडर कर दिया.

### घटना के बाद तत्काल एक्टिव

हाल फिलहाल में जितनी भी घटनाएं हुई हैं, उसमें देखा गया है कि घटना के बाद पुलिस तत्काल आरोपियों का नाम आते ही, उनकी तलाश में जुट जा रही है. वही पुलिस का मुखबिर तंत्र भी इस समय सही दिशा में काम कर रहा है, जिससे घटना का खुलासा और आरोपियों की धड़पकड़ आसानी से हो जा रही है.



**" शहर में कहीं भी घटना ना हो इसके लिए थाना स्तर पर अपराधियों की निगरानी चलती है. कहीं भी घटनाएं घटती हैं तो पुलिस के लिए ये बहुत ही जरूरी होता है कि जल्द उस घटना का खुलासा कर अभियुक्तों को सबके सामने पेश करे. ऐसा करने से पब्लिक का विश्वास कानून पर बना रहता है और अपराधी भी गलत करते हुए डरते हैं.**

**कृष्ण कुमार बिश्नोई,**
एसपी सिटी

# घायल छात्रा के मामले में ट्रक चालक पर केस

**कार्रवाई**

**16 को पिता के साथ पीईटी देने जा रही थी छात्रा**

- **निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है छात्रा**

**सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वाइंट पर 16 अक्तूबर को पिता के साथ पीईटी देने जा रही छात्रा श्वेता शेखर को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया था। हादसे में घायल छात्रा का एक पैर काटना पड़ा। फिलहाल श्वेता निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। इस मामले में पिता की तहरीर पर गीडा पुलिस ने शनिवार को अज्ञात सीएनजी ट्रक चालक पर केस दर्ज किया है।

शाहपुर थानाक्षेत्र स्थित बिछिया रेलवे कॉलोनी निवासी रेलकर्मी राजेंद्र प्रसाद सैलानी की होनहार बेटी श्वेता पिता के साथ बाइक से टांडा (अंबेडकरनगर) पीईटी देने 16 अक्तूबर को जा रही थी। कालेसर जीरो प्वाइंट पर एक तेज रफ्तार गैस लदी सीएनजी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में श्वेता का पैर ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। गोरखपुर के एक अस्पताल में श्वेता का एक पैर काटना पड़ा। अब पिता की तहरीर पर गीडा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर धारा 279, 337, 338 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सिपाही की वर्दी फाड़ने वालों को जेल

**चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद।** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के डुमरी खास में गुरुवार की शाम मूर्ति विसर्जन कराने गए चौरीचौरा के एक सिपाही के साथ डुमरी खास गांव के युवकों ने बदसलूकी कर दी। सिपाही राहुल यादव की वर्दी फाड़ दी। इस मामले में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। सिपाही ने इस मामले में एक नामजद और पांच-छह युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

चौरीचौरा थाने पर तैनात कांस्टेबल राहुल यादव और मनोज यादव डुमरी खास के बंधू सिंह स्मारक के पास मूर्ति विसर्जन में ड्यूटी पर थे। आरोप है कि आधा दर्जन युवक तेज गति से गाड़ी चला रहे थे। उनकी हरकत से अन्य लोग भयभीत थे। सिपाहियों ने युवकों को ऐसा करने से मना किया। सभी युवक सिपाहियों से भिड़ गए युवकों ने कांस्टेबल राहुल की वर्दी को फाड़ दी और बैज नोच लिया। सिपाहियों ने जब फोर्स मंगाने की बात की तो युवक वहां से भागने लगे। भागते समय सिपाहियों ने एक युवक की गाड़ी पीछे से खींच ली, वे गाड़ी वहीं छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को सीज कर दिया। पूरी घटना की वीडियो फुटेज भी मिला। कांस्टेबल राहुल यादव की तहरीर पर चौरीचौरा थाने में आरोपी युवक डुमरी खास निवासी अनिल मौर्या और अन्य पांच-छह आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। जिसमे पुलिस ने अनिल मौर्या और अजीत मौर्या को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान मारपीट में चार पर मुकदमा

**भरोहिया।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई मारपीट में तारा देवी पत्नी स्व.लाल बहादुर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 26 अक्तूबर की शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें तारा देवी पत्नी स्व.लाल बहादुर सिंह की तहरीर पर गांव के मनीष शर्मा, महेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा व ज्ञानेंद्र शर्मा के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# शाहपुर पुलिस ने लुटेरों को रिमांड पर ले चेन बरामद की

- शाहपुर के राप्तीनगर और एचएन सिंह के पास हुई थी चेन लूट
- जेल में बंद लुटेरों को रिमांड पर लेकर पुलिस ने की बरामदगी

पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।शहर में चेन लूट की वारदात करने वाले दो शातिर लुटेरों को शाहपुर पुलिस ने गोरखपुर और महराजगंज जेल से कस्टडी रिमांड पर लेकर उनकी निशानदेही पर लूट की चेन और नकदी बरामद कर ली है। दोनों बदमाशों ने शाहपुर थानाक्षेत्र के राप्तीनगर फेज एक और एचएन सिंह चौराहे से दो महिलाओं से चेन से लूटी थी। शिकारपुर में सागौन के बागीचे से लुटेरों ने चेन और नकदी बरामद कराई।

शाहपुर इंस्पेक्टर रणधीर मिश्र ने बताया कि दो बदमाशों पर चेन लूट का केस दर्ज किया गया था। बदमाशों ने राप्तीनगर फेज एक से एक महिला से तथा उसके बाद एचएन सिंह चौराहे से एक अन्य महिला की चेन लूटी थी। विवेचना के दौरान कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के मंडार बिंदवलिया निवासी मनीष यादव और महराजगंज जिले के घुघली थाना क्षेत्र के हरकपुरा टोला सोनबरसा निवासी राहुल पाण्डेय उर्फ मयंक का नाम प्रकाश में आया था। मनीष लूट के मामले में गोरखपुर जेल में और राहुल महराजगंज जेल में बंद था। शाहपुर थानाक्षेत्र में हुई दोनों लूट के मामले में पुलिस ने कोर्ट से 12 घंटे का कस्टडी रिमांड लिया था। मनीष और राहुल की निशानदेही पर पुलिस ने शिकारपुर में सागौन के बगीचे से एक चेन बरामद की। बताया जा रहा है कि यह चेन एचएन सिंह चौराहे लूटी थी, राप्तीनगर फेज एक में महिला से लूटी चेन को बदमाशों ने बेच दी थी।

# गलत ढंग से पैसा जमा कराने में ठगी का केस

चौरीचौरा। क्षेत्र के पोखरभिंडा की एक महिला ने बाल बुजुर्ग गांव के एक व्यक्ति पर फर्जी तौर पर किसी कंपनी में पैसा जमा कराकर ठगी करने का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने बाल बुजुर्ग निवासी योगेश के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पोखरभिंडा निवासिनी लाखी देवी ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि बाल बुजुर्ग गांव निवासी योगेश ने फर्जी तौर पर कंपनी में रुपये जमा कराकर उसके साथ ठगी की है।

# किशोरी को भगाने का आरोप, अपहरण का केस

चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीया किशोरी का अपहरण का मामला सामने आया है। किशोरी के भाई ने गांव के युवक पर बहन का अपहरण कर हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए थाने में तहरीर दी। भाई ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन शुक्रवार की शाम को पेन खरीदने गांव के चौराहे पर गई थी। लेकिन घर वापस नहीं लौटी।

# मारपीट में आठ के खिलाफ मुकदमा

चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के सरैया के मरचहवा टोला में शुक्रवार की देर शाम को लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर चार-चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरवन गुप्ता की तहरीर पर उमेश प्रजापति, दिनेश प्रजापति, पुन्नीलाल, रजनीश के खिलाफ व उमेश प्रजापति की तहरीर पर सरवन गुप्ता, अमित गुप्ता, विनीत गुप्ता, रुपाली के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

गंदी बातें लिखकर छात्रा के घर में फेंक देते थे कागज, पांचों आरोपित गिरफ्तार किए गए

# अश्लील फोटो बनाकर लिखते थे छात्रा का नाम




गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गुलरिहा इलाके के एक गांव में कागज पर छात्रा की अश्लील तस्वीर बनाकर उस पर गंदी बातें लिखकर घर में फेंकने के मामले में आरोपित पांच युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पांचों युवकों के खिलाफ छात्रा ने गुलरिहा थाने में शिकायत की थी।गुलरिहा की रहने वाली युवती ग्रेजुएशन की छात्रा है।

आरोप है कि ठीक बगल वाले घर में रहने वाले कुछ मनबढ़ युवक युवती के टीन शेड पर पत्थर और ईंट के साथ अश्लील शब्द लिखे कागज फेंकते थे। कागज पर युवती का नाम लिखकर अश्लील चित्र भी बनाते थे। युवती का आरोप है, युवक यह सब उसके परिवार को बदनाम करने के लिए कर रहे थे। पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत डायल 112 के साथ तीन बार थाने पर भी की थी। शनिवार की सुबह भी युवती के पिता और भाई गुलरिहा थाने पहुंचे और घर पर फेंके गए ईंट-पत्थर और कागज भी पुलिस को दिखाया था। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रविवार सुबह आफताब, अरबाज, अरमान, मेराज तथा रियाज नामक युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर पांचों को गिरफ्तार कर लिया।



**05** पड़ोसी युवकों के खिलाफ छात्रा ने की थी शिकायत, सभी जेल भेजे गए

- गुलरिहा की रहने वाली युवती ग्रेजुएशन में कर रही पढ़ाई
- पीड़ित परिवार ने तीन बार की थी थाने पर शिकायत

## अश्लील हरकत करने वाले ने मांगी माफी

हरपुर बुदहट। थाना क्षेत्र के एक गांव में लक्ष्मी प्रतिमा देखने जा रही किशोरी से अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पीड़िता के परिजनों ने माफी मांगने पर माफ कर दिया। उन्होंने अपनी तहरीर वापस ले ली। थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार को गांव में लक्ष्मी पूजा देखने जा रही किशोरी को रोककर गांव का ही एक युवक अश्लील हरकत करने लगा, किशोरी ने इसकी सूचना अपनी मां को दी, महिला ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी, शनिवार को चली दिन भर पंचायत में आरोपी के परिजनों के माफी मांगने पर किशोरी की मां और भाई ने आरोपी युवक को माफ कर दिया।

**26** अक्तूबर की रात गीडा में हुई थी वारदात

- एससी-एसटी एक्ट, बलवा, मारपीट और छेड़खानी का केस दर्ज हुआ

## युवती से छेड़खानी में 11 पर मुकदमा

सहजनवा। गीडा इलाके के एक गांव में एक अनुसूचित जाति की युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती अपने घर में सो रही थी, इस बीच मौका देख दो युवक उसके घर में घुस गए और अश्लील हरकत करने लगे। बदमाशों ने युवती का मुंह दबा दिया, ताकि वह शोर न मचा सके।

मनबढ़ों ने उसके कपड़े भी फाड़ दिए। जब युवती ने शोर मचाया तो आरोपियों ने उसके पिता और बेटे की जमकर पिटाई भी की। थोड़ी देर बाद आरोपियों ने अपने और साथियों को बुला लिया। करीब आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे मनबढ़ों ने पूरे परिवार को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना 26 अक्तूबर रात की है। इलाज कराने के बाद युवती परिवार संग रविवार को गीडा थाने पहुंची। पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट, बलवा, मारपीट और छेड़खानी का केस दर्ज किया है।

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार, भेजा जेल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : कोतवाली व पिपराइच थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में रविवार को तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी का माल भी बरामद किया है। इसके बाद उन्हें न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्य ने चोरी के आरोपित स्थानीय थाना के छोटेकाजीपुर तुरहा टोला निवासी राहुल शाह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एचडीएफसी बैंक की चेकबुक, एक डेबिट कार्ट, कोटक महिन्द्रा बैंक डेबिट कार्ट बरामद किया गया है। आरोपित को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया। इसी क्रम में एसपी उत्तरी मनोज अवस्थी ने बताया कि पिपराइच थाना पुलिस ने चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से चोरी के रुपये भी बरामद हुए हैं। उनकी पहचान स्थानीय थाना के बड़ी रेतवहिया निवासी सुनील चौहान और जंगल सुभान के अली खोड़ाहवा टोला निवासी परशुराम उर्फ बड़क के रूप में हुई। दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

## घर पर ईंट व चिट्ठी फेंकने वाले पांच युवक दबोचे गए

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : युवती के घर पर ईंट व चिट्ठी फेंकने वाले पांच आरोपितों को गुलरिहा थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पिता व भाई के साथ शनिवार को थाने पहुंची पीड़ित ने थानेदार को आपबीती सुनायी थी।

युवती के घर पर एक माह से पड़ोस में रहने वाले युवक ईंट व चिट्ठी फेंक रहे थे। चिट्ठी में युवती के बारे में आपत्तिजनक बातें लिखी होती थीं। इस बात को पूरे गांव में बताया भी जाता था। लगातार हो रही घटना की शिकायत पीड़ित परिवार ने डायल 112 पर भी दी, लेकिन आरोपित नहीं माने। शनिवार को पिता व भाई के साथ थाने पहुंची युवती ने थानेदार को बताया कि मेरे बारे में अश्लील बातें लिखकर परिवर को बदनाम किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक थाना गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि युवती के घर ईंट व चिट्ठी फेंकने वाले आफताब, अरबाज, अरमान, मेराज व सिराज को रविवार की सुबह गिरफ्तार किया गया।

# हत्या के प्रयास के चार आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : हरपुर बुदहट थाना पुलिस ने रविवार को फरार चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके ऊपर मारपीट व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए सभी को जेल भेज दिया है।

एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों की पहचान हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम गोरेडीह निवासी परसनाथ यादव, मनीष सिंह, आनंद यादव व रामशरण यादव के रूप में हुई है। एसपी दक्षिणी ने बताया कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर सीओ खजनी के नेतृत्व में दारोगा कादिर, दारोगा प्रवीन कुमार कश्यप ने अपने हमराही सिपाहियों के साथ आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के ऊपर मारपीट और हत्या के प्रयास के मुकदमे स्थानीय थाने में दर्ज हैं।

# छठ घाटों पर रही अफसरों की नजर

## जिलाधिकारी, एसएसपी व नगर आयुक्त ने किया पूजा स्थलों का निरीक्षण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : छठ पर्व सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारी पूरे दिन मुस्तैद रहे। राप्ती नदी के गुरु गोरक्षनाथ घाट, श्रीराम घाट, गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित भीम सरोवर, सूरजकुंड धाम पर बने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखा। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी गौरव ग्रोवर, नगर आयुक्त अविनाश सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पूजा स्थलों का निरीक्षण किया।

अपेक्षा के अनुरूप राप्ती नदी के गुरु गोरक्षनाथ एवं श्रीराम घाट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। अपराह्न दो बजे से ही लोग घाट पर पहुंचने लगे थे। वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था थी। पूजा स्थल तक पहुंचने के लिए रास्ते को फूलों से सजाया गया था। घाट पर साफ-सफाई का असर भी नजर आया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से भी बात की और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।



राप्ती नदी के राजघाट पर छठ पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ● जागरण

छठ घाट के पास मोबाइल शौचालय एवं पीने के पानी की व्यवस्था थी। नदी में बैरिकेडिंग से श्रद्धालुओं को दूर रहने का संदेश दिया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित भीम सरोवर पर बतौर मजिस्ट्रेट सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डोमिनगढ़ घाट, रोहिन नदी का महेसरा, मलौनी बांध किनारे सेंदुली बेंदुली में भी अधिकारियों की टीम पहुंची। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने अपनी टीम के साथ स्टीमर से राप्ती नदी के घाटों का निरीक्षण किया। विभिन्न वार्डों में छठ पूजा के लिए कृत्रिम पोखरे भी बनाए गए थे।

**अपील के बावजूद हुई आतिशबाजी**

प्रशासन की ओर से छठ घाट एवं पूजा स्थल के पास आतिशबाजी न करने की अपील की गई थी, लेकिन कई लोगों ने इस अपील पर ध्यान नहीं दिया। छठ घाटों पर किनारे की तरफ आतिशबाजी की गई। शाम चार बजे से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आतिशबाजी देखी गई।

### पानी में उपस्थित रहकर रखी सुरक्षा पर नजर

गोरखपुर : आपदा प्रबंधन कार्यालय की ओर से भी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। एनडीआरएफ की पहली इकाई ने हनुमानगढ़ी, राजघाट, डोमिनबढ़, तकिया घाट आदि क्षेत्रों में जबकि दूसरी इकाई ने रामगढ़ताल से आच्छादित क्षेत्रों में सुरक्षा पर नजर रखी। इसके साथ ही एसडीआरएफ की तीन इकाईयों ने रामघाट एकला बांध, मानसरोवर तथा सूर्यकुंड धाम में अर्घ्य के समय सक्रियता बनाए रखी। सरयू नदी से आच्छादित क्षेत्रों में 20वीं वाहिनी पीएसी डी दल को तैनात किया गया है। आपदा कार्यालय द्वारा प्रशिक्षित 190 आपदा मित्र व आपदा सखियों को भी विभिन्न घाटों पर तैनात किया गया है। आपदा मित्र व आपदा सखी श्रद्धालुओं को सावधानी बरतने के लिए जागरूक करते रहे।

# ठेला चुराने का आरोपित पकड़ा गया

जासं . गोरखपुर : रामगढ़ताल थाना पुलिस ने ठेला चुराने वाले युवक को रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान कांशीराम आवास निवासी हीरालाल साहनी के रूप में हुई।

# शातिर लुटेरों की निशानदेही पर लूटी गई चेन बरामद

पादरी बाजार : शाहपुर थाना पुलिस ने रिमांड पर लिए गए आरोपितों की निशानदेही पर महराजगंज के शिकारपुर में सागौन के बगीचे से चेन व रुपये बरामद कर लिए हैं। आरोपितों ने एचएन सिंह चौराहे से एक महिला की चेन और राप्ती नगर फेज एक से एक महिला से नकदी लूटी थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कुशीनगर जिले के ग्राम मंडार बिंदवलिया निवासी मनीष यादव और महराजगंज के ग्राम हरकपुरा टोला सोनबरसा निवासी राहुल पांडेय को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करते हुए रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में आरोपितों ने अपना जुर्म कुबूल कर लूटी हुई चेन व रुपये बरामद कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि रिमांड पर लिए गए शातिर लुटेरों के खिलाफ महराजगंज व गोरखपुर के विभिन्न थानों में लूट, आर्म्स एक्ट, मारपीट व धमकी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। (जासं)

# सरकारी जमीन से हटाया गया अवैध कब्जा

**कैंपियरगंज** : उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित व तहसीलदार राकेश कन्नौजिया के निर्देश पर ग्राम लक्ष्मीपुर में अवैध कब्जा करने वाले ग्रामवासी शंभू सहानी, सुग्रीव सहानी, रामवृक्ष सहानी के खिलाफ लेखपाल गिरजादत्त पाण्डेय की तहरीर पर कैंपियरगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लेखपाल ने तहरीर में लिखा है कि एक सितम्बर को सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को पुलिस बल की मौजूदगी में खाली कराया गया था। आरोपित दोबारा निर्माण करा रहे थे। (जासं)

# एसएसपी के निर्देश पर धोखाधड़ी का मुकदमा

मुंडेरा बाजार : चौरीचौरा थाना पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर ग्राम बाल बुजुर्ग के योगेश पर फर्जी तरीके से एक कंपनी में पैसा जमा कराकर ठगी करने के मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरभिंडा की एक महिला ने एसएसपी से मिलकर युवक पर फर्जी बांड देने और जमा किया हुआ पैसा वापस मांगे जाने पर धमकी देने की शिकायत की थी। (जासं)

# मारपीट के आरोपित जवान समेत दो को पुलिस ने भेजा जेल

**जासं. मुंडेरा बाजार :** सिपाही से मारपीट करने के बाद वर्दी फाड़ने वाले असम रायफल्स के जवान समेत दो आरोपितों को चौरी चौरा थाना पुलिस ने रविवार दोपहर को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा जयंत सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात को मूर्ति विसर्जन कराने गए थाने के सिपाही राहुल यादव से डुमरी खास गांव में स्टंट कर रहे बाइक सवार युवकों ने विवाद कर लिया। हटाने की कोशिश पर मारपीट कर ली, जिसमें वर्दी फट गई। थाने से फोर्स पहुंचने पर आरोपित भाग गए, उनकी एक बाइक को सिपाही ने पकड़ लिया। इस मामले में घायल सिपाही ने एक नामजद समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। नामजद आरोपित असम राइफल्स के जवान अनिल मौर्य व घटना में शामिल गांव के अजीत मौर्य को रविवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना जुर्म स्वीकार किया।

# मनबढ़ों ने दो सगे भाइयों को गांव में दौड़ा कर पीटा, चार गिरफ्तार

## हरपुर बुदहट के गोरहडीह में लक्ष्मी पूजा के दिन हुआ था विवाद

- एक युवक की हालत गंभीर, कई हड्डियां टूटीं
- दुकान जाते समय दोनों भाइयों पर हुआ था हमला

**जासं, हरपुर बुदहट** : ग्राम पंचायत गोरहडीह में रविवार की सुबह पुरानी रंजिश में मनबढ़ों ने दो सगे भाइयों को लाठी-डंडा और पंच से दौड़ा कर पीटा। इससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। आरोपितों को पुलिस पकड़कर थाने ले लाई। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सीओ खजनी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

गांव के पारस यादव और विनय मद्देशिया में लक्ष्मी पूजा के दिन कहासुनी हुई थी। ग्रामीणों ने मामला शांत करा दिया था। रविवार की सुबह उस विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। विनय मद्देशिया भाई संजीत कुमार के साथ सुबह नौ बजे कटसहरा दुकान पर जा रहे थे।

इसी दौरान पारस यादव और उनके लड़को ने दोनों भाइयों को घेरकर लाठी-डंडा और पंच से पीटना शुरू कर दिया। दोनों भाई जान बचाकर भागने लगे, तो मनबढ़ों ने गांव में दौड़ा कर पीटा।

किसी ने डायल 112 और हरपुर बुदहट पुलिस को घटना की सूचना दे दी। हरपुर बुदहट थाना प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने चारों आरोपितों को दबोच लिया। घायल संजीत की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनके शरीर की कई हड्डियां टूट गई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया की पीड़ित विनय मद्देशिया की तहरीर पर चारों आरोपितों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मुंडेरा बाजार** : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया के मरचहवा टोला में शुक्रवार की देर शाम लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर चार-चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक पक्ष से सरवन गुप्ता की तहरीर पर उमेश प्रजापति, दिनेश प्रजापति, पुन्नीलाल व रजनीश के विरुद्ध और दूसरे पक्ष से उमेश प्रजापति की तहरीर पर सरवन गुप्ता, अमित गुप्ता, विनीत गुप्ता व रूपाली के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# युवती के घर ईंट फेंकने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

गुलरिहा। इलाके के एक गांव में युवती के घर ईंट-पत्थर व अश्लील शब्द कागज पर लिखकर फेंकने के मामले में पुलिस ने रविवार को केस दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। युवती परिवार के साथ शनिवार को थाने पहुंचकर शिकायत की थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आफताब, अरबाज, अरमान, मेराज व सिराज के रूप में हुई है।

युवती के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि पड़ोसी रोजाना उनके घर पर ईंट-पत्थर फेंक देते हैं। कई बार कागज पर अश्लील शब्द व फोटो बनाकर भेजते हैं। वह लड़की को बदनाम करने की धमकी देते हैं। पीड़ित युवती परिवार के साथ ईंट-पत्थर व कागज झोले में लेकर थाने पहुंची थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# बदमाशों को लिया रिमांड पर, लूटी गई चेन बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने रविवार को दो बदमाशों को रिमांड पर लेकर लूट की सोने की चेन व रुपये बरामद कर लिए। पुलिस ने एक बदमाश को गोरखपुर और दूसरे को महराजगंज जेल से कस्टडी रिमांड लिया था।

दोनों बदमाशों ने शाहपुर के राप्तीनगर फेज एक से महिला तथा एचएन सिंह से दूसरी महिला से चेन लूटी थी। एचएन सिंह से लूटी गई चेन को शिकारपुर में सागौन के बागीचे से लुटेरों ने बरामद कराया। जबकि राप्तीनगर से लूटी गई चेन में पुलिस ने रुपये बरामद किया है। लूट के बाद पकड़े जाने से पहले उन्हें यहां छिपा दिया था।

शाहपुर थाना प्रभारी रणधीर मिश्र ने बताया कि दो बदमाशों पर चेन लूट का केस दर्ज हुआ था। बदमाशों ने राप्तीनगर फेज एक से एक महिला से

## शाहपुर इलाके के राप्तीनगर व एचएन सिंह चौराहे पर हुई थी लूट

चेन लूटी थी। इसके बाद एचएन सिंह चौराहे से एक अन्य महिला की चेन लूटी थी। विवेचना के दौरान कुशीनगर जिले के नेंबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मंडार बिंदवलिया निवासी मनीष यादव और महराजगंज जिले के घुघली थाना क्षेत्र के हरकपुरा टोला सोनबरसा निवासी राहुल पांडेय उर्फ मयंक पांडेय का नाम सामने आया।

दोनों चेन लूट के मामले में अलग-अलग जेल में बंद थे। मनीष गोरखपुर जेल में बंद था, वहीं राहुल महराजगंज जेल में था। शाहपुर इलाके में हुई दोनों लूट के मामले में पुलिस ने कोर्ट से 12 घंटे का कस्टडी रिमांड लिया था। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बरामदगी की।

# दुष्कर्म के आरोपी की मदद में दरोगा की होगी जांच

अमर उजाला ब्यूरो

## आरोपी व दरोगा का ऑडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने किया है निलंबित

गोरखपुर। दुष्कर्म पीड़ित महिला की मदद की जगह आरोपी को बचाने के लिए दो गवाह मांगने के आरोपी दरोगा संतोष यादव के खिलाफ विभागीय जांच भी होगी। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने ऑडियो सुनने के बाद दरोगा को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया है। जांच सीओ कैंट को सौंपी गई है। खबर है कि पुलिस ऑडियो की भी प्रयोगशाला में जांच कराएगी कि वह सही या नहीं।

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर निवासी महिला गोरखपुर में किराये के मकान में रहती है। पति बाहर रहता है। आरोप है कि पड़ोसी ने बुढ़िया माई मंदिर से लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी पर बैठा लिया और फिर रास्ते में अपने साले के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। पहले तो महिला ने केस दर्ज नहीं किया, लेकिन बाद में वह थाने आई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इसी बीच विवेचक दरोगा संतोष यादव का एक ऑडियो आरोपी से बातचीत का सामने आ गया। पीड़िता खुद ऑडियो लेकर एसएसपी के पास पहुंची और सुनाया।

ऑडियो सुनने के बाद एसएसपी ने शनिवार को दरोगा संतोष यादव को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दे दिया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि दरोगा को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान सिपाही की वर्दी फाड़ने के दो आरोपी गिरफ्तार

चौरीचौरा (गोरखपुर)। इलाके के डुमरी खास में बृहस्पतिवार देर शाम मूर्ति विसर्जन कराने गए सिपाही से हाथापाई व वर्दी फाड़ने के दो आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी असम रायफल में तैनात अनिल मौर्या और उसके साथी अजीत मौर्या को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पूरा विवाद गाड़ी तेज चलाने पर टोकने पर हुआ था। पकड़े गए आरोपी अनिल मौर्या व अजीत मौर्या डुमरीखास के निवासी हैं।

जानकारी के मुताबिक, चौरीचौरा थाना पर तैनात सिपाही राहुल यादव और मनोज यादव डुमरी खास के बंधू सिंह स्मारक के पास मूर्ति विसर्जन कराने में लगे थे। तभी पांच से छह की संख्या में युवक पहुंचे। सभी तेज गति से गाड़ी चला रहे थे। जिससे आने जाने वाले लोग डर और सहम जा रहे थे। दोनों सिपाहियों ने युवकों को ऐसा करने से मना किया तो सभी युवक सिपाहियों से उलझ गए। आरोप है कि सिपाहियों के साथ बदसलूकी करते हुए गाली-गलौज करने लगे। युवकों ने सिपाही राहुल की वर्दी को फाड़ दी और उनका बैज नोंच लिया। पुलिस ने एक नामजद समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया था। दो की पहचान करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

# सिख विरोधी दंगे में श्रीप्रकाश शुक्ला का रिश्तेदार गिरफ्तार

## एसआईटी ने आरोपी को गोरखपुर से दबोचा

अमर उजाला ब्यूरो

**कानपुर।** सिख विरोधी दंगों की जांच कर रही एसआईटी ने शनिवार रात पूर्वांचल के डॉन श्रीप्रकाश शुक्ला के रिश्तेदार घनश्याम शुक्ला को गोरखपुर से गिरफ्तार किया।

रविवार दोपहर उसे कानपुर कोर्ट में पेश किया, जहां से वह 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। आरोपी पर दो हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। इन दोनों हत्याकांड में पांच सिखों का कत्ल किया गया था।

31 अक्तूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी। विरोध में दंगे भड़क गए थे। शहर में 127 सिखों की हत्या की गई थी। हत्याकांड के केसों की जांच के लिए शासन ने एसआईटी गठित की थी।

एसआईटी के डीआईजी बालेंदु भूषण सिंह ने बताया कि दादा नगर इलाके की एक घटना में सरदार भगत सिंह व दूसरी घटना में जोगेंद्र सिंह, शीला रानी, दलजीत सिंह व सतनाम सिंह की दंगाइयों ने हत्या की थी। विवेचना के दौरान मामखोर, बडहलगंज गोरखपुर निवासी घनश्याम शुक्ला उर्फ प्रेमू (66) का नाम सामने आया। उसके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य व गवाह हैं। इसी आधार पर उसकी गिरफ्तारी की गई है।

दंगों में पूर्व मंत्री के भतीजे राघवेंद्र सिंह कुशवाहा का नाम सामने आया था। एसआईटी ने उसको आरोपी बनाया है। हैरानी की बात है कि अब तक एसआईटी उसको पकड़ नहीं सकी है।

### एसआईटी अब तक 41 आरोपियों को भेज चुकी है जेल, अब अभी भी फरार

### कांग्रेसी नेता का है भाई

**एसआईटी** के विवेचक सूर्य प्रताप ने बताया कि शहर निवासी मार्कंडेय शुक्ला कांग्रेस पार्टी से राजनीति करते थे। घनश्याम उनका भाई है। ये पूर्वांचल के डॉन रहे श्रीप्रकाश शुक्ला का रिश्तेदार है। श्रीप्रकाश को करीब दो दशक पहले एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया था।

## मारपीट में आठ के खिलाफ केस दर्ज

**चौरीचौरा।** ग्राम पंचायत सरैया के मरचहवा टोला में शुक्रवार देर शाम दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में मारपीट हुई थी। सरवन गुप्ता की तहरीर पर उमेश प्रजापति, दिनेश प्रजापति, पुन्नीलाल, रजनीश के खिलाफ व उमेश प्रजापति की तहरीर पर सरवन गुप्ता, अमित गुप्ता, विनीत गुप्ता, रुपाली के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ब्यूरो

## मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

**उरुवा।** बासदेवपुर निवासी अबुल हसन ने मारपीट का केस दर्ज कराया है। थाने में दी तहरीर में लिखे हैं कि 29 अक्तूबर को बासदेवपुर में मकान बनवा रहे थे। करीब 10 बजे ग्राम रौजा दरगाह निवासी हसीब व उनका बेटा रईस व पांच अन्य लोगों ने आकर मारपीट की और दीवार तोड़ दी। ब्यूरो

## थाने से पटाखा छोड़ने की होगी जांच

**गोरखपुर।** जिले के एक थाने से पटाखा छोड़ने की जांच होगी। दरअसल, पुलिस से बातचीत का एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें पुलिस एक अधिकारी के आदेश पर छोड़ने की बात कह रही है। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी ने जांच शुरू कराई है। ब्यूरो

# चोरी के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी के आरोप में चार युवकों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पिपराइच पुलिस ने चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। थानेदार सूरज सिंह ने बताया कि पिपराइच के रेतवहिया निवासी सुनील चौहान के पास से चोरी के पंद्रह सौ रुपये नकद और जंगल सुभान अली निवासी परशुराम के पास से 12 सौ रुपये नकद बरामद किए गए है। अलग-अलग घटनाओं में दोनों शामिल थे। कोतवाली पुलिस ने चोरी के आरोप में छोटेकाजीपुर निवासी राहुल शाह को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चोरी के डेबिट कार्ड, सामान बरामद किए गए। रामगढ़ताल पुलिस ने चोरी के ठेले के साथ काशीराम आवास निवासी हिरालाल को गिरफ्तार किया। ब्यूरो

# फर्जी तरीके से रुपये जमा कराने पर केस दर्ज

चौरीचौरा। क्षेत्र के पोखरभिंडा की एक महिला ने बाल बुजुर्ग के एक व्यक्ति पर फर्जी तौर पर किसी कंपनी में पैसा जमा कराकर ठगी करने का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी योगेश के खिलाफ जालसाजी व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। पोखरभिंडा निवासी लाखी देवी ने अपनी तहरीर में लिखा है कि बाल बुजुर्ग निवासी योगेश ने फर्जी तौर पर कंपनी में पैसा जमा कराकर उनके ठगी की है। योगेश ने 14 जनवरी 2015 में लोटस लाइव डीमाल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड चौरीचौरा में 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से पैसा जमा कराया था। 2018 उनका खाता पूरा हो गया। योगेश द्वारा फर्जी बांड पेपर दिया गया। उस बांड का समय पूरा हो गया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# पीड़ित भुगत रहे खामियाजा, लाभ उठा रहे अपराधी

## मरीजों ही नहीं, मारपीट के घायलों के घावों पर भी मरहम नहीं लगा पा रहा जिला अस्पताल, आरोपियों को मिल रहा फायदा, बौना साबित हो रहा कानून

शिवम सिंह

गोरखपुर। जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन खराब होने का खामियाजा मारपीट में गंभीर घायल होने वालों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं, इसका फायदा उन लोगों को मिल रहा है जो मारपीट में जानलेवा हमले के आरोपी हो सकते हैं और जमानत से वंचित हो सकते हैं।

घायल के सिर की सीटी स्कैन नहीं हो पाने की वजह से पुलिस आरोपी पर शांतिभंग की धारा लगाती है और वह जमानत पर छूट जाता है। जबकि पीड़ित मेडिकल रिपोर्ट के लिए अस्पताल का चक्कर काटता रह जाता है। एक तरह से इससे अपराध को भी बढ़ावा मिल रहा है।

बताया जा रहा है कि 10 सितंबर से (50 दिनों से अधिक) जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन खराब है। इस वजह से आम मरीजों को तो दिक्कत हो ही रही है, पुलिस को भी केस दर्ज करने में परेशानी हो रही है। वहीं, मारपीट के पीड़ितों के सिर का सीटी स्कैन नहीं होने से उनका केस कमजोर पड़ जा रहा है, जिसका लाभ आरोपी उठा रहे हैं।

इस तरह स्वास्थ्य विभाग न केवल मरीजों का दर्द बढ़ा रहा है बल्कि मारपीट के पीड़ितों के घावों पर भी मरहम नहीं लगा पा रहा है। इसका फायदा उन आरोपियों को मिल रहा है जो गंभीर केस में जेल में हो सकते हैं।

### सीटी स्कैन मशीन खराब होने से नहीं हो पा रही मारपीट में सिर में लगी चोट की जांच

**गौरतलब**

- जिला अस्पताल में निशुल्क
- मेडिकल कॉलेज में 800 रुपये
- प्राइवेट पैथोलॉजी में 1700 से 3500 रुपये तक
- रोजाना मेडिकल लीगल के लौटते हैं 15-16 मामले
- आम मरीजों की संख्या भी करीब 10 से 15 होती है

दरअसल, मेडिकोलीगल के मामलों में सरकारी जांच रिपोर्ट ही मान्य होती है। इस वजह से मंडल के सभी जिले गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज से मारपीट के केस में जांच कराने के लिए लोग गोरखपुर जिला अस्पताल आते हैं। लेकिन सीटी स्कैन मशीन खराब होने की वजह से किसी की भी जांच नहीं हो पा रही है।

दूसरी ओर, पुलिस मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेती है और दर्ज केस में मामूली धारा में चालान कर देती है। इससे आरोपी तुरंत जमानत पर बाहर आ जाता है और दोबारा से पीड़ित को परेशान करता है।

इस तरह जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन खराब होने से कानून के हाथ भी छोटे साबित हो रहे हैं।



जिला अस्पताल में मशीन खराब होने से बंद पड़ा सीटी स्कैन विभाग। संवाद

**केस 1**

महराजगंज जिले के परसामलिक थाना क्षेत्र के एक कस्बा निवासी संतोष अग्रहरि से दिवाली के दिन मारपीट हुई थी। आरोप है कि उनके सिर में लोहे के पंच से हमला किया गया। पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज कर मेडिकल के लिए भेज दिया। दो बार जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराने आ चुके हैं, लेकिन मशीन खराब होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। पुलिस गंभीर धारा के लिए मेडिकल रिपोर्ट मांग रही है, तो पीड़ित जिला अस्पताल के चक्कर काट रहा है। उधर, आरोपी शांतिभंग में चालान होने के बाद छूट गए हैं और दोबारा सुलह करने की धमकी दे रहे हैं।

**केस 2**

खजनी थाना क्षेत्र के उनवल के संग्रामपुर निवासी सुमित्रा देवी 15 सितंबर को मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। डॉक्टरों ने सीटी स्कैन की सलाह दी थी, लेकिन उनका सिटी स्कैन नहीं हो सका है। पुलिस ने मारपीट का केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन आज तक गंभीर धारा नहीं लग पाई। सुमित्रा बताती हैं कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए मेडिकल रिपोर्ट मांगती है। जांच हो नहीं हो रही है। अब तो घाव भी ठीक हो चुके हैं। ऐसे में जांच कराने के बाद क्या रिपोर्ट आएगी, इसे समझा जा सकता है।

**मेडिकल के डॉक्टरों से हुई मारपीट तो बदल गया नियम :** बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन की सुविधा है, लेकिन पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीटी) मॉडल होने की वजह से मेडिको लीगल के मामले करने से पल्ला झाड़ दिया जाता है। न तो जिला अस्पताल रेफर करता है और न ही जैसे तैसे रेफर होने के बाद मेडिकल कॉलेज सीटी स्कैन करने के लिए तैयार होता है।

जब बात अपनों की आती है तो सारा नियम कानून बदल जाता है। पिछले दिनों डॉक्टरों से मारपीट होने के मामले में मेडिकल कॉलेज पीपीपी मॉडल भूलकर मेडिकल लीगल करने से पीछे नहीं हटा, लेकिन आम आदमी के लिए इस सुविधा पर ताला लगा दिया गया है।

### क्या कहता है कानून

मारपीट के मामलों में, खासकर सिर में चोट लगने पर, पुलिस आमतौर पर मारपीट, धमकी (धारा 147, 323,504,506) का केस दर्ज कर लेती है। इसके बाद मेडिकल कराया जाता है। सीटी स्कैन से सिर पर घाव साबित होता है। फिर पुलिस मानव जीवन को संकट में डालने की धारा 308 बढ़ाती है। ऐसा करने पर आरोपी को जमानत नहीं मिल पाती है। जमानत की प्रक्रिया बढ़ जाती है। लेकिन, 308 नहीं लगने पर पुलिस 151 (शांतिभंग) में चालान कर देती है। इसमें मजिस्ट्रेट के सामने पेश होकर एक निश्चित राशि का अनुबंध देने पर तत्काल जमानत मिल जाती है।



पुलिस को निर्देशित किया जाएगा कि विवेचना में विधिक सलाह और साक्ष्यों के आधार पर गंभीर धारा लगाएं, ताकि आरोपी को सजा मिल सके। चाकू से या किसी गंभीर हथियार से हमले के मामले में पुलिस विधिक सलाह लेकर पीड़ित की मदद करेगी। - जे. रविंद्र गौड़, डीआईजी

### कोर्ट में नहीं हो पाएगा साबित



अगर पुलिस धारा-307 (हत्या की कोशिश) में चार्जशीट करती है। मजबूत साक्ष्यों के साथ जांच होगी तो मामला चल सकता है, लेकिन धारा-308 में बिना जांच रिपोर्ट के कोर्ट में चोट साबित कर पाना संभव नहीं होगा। विपक्षी सीधे पुलिस की रिपोर्ट को खारिज कर फर्जी चोट की बात साबित कर लेगा। इस वजह से जांच रिपोर्ट की भूमिका किसी भी केस में सजा के लिए अहम होती है।

- **कृष्ण बिहारी दुबे,** पूर्व, बार एसोसिएशन, सिविल कोर्ट

सीटी स्कैन मशीन खराब है। अयोध्या से इंजीनियर आए थे। दो बार मशीनों को चेक किया, लेकिन ठीक करने में सफलता नहीं मिल सकी। मशीन के कुछ ऐसे पाट्र्स खराब हैं, जो विदेश से आएंगे। इसकी सूचना शासन को दी गई है। जैसे ही पाट्र्स आएंगे, मशीन को सही करा दिया जाएगा।

- **डॉ. राजेंद्र ठाकुर,** एसआईसी, जिला अस्पताल

# घाटों पर मुस्तैद रही एनडीआरएफ की टीम

गोरखपुर। छठ पर्व के मद्देनजर सभी पूजा घाटों पर एनडीआरएफ के जवान तैनात रहे। जिले को तीन हिस्सों में बांटकर एनडीआरएफ की तीन यूनिट तैनात की गई है।

पहली यूनिट हनुमानगढ़ी, राजघाट, डोमिनगढ़, तकिया घाट आदि क्षेत्रों में लगाई गई है। दूसरी यूनिट रामगढ़ताल क्षेत्र में तो तीसरी यूनिट रामघाट एकला बांध, मानसरोवर तथा सूर्यकुंड पर तैनात की गई है। सरयू नदी के किनारे जहां भी पूजन का आयोजन किया गया है, वहां पीएसी की टीम तैनात की गई है। शाम को पूजा शुरू होते ही सभी टीमें सक्रिय हो गईं और जरूरी सुरक्षा उपकरणों के साथ मोटर बोट से नदी व तालाबों के किनारे भ्रमण करती रहीं। श्रद्धालुओं की मदद के लिए जिला आपदा कार्यालय द्वारा प्रशिक्षित 190 आपदा मित्र व सखी भी संबंधित लेखपालों के साथ घाटों पर मौजूद रहे। ब्यूरो



एनडीआरएफ की टीम राप्ती तट पर गश्त करती रही। संवाद

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-10-2022

# लाखों व्रतियों ने दिया अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य



छठ पूजा के मईल घाटों पर व्यवस्था का निरीक्षण करते डीएम, एसपी। शहर के हनुमान मंदिर पोखरा पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देतीं व्रती महिलाएं।

# बाइक लूट के मामले में अज्ञात बदमाशों पर केस

देवरिया(एसएनबी)। शुक्रवार की देर रात सदर कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेलडाड़ रोड पर देवरिया से अपने ससुराल जा रहे संविदा लाइनमैन को गोली मारकर बाइक लूट की हुई घटना के मामले में पीड़ित के भाई की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मालूम हो कि शहर के रामलीला मैदान स्थित बिजली घर में संविदा पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत खुखुन्दू थाना क्षेत्र के बतरौली पाण्डेय गांव निवासी अभिमन्यू गोंड पुत्र वीरन गोंड को गोली मारकर अज्ञात बदमाशों ने उस समय बाइक लूट ली जब वे शुक्रवार की रात 10.15 बजे देवरिया से अपनी ससुराल भलुअनी थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव जा रहे थे।

इस संबंध में पूछे जाने पर सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गोली लगने की बात की पुष्टि नहीं हो पा रही है। मामला संदेहास्पद लग रहा है। जांच के बाद सही तस्वीर सामने आयेगी।



सोमनाथ मंदिर के पास छठ घाट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा व एसडीएम सदर सौरभ सिंह। ● हिन्दुस्तान

# गोली मारकर बाइक लूटने के मामले में मुकदमा दर्ज

देवरिया : संविदा लाइनमैन को गोली मारकर बाइक लूटने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई घायल संविदा लाइनमैन के रिश्तेदार भलुअनी क्षेत्र के तेनुआ चौबे गांव के रहने वाले राम सहाय गोंड की तहरीर पर की है। बतरौली पांडेय गांव के रहने वाले संविदा पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत अभिमन्यु गोंड पुत्र बीरन गोंड को शुक्रवार की रात बदमाशों ने बेलडाड़ रोड पर पचफेड़वा के पास गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गए। बाइक लूटकर बदमाश फरार हो गए। घायल अभिमन्यु का इलाज गोरखपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर लूट का मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-10-2022

# भटक रहे मासूमों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा कस्बे में अपने मामा घर आये दो मासूम रविवार को भटक गए। करीब तीन घंटे तक दोनों मासूम कस्बे में इधर-उधर भटकते रहे। लोगों ने उन्हें कस्बे के एक दूसरे मोहल्ले में पहुंचा दिया, लेकिन घर का पता नहीं बता पाने के कारण उनके परिजन नहीं मिले। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी भी परिजनों की खोजबीन में जुट गए। काफी खोजबीन के बाद पुलिस ने दोनों मासूमों को उनके परिजनों से मिला दिया। खड्डा कस्बे के शिवाजी नगर मोहल्ला निवासी जगदीश प्रजापति की बहन की शादी रामकोला थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी रामदुलारे से हुई है। जगदीश की बहन अपने पांच वर्षीय पुत्र अनमोल व मोरवन निवासी रिश्तेदार सुरेन्द्र के छह वर्षीय पुत्र सन्तोष के साथ छठ पूजा में शामिल होने खड्डा मायके आयी थी। रविवार की सुबह अनमोल व सन्तोष खेलते हुए भटककर भैंसहा मार्ग पर पहुंच गए।

# छेड़खानी व मारपीट करने के मामले में पांच पर केस

**कार्रवाई**

- पटहेरवा थाना के निवासी महिला ने पांच लोगों पर लगाया आरोप
- पति को शराब पिलाकर घर पहुंचे पांच लोगों ने छेड़खानी व मारपीट की

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है।

महिला का आरोप है कि उसके पति को शराब पिलाकर घर पहुंचे लोगों ने उसके साथ छेड़खानी की और विरोध करने पर उन लोगों ने मारपीट किया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि सात अक्तूबर को हरिकेश व विपिन, जो उसके गांव के ही निवासी है, ने उसके पति को शराब पिलाया और जब उसका पति बेसुध हो गया तो उसे छोड़ने घर पहुंचे। शराब के नशे में धुत हरिकेश और विपिन ने उसके साथ अश्लील हरकत करना शुरू किया।

जब उसने शोर मचाना शुरू किया तो हरिकेश की पत्नी सुनीता, उसके सहयोगी जुबैर व एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर महिला के देवर सुनील और संतोष वहां पहुंच गए। जब वह बीच-बचाव करने लगे तो हरिकेश, विपिन, सुनीता, जुबैर और एक अज्ञात ने उन पर बुरी तरह से हमला कर दिया। इससे वह दोनों घायल हो गए।

सुनील और संतोष का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने एक महिला समेत पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# छठ घाटों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस रही सजग

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** छठ घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पुलिसकर्मी सतर्क रहे। पुलिस अधीक्षक मातहतों संग भ्रमणशील रहकर व्यवस्था की जानकारी लेने में जुटे रहे।

नगर के रामधाम पोखरा, सुराजी व ब्रावली चौक पर सीसी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे कि हर गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। छठ घाटों पर दोपहर से ही पर्याप्त संख्या में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। सेवरही, कसया, हाटा व कप्तानगंज संवाददाता के अनुसार त्योहार को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, एएसपी रितेश कुमार सिंह बिहार बार्डर से सटे तमकुहीराज, कप्तानगंज आदि घाटों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।



सलेमगढ़ के सियरहा छठघाट का निरीक्षण करते एसपी धवल जायसवाल • जागरण

एसपी ने बताया कि छठ के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। संदिग्धों पर पुलिस की कड़ी नजर है। तरयासुजान क्षेत्र के ऐतिहासिक सलेमगढ़ के छठ घाट सिअरहां का एसपी धवल जायसवाल ने निरीक्षण किया।

# घर में घुसकर मारने-पीटने व छेड़खानी का आरोप, मुकदमा

**पटहेरवा** : पटहेरवा की एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर घर में घुसकर छेड़खानी करने व मारने-पीटने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने शनिवार की देर शाम आरोपित महिला सहित पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया। घटना सात अक्टूबर की है। (जासं)

# चार के विरुद्ध मारपीट व छिनैती का मुकदमा

**नेबुआ नौरंगिया :** पटेरा बुजुर्ग गांव में एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट करने व सोने की चेन छीनने के मामले में न्यायालय के आदेश पर नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। गांव की बिंदू ने 13 अक्टूबर को थाना पुलिस व एसपी को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी भूमि पर कुछ लोग जबरन दीवार खड़ी कर रहे हैं। विरोध करने पर उन्होंने घर में घुसकर मारा पीटा और सोने की चेन छीन ली। पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं किए जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपित बदन, लीलावती, जितेंद्र व बदरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# दर्ज करना पड़ा चोरी का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, पटहेरवाः** क्षेत्र के गांव काजीपुर निवासी युवक की बाइक चोरी का मुकदमा उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पटहेरवा थाना पुलिस को दर्ज करना पड़ा। गांव के गामा यादव की बाइक 23 अक्टूबर को फाजिलनगर कस्बा के एक मेडिकल स्टोर के समीप से गायब हो गई थी। पीड़ित लगातार फाजिलनगर पुलिस चौकी से लेकर थाने तक दौड़ता रहा, लेकिन जांच के नाम पर पुलिस उसे टरकाती रही। पीड़ित ने जब उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर पीड़ा बताई तब शनिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

# घर से बालिका गायब मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा :** क्षेत्र के एक गांव से गायब बालिका के मामले में पुलिस ने रविवार को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। बालिका की मां ने तहरीर में लिखा है कि उनकी 13 वर्षीया बेटी 27 अक्टूबर को सुबह आठ बजे घर से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल रहा है। उन्होंने अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (जासं)

**निर्देश** श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में कोताही नहीं होनी चाहिए : रितेश कुमार

# एएसपी ने लिया छठ घाट का जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**कप्तानगंज।** कस्बे के रामजानकी छठ घाट पर रविवार की शाम अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह और सीओ पीयूशकान्त राय पहुंचे।

पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए एसएचओ अनिल उपाध्याय को आवश्यक निर्देश दिया। एएसपी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

कप्तानगंज के राम जानकी घाट पर छठ पूजा के लिए नगर के अलावा दर्जनों गांवों के साथ महराजगंज जनपद की व्रती महिलाएं पूजा करने पहुंचती हैं। इस दौरान अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्रा, कस्बा चौकी इंचार्ज विजय शंकर यादव, भाजपा नेता जय प्रकाश उपाध्याय, समाजसेवी गोलू मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, सविता आदि मौजूद रहे।



कप्तानगंज रामजानकी छठ घाट का जायजा लेते अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह और सीओ पीयूषकांत राय। संवाद

# छठ घाटों पर तैनात रहीं महिला सुरक्षाकर्मी

**पडरौना।** जिले के छठ घाटों पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से एसपी के निर्देश पर महिला सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रही। इस बीच वह छठ घाटों पर महिला श्रद्धालुओं के बीच गश्त करती रहीं। वहीं गोताघोर भी मौजूद थे।रविवार की शाम घाटों पर महिलाओं की भीड़ रही। एसपी धवल जायसवाल ने बिहार बॉर्डर स्थित तरयासुजान के सिरारहा घाट, सलेमगढ़ और डाला घाट सहित अन्य घाटों का निरीक्षण किया। इस बीच संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। वहीं संबंधित सुरक्षाकर्मी को सख्त निर्देश दिया। संवाद

# मुस्तैद रही पुलिस, नाव में बैठकर किया निरीक्षण

**गुरवलिया बाजार।** सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर रविवार शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाएं छठ घाट पर मौजूद रहीं। छठ घाटों की सुरक्षा के लिए एसएचओ तुर्कपट्टी आशुतोष सिंह के नेतृत्व में थाने के पुलिसकर्मी तैनात थे। बरवा राजापाकड़ के बहुरिया टोला स्थित हनुमान सरोवर के किनारे मौजूद घाट पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। यहां एसएचओ ने सरोवर में नाव से भ्रमण कर व्यवस्था जांची। इस दौरान एसएसआई गिरधारी यादव, एसआई अभिषेक सिंह, एचसीपी अरविंद कुमार राय, कुश कुमार, रमेश कुमार मौर्य, विनय कुशवाहा, महिला कांस्टेबल सृष्टि सिंह, पूनम गोंड आदि थीं।

# शिक्षक को दी धमकी, केस दर्ज

**समउर बाजार।** पटहेरवा क्षेत्र के बलुआ समशेरशाही निवासी शिक्षक को एक युवक ने जानमाल की धमकी दी। उनकी शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच कर रही है।

निजी कॉलेज के शिक्षक मनोज कुमार तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुस्तैनी मकान अमवा महंथ गांव में हैं। हर पर्व पर वह परिवार के लोगों के साथ घर जाते हैं। दिवाली के दिन वह अपने मकान की सफाई कर रहे थे। तभी गांव के युवक ने उन्हें सफाई करने से मना करते हुए जानमाल की धमकी दी। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## मारपीट, धमकी देने, लूट सहित अन्य धाराओं में पुलिस ने की कार्रवाई

**पिपरा बाजार।** पटेरा बुजुर्ग गांव चार व्यक्तियों पर पुलिस ने मारपीट, धमकी देने, लूट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह मुकदमा न्यायालय के आदेश पर पंजीकृत किया है।

नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के पटेरा बुजुर्ग गांव की निवासी बिंदू ने थाना सहित एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 13 अक्तूबर को उनकी भूमि पर कुछ लोग गोलबंद होकर जबरन दीवार चलवा रहे थे। विरोध करने पर मार पीटकर घायल कर दिए और गले की सोने की चेन लूट लिए थे।

पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली थी। इसे संज्ञान में लेते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। रविवार को नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने इस मामले में बदन, लीलावती, जितेंद्र और बदरी के विरुद्ध लूट, मारपीट, धमकी देने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# पति को पिलाई शराब, महिला से की छेड़छाड़ और विरोध पर पिटाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति को शराब पिलाने के बाद घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और विरोध पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला ने तहरीर में बताया है कि गांव के दो व्यक्तियों ने उसके पति को शराब पिलाई। जब वह नशे में हो गए तो उनके साथ घर आ गए। महिला का आरोप है कि उन लोगों ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला के

## महिला की तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

शोर मचाने पर तीन और लोग आ गए और गालियां देते हुए मारा पीटा। महिला के दो देवर बचाने पहुंचे तो उन्हें भी लोगों ने पीट दिया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ छेड़छाड़, घर में घुसकर मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय का कहना है कि महिला की तहरीर पर पांच लोगों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-10-2022

# नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

कोल्हुई। कोल्हुई क्षेत्र के खरहरवा मार्ग पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नेपाली नागरिक को छह पेटी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। एसआई गंगाराम यादव हमराहियों के साथ बार्डर क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। इसी दौरान साइकिल पर बोरे में रखकर सामान लाता एक व्यक्ति मिल गया। जब पुलिस ने उसकी जांच की तो उसके पास से नेपाली शराब की छह पेटियां मिलीं। आरोपी की पहचान महेंद्र दाढ़ी निवासी रुपन्देही नेपाल के रूप में हुई। पुलिस ने इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# छठ घाट पर निकला मगरमच्छ, हड़कंप

ठूठीबारी। रविवार को दोपहर में ठूठीबारी के चंदन नदी के छठ घाट पर मगरमच्छ निकलने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सीओ निचलौल सूर्यबली मौर्य मौके पर पहुंच गए।

प्रधान अजय कुमार की सूचना पर वन विभाग की टीम रेंजर नृपेन्द्र चतुर्वेदी की अगुवाई में पहुंचकर मगरमच्छ का रेस्क्यू करने में जुट गई। पानी के बहाव के कारण मगरमच्छ का रेस्क्यू करने में जब टीम को मुश्किल होने लगी तो नदी के किनारे जाल बिछा दिया गया, ताकि बिना किसी डर के व्रती महिलाएं डूबते सूर्य को अर्घ्य दे सकें। मौके पर एसआई राजेश कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# संतकबीरनगर की महिला चेन स्नेचर को पकड़ा

- फरेंदा में चेन चुराते वक्त महिला ने पकड़ लिया चोरनी का हाथ
- आरोपित महिला चेन स्नेचर को पुलिस के हवाले कर दिया

फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद। छठ पर्व पर पूजन सामग्री खरीदने आई महिला के गले से एक महिला चैन स्नैचर ने सोने की माला चुरा ली। अचानक गले से माला गायब होने से सकते में आई महिला शक के आधार पर पास बैठी एक युवती का हाथ पकड़ शोर मचाने लगी। तलाशी में युवती की मुट्ठी से सोने की माला बरामद हो गई। इस पर यात्री फरेंदा थाना पहुंचे।

आरोपित महिला चेन स्नैचर को पुलिस के हवाले कर दिया। बरामदगी के आधार पर फरेंदा पुलिस संतकबीरनगर की रहने वाली चैन स्नैचिंग की आरोपित युवती के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। यह घटना शनिवार को फरेंदा कस्बे में सेंट्रल बैंक से सौ मीटर पहले हुई। गोरखपुर जनपद के खजनी थानाक्षेत्र की मिश्रवलिया गांव की महिला प्रिंसा देवी पत्नी ओमप्रकाश फरेंदा कस्बा में छठ पर्व के मद्देनजर खरीदारी करने आई थी। सामान खरीद कर वह ई-रिक्शा से कैम्पियरगंज जाने लगी। रास्ते में कुछ महिलाएंई-रिक्शा में सवार हुई। इसमें से एक युवती प्रिंसा देवी के बगल में बैठ गई।

सेंट्रल बैंक से सौ मीटर पहले युवती प्रिंसा देवी के गले से सोने की चेन खींच उसे मुट्ठी में रख ली। अचानक गले के पास कुछ हरकत देख प्रिंसा देवी चौकन्ना हुई। वह युवती के हाथ को पकड़ शोर मचाने लगी। तलाशी में युवती की मुट्ठी से सोने की माला बरामद हो गई। पूछताछ में चेन स्नैचिंग की आरोपित युवती अपना रोशनी(22) बताई। वह संतकबीरनगर जिले के धर्मसिंहवा क्षेत्र की रहने वाली है। प्रिंसा देवी आरोपित युवती को पकड़ कर फरेंदा थाने ले गई। उसे पुलिस को सुपुर्द कर दी। थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की सूचना पर बरामदगी के आधार पर आरोपित युवती के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया। प्रकरण में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बरामद पीली धातु की कीमत 40 हजार आंकी जा रही है।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला दबोचा गया

- तीन आरोपियों में से एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले पर मुकदमा दर्ज हुआ

नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौकरी के नाम पर पैसों की ठगी करने के मामले में दर्ज किए गए मुकदमे के आधार पर नौतनवा पुलिस ने रविवार को तीन आरोपियों में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

क्षेत्र के ग्राम बैरवा बनकटवा के रहने वाले इम्तियाज अहमद ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ग्राम नउआडीह उर्फ देवपुर के रहने वाले अमर श्रीवास्तव तथा उसकी दो बहनों द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर उससे पैसे की ठगी की है। शिकायतकर्ता का कहना था कि नौकरी दिलाने में कूट रचित ढंग से फर्जी दस्तावेज के आधार पर उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र देने तथा नौकरी के नाम पर दिए हुए पैसे को वापस नहीं किए जा रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि दर्ज मुकदमे के आरोपी अमर श्रीवास्तव को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पति, सास व ससुर समेत पांच के खिलाफ दहेज का केस

**कार्रवाई**

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल थाना क्षेत्र के जमुई पंडित निवासिनी एक विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को उसके पति, सास और ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू हो गई है।

विवाहिता बबिता देवी की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि उसकी शादी दो वर्ष पहले दीपक जायसवाल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसके पति, सास व ससुर द्वारा दहेज की मांग करते हुए उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। इसको लेकर आए दिन ससुराल के लोग मारते-पीटते हैं और गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं।

विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति दीपक, ससुर प्रभु जायसवाल, सास उषा देवी तथा ननद और ननदोई सभी निवासी ग्राम जमुई पंडित के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसओ रामाज्ञा सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर उसके ससुराल के लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

**सबसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

श्यामदेउरवा थानाक्षेत्र के परसा खुर्द में की गई है। यहां थानाध्यक्ष, एसआई व कांस्टेबल मिलाकर करीब डेढ़ सौ पुलिस कर्मी व पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। गांव को सेक्टर में बांट कर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। गांव के सभी चौराहे पर पुलिस के जवान मुस्तैद थे। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। दो दिन पहले डीएम व एसपी गांव का दौरा कर परसा खुर्द में विशेष निगरानी का निर्देश दिया था।

**सुरक्षा के बीच घाट पर पहुंची महिलाएं :** परसा खुर्द में डोल-नगाड़े के साथ गीत गाते हुए सिर पर पूजन सामग्री लेकर व्रती महिलाएं शोभा यात्रा की तरह काली मंदिर के समीप पोखरे के घाट पर पहुंची। महिलाओं के आगे-पीछे महिला पुलिस कर्मी के अलावा पुलिस व प्रशासनिक अफसर मौजूद रहे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। छठ पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में युवा भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह उर्फ निर्भय सिंह, काशीनाथ सिंह, अशोक यादव आदि मौजूद रहे। जगदीश त्रिपाठी, जयप्रकाश त्रिपाठी, संत यादव, राहुल प्रजापति, राम मिलन विश्वकर्मा, कन्हैया यादव, कृष्ण कुमार यादव, राजाराम यादव, बृजेश यादव, राजकुमार कन्नौजिया, धीरेन्द्र त्रिपाठी, उमेश यादव, आशीष यादव, शैलेश यादव, अनिरूद्ध प्रजापति, रामदवन यादव, नह आदि मौजूद रहे।

# सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिन भर दौड़ते रहे अफसर



श्यामदेउरवा के परसा खुर्द में सुरक्षा के मद्देनजर घाट पर मौजूद पुलिस अधिकारी।

महराजगंज, निज संवाददाता। सूर्य उपासना का महापर्व छठ कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को बीता। जिले के सात सौ घाट पर रविवार को व्रती महिलाएं अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार व देश की खुशहाली का कामना कीं। इस मौके पर सभी छठ घाट पर पुलिस कर्मी तैनात रहे। अति संवेदनशील गांव परसा खुर्द, पचरूखिया व बुधिरामपुर में अतिरिक्त फोर्स तैनात किया गया है। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ पर्व की सुरक्षा को लेकर पल-पल का अपडेट लेते रहे।

## क्षेत्र भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लेते रहे सीओ

छठ पर्व पर किसी भी तरह का अप्रिय घटना रोकने के लिए सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया गया था। सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल में चक्रमण पर रह कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इसके अलावा सभी थानों की क्यूआरटी भ्रमण पर रही। एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि जिले में करीब सात सौ छठ [illegible] का वि[illegible] चौकसी की जा रही है।

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जासं, निचलौल** : जमुई पंडित निवासी एक बहू ने अपने सास, ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ मारने-पीटने व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। रविवार को जमुई पंडित निवासी बबिता देवी ने थाने में तहरीर दी कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व उसी गांव के निवासी दीपक जायसवाल के साथ हुई थी। शादी

सास-ससुर पति व ननद समेत बहनोई पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत हुआ, पुलिस कर रही है जांच

के बाद से ही उसके सास-ससुर पति व ननद हमेशा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं और मारते-पीटते हैं। मना करने पर गाली देने लगते हैं। जिस पर पुलिस ने पति दीपक जायसवाल, ससुर प्रभु जायसवाल, सास उषा देवी, ननद सीमा जायसवाल व बहनोई सूरज के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

# महिला ने लगाया जान से मारने का आरोप, मुकदमा

**जासं, नौतनवा** : नगर के एक वार्ड की महिला ने थाना में तहरीर देकर एक व्यक्ति पर पति व उसको जान से मारने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि 22 अक्टूबर को लापता लड़की को खोजने पति के साथ जा रही थी कि एक व्यक्ति ने उनको रोक लिया व अपने भाई पर झूठे मुकदमे में फंसाने को लेकर विवाद करने लगा। इंस्पेक्टर सुनील राय ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपित आशिक निवासी नौतनवा पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# संवेदनशील घाटों पर मुस्तैद रही पुलिस

- **कोतवाली और श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के आठ गांवों में रही सतर्कता**
- **परसाखुर्द में निगरानी करते रहें 10 जिला स्तरीय अधिकारी**

**जासं, महराजगंज:** छठ महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए घाटों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस फोर्स और पीएसी जवान मुस्तैद रहे। जिले के कोतवाली और श्यामदेउरवा के कुल आठ घाट संवेदनशील हैं, जिसे लेकर प्रशासन चौकन्ना रहा।

परतावल संवाददाता के अनुसार श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द गांव में छठ पर्व पर रविवार को व्रती महिलाएं कड़ी सुरक्षा के बीच पोखरे पर पहुंची। पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दीं। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रही। गांव के प्रमुख मार्ग के किनारे सुरक्षा कर्मी निगरानी करते दिखे।

एसडीएम मो. जसीम व सीओ अजय सिंह चौहान सहित एसएचओ आनंद कुमार गुप्ता, ध्यान सिंह चौहान सहित भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रही। इस दौरान 10 जिला स्तरीय अधिकारी डटे रहे। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता सचिन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी एपी सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रामचंद्र, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव, समाज कल्याण अधिकारी विकास शंकर लाल, जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय, जिला युवा कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी ध्रुवचंद्र त्रिपाठी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव, जिला उद्यान अधिकारी डा. आरके यादव निगरानी करते रहे। निर्भय सिंह काशीनाथ सिंह, अशोक यादव, जगदीश तिवारी, संत यादव मौजूद रहे। उधर ग्राम पचरुखिया में जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहे। इसी प्रकार लक्ष्मीपुर देउरवा में अपर मुख्य अधिकारी रमेश सिंह, बलिया पुल के पास जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, उद्योग तिराहे के पास अभिहीत अधिकारी खाद्य एवं औषधि बृजेंद्र शर्मा, श्यामदेउरवा थाना अंतर्गत छातीराम में उप निदेशक कृषि रामशिष्ट, लक्ष्मीपुर जरलहिया में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह तथा तरकुलवा भटगावा में जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास को मजिस्ट्रेट के रूप में अलर्ट रहे। उप जिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी भी घाटों का जायजा लेते रहे।

# धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

**नौतनवा :** नौतनवा पुलिस ने रविवार को धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित अमर कुमार श्रीवास्तव निवासी देवपुर अड्डा बाजार को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया है। (जासं)

# आपरेशन चियर्स में पुलिस ने 167 को उठाया

**जागरण संवाददाता, सिंदुरिया :** सिंदुरिया पुलिस ने शनिवार की रात आठ बजे आपरेशन चियर्स अभियान के क्रम में थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से कार्रवाई करते हुए 167 लोगों को पकड़कर पुलिस एक्ट के तहत चालान कर दिया है।

यह कार्रवाई सिंदुरिया थाना क्षेत्र के कस्बा सिंदुरिया, मिठौरा और चिउटहा चौकी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खुले में बैठकर शराब पीने पर की गई है। सिंदुरिया थानाध्यक्ष नासिर हुसैन ने बताया कि सिंदुरिया कस्बा से 107 लोगों को, मिठौरा और चिउटहां से 30-30 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

थानाध्यक्ष नासिर हुसैन, मिठौरा चौकी प्रभारी ब्रम्ह कुमार उपाध्याय और उपनिरीक्षक अंकित कुमार सिंह शामिल रहे।

# धोखाधड़ी करने के आरोपी का चालान

नौतनवां। धोखाधड़ी करने, कूट रचित दस्तावेज तैयार करने तथा अन्य धाराओं के आरोप में वांछित को रविवार को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

जानकारी के अनुसार नौतनवां थाना क्षेत्र के नऊआडीह ऊर्फ देवपुर निवासी अमर श्रीवस्ताव पर धोखाधड़ी करने, कूटरचित तरीके से दस्तावेज तैयार करने व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज था।

रविवार को उनको घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने दी। संवाद

# सोने की चेन चुराने की आरोपी महिला गिरफ्तार

**महराजगंज।** फरेंदा कस्बे में छठ पर्व पर खरीदारी करने आई महिला के गले से सोने की चेन चुराने की आरोपी महिलाओं को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चोरी हुई चेन तुरंत बरामद कर ली गई।

जानकारी के अनुसार, प्रिंसा देवी निवासी मिश्रवलिया थाना खजनी जनपद गोरखपुर रविवार को फरेंदा कस्बे में छठ पूजा का सामान खरीदने आई थीं। वह कैंपियरगंज अपने रिश्तेदार के घर छठ मनाने आई थीं।

रविवार को सामान खरीदने के लिए फरेंदा कस्बे से खरीदारी कर सामान लेकर घर जाते समय रास्ते में कुछ महिलाएं रिक्शा पर बैठीं व सेंट्रल बैंक से 100 मीटर पहले एक महिला गले से चेन चुरा ली।

प्रिंसा देवी ने बताया कि चेन चोरी की जानकारी होते ही रिक्शा पर बैठी उस महिला का हाथ पकड़ लिया तथा तलाशी लेने पर उसकी मुट्ठी से चेन बरामद हुई। आरोपी महिला ने अपना नाम रोशनी निवासी ग्राम अमरहां थाना धर्मसिंहवा जनपद संतकबीरनगर बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 31-10-2022

# छठ पूजा को लेकर शहर का रहा डायवर्जन रूट

**बस्ती।** छठ पूजा को लेकर यातायात व्यवस्था के लिए रूट डायवर्जन रहा। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव नेबताया कि दो पहिया वाहन आचार्यरामचन्द्र शुक्ल तिराहा से पुलिस अधीक्षक गेट के सामने से होते हुए शिव मन्दिर अमहट घाट के पहले बनी पार्किंग बनायी गयी थी। चार पहिया वाहन अमहट घाट पर प्रत्येक दशा में प्रतिबंधित रहा। चार पहिया वाहन जिलाधिकारी आवास के सामने पटरी पर व पुलिस अधीक्षक आवास के सामने खाली स्थान पर पार्किंग की गयी थी।

# मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**छावनी ।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने अपने हमराही नंदकुमार सरोज, हेडकांसटेबल रविन्द्र राय, कांसटेबल सुरेन्द्र कुमार के साथ धिरौली बाबू गांव में जमीन के बटवारे को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में हनुमान शरण तिवारी एवं शिवशरण तिवारी पुत्रगण दयाशंकर तिवारी तथा बब्लू तिवारी पुत्र हरिशंकर तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। तीनों का शांति भंग की धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी के तहत चालान कर उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# मारपीट के मामले में दो पर केस

**बस्ती ।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के करूआ बाबा तिराहा पर पुरानी रंजिश की बात को लेकर राम किशोर को पिन्टू व मोहित ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राम किशोर निवासी निवासी करूआ बाबा थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिन्टू कुमार, मोहित कुमार पुत्रगण राम किशोर निवासीगण करूआ बाबा नई बाजार थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एसडीएम से सात लोगों को भेजा जेल

**हर्रैया ।** उपजिलाधिकारी गुलाब चन्द्र ने हर्रैया तथा परशुरामपुर पुलिस द्वारा आपसी विवाद में शांति भंग की आशंका में न्यायालय में पेश किए गए सात आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एसडीएम द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से उपद्रवी दहशत में है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि हर्रैया पुलिस द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर किए गए विवाद में एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए बिहरा निवासी सुशील पुत्र पंचम प्रसाद को शांति भंग की धारा में चालान कर न्यायालय में पेश किया गया था। इसके अलावा परशुरामपुर पुलिस द्वारा बिजली के वायर को लेकर हुए विवाद में बेरी पोखर निवासी राजा पुत्र उमाशंकर पाण्डेय, मारपीट के मामले में नेदुला बेनी का पुरवा निवासी राजेश कुमार व दशरथ वर्मा पुत्रगण भगवतसहाय, खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में कैथवलिया निवासी निसार अहमद पुत्र फारूख तथा पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट के मामले में बीरपुर निवासी शिवनरायन सिंह पुत्र गयादीन सिंह एवं गंगा सिंह पुत्र राम गोपाल सिंह का शांति भंग की धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी के तहत चालान कर न्यायालय में पेश किया गया था। उपजिलाधिकारी ने बताया कि सातों आरोपियो को संज्ञेय अपराध कारिक होने के दृष्टिगतन्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# खेत जोतने के विवाद में मारपीट, तीन नामजद

**बस्ती ।** लालगंज थाना क्षेत्र के गहरवार जोत गांव में खेत जोतने के दौरान हुए विवाद में हृदय राम को कुछ लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित हृदयराम पुत्र रामचेत निवासी गहरवारजोत थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राममूरत, रामनवल पुत्रगण रामचेत, रीता देवी पत्नी राम नवल निवासीगण गहरवार जोत थाना लालगंज के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# लापता बालक बरामद

**बभनान** । पैकोलिया थाना क्षेत्र के चेतरा निवासी विगत 28 अक्टूबर से लापता 13 वर्षीय अमन पुत्र जितेन्द्र को हर्रैया ओवर ब्रिज के पास से सकुशल बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि वह अपने घर से स्कूल गया था। देर रात घर नही पहुंचा तो परिजनो ने पुलिस को तहरीर दिया। तहरीर के आधार पर अपराध संख्या 334/2022 धारा 362 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गयी। उन्होने रविवार को उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार द्विवेदी, हेडकांसटेबल रामसुरेश यादव, विजय प्रकाश दीक्षित, कांसटेबल आशीष चौहान एवं प्रिंस कुमार के साथ हर्रैया ओवरब्रिज के पास से उसे सकुशल बरामद कर लिया। बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया।

# पूर्व विवाद को लेकर महिला की पिटाई, चार पर केस

**बस्ती** । वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के मनौरी डाड़ी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर लक्ष्मी देवी को कुछ लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। बीच बचाव में आये देवर को भी मारा पीटा गया। इस मामले में पीड़ित लक्ष्मीदेवी पत्नी बलराम निवासी मनौरी डाड़ी थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामउजागिर पुत्र गंगादीन, हरिराम की पत्नी, चाँदनी, अर्चना पुत्रीगण हरीराम निवासीगण मनौरी डाड़ी थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# झोलाछाप डाक्टर को पुलिस ने भेजा जेल

**परशुरामपुर (एसएनबी)।** गलत इंजेक्शन लगाने से स्थानीय थाना क्षेत्र के धरमपुर निवासी एक किशोर की हुई मौत के मामले में वांछित चल रहे झोलाछाप डाक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। मामले में उसके विरूद्ध अपराध संख्या 415/2022 धारा 304 आईपीसी तथा द मेडिकल कमीशन एक्ट 2019 की धारा 34(2) के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था।

थानाध्यक्ष अरविंद कु मार शाही ने बताया कि विगत 29 सितंबर को धरमपुर निवासी सोमई चौहान के 13 वर्षीय पुत्र भाष्कर चौहान की झोलाछाप डाक्टर प्रदीप वर्मा निवासी नेवरी राम बक्स द्वारा गलत इंजेक्शन लगा देने के कारण मौत हो गयी थी। मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश पुलिस टीम कर रही थी। उसके विरूद्ध न्यायालय से सीजेएम द्वारा गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। मुखविर की सूचना पर उन्होने अपने हमराही हरिओम यादव एवं गुलशन राय के साथ मखौडा से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



गिरफ्तार झोलाछाप डाक्टर। फोटो : एसएनबी

# शिक्षक नेता के पुत्र के निधन पर शोकसभा

**बस्ती ।** श्रीकृष्ण पाण्डेय इन्टर कालेज बस्ती मेंउत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद बस्ती केजिलाध्यक्ष शिवपाल सिंह के पुत्र अनूप कुमार सोलंकी के आकस्मिक निधन पर जनपदीय पदाधिकारियों के द्वारा जनपदीय मंत्री गिरीश चंद्र चौबे की अगुवाई में शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा की अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रत्यूष कुमार सिंह ने की। शोक सभा में मंडलीय मंत्री रामेश्वर सिंह, जनपद बस्ती के जिला मंत्री गिरीश चंद्र चौबे, जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डा. विकास भट्ट कामिल, पारसनाथ चौधरी, जेपी ओझा, शंभूनाथ वर्मा, बृज भूषण चौधरी,प्रधानाचार्य शिवपूजन मिश्र, राम नेवास प्रसाद, , श्रीकांत, दिवाकर सिंह, छेदी मौर्य, बलवीर चौहान, सर्वेंद्र नारायण द्विवेदी, दिनेश कुमार तिवारी, दिलीप कुमार वर्मा,आर्य कन्या की प्रधानाचार्या माया कुमारी, ममता दास, रामनिवास माझी, भूपेंद्र नाथ तिवारी,काशिदा बानो , श्रीश राम त्रिपाठी, चन्द्रशेखर आदि ने गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर इस अप्रत्याशित घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया।

# आधा दर्जन लोगों पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

**बस्ती ।** जनपद में अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए लालगंज पुलिस ने क्षेत्र के आधा दर्जन लोगो पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई किया है। पुलिस प्रवक्ता केअनुसार लालगंज पुलिस ने जनार्दन पुत्र रामशंकर चौधरी, विवेक चौधरी पुत्र जगराम चौधरी निवासीगण भिटहा थाना लालगंज, राजन चौधरी पुत्र कृष्ण गोपाल चौधरी निवासी रघुउपूर थाना लालगंज, सरदूम पुत्र प्रहलाद, झिनक पुत्र घुरहू निवासीगण हरैया थाना लालगंज, रामजीत पुत्र छोटकू निवासी कोप थाना लालगंज के विरूद्ध 3/4 उत्तर प्रदेश गुण्डा अधिनियम की कार्यवाही किया गया है। पुलिस का कहना है कि उक्त आरोपियों पर क्षेत्र में रहकर समाज विरोधी गतिविधियों को संचालित करते तथा मारपीट, लूट, तस्करी जैसे जघन्य अपराध को अजांम देते थे। जिनके विरूद्ध थाने में कई मुकदमें पंजीकृत हो चुके है। पुसिल द्वारा बार बार समझाने के बाद भी इनकी आदतों में सुधार नही आया जिससे यह कार्यवाही की गयी।

# पुराने विवाद में मारपीट, दो पर मुकदमा

**बस्ती ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के दुर्गानगर मोहल्ला कटरा बाईपास पर पुरानेविवाद की बात कोलेकर कुछ लोगो ने एकराय होकर दुर्गावती को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा नाखून से नोचकर शरीर में कई जगह पर जख्मी कर दिया। इस दौरान गले का मंगलसूत्र भी कहीं टूट कर गिर गया। मामले में पीड़िता दुर्गावती पत्नी ताजू निवासी कटरा बाईपास दुर्गानगर थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस नेआरोपी रामरति पत्नी मोहन, लाला निवासीगण कटरा बाईपास दुर्गानगर थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 323, 504, 324, 427, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शांति भंग में चार का चालान

**छावनी ।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने रविवार को उपनिरीक्षक नंद किशोर यादव, हेडकांसटेबल रविन्द्र राय एवं कांसटेबल सुरेश कुमार के साथ थाना क्षेत्र के पैतेपुर निवासी मुन्ना सिंह पुत्र जंडैल सिंह एवं उनके पुत्र कल्लू सिंह तथा पचवस निवासी संजीव उर्फ छोटू पुत्र यदुनाथ सिंह एवं प्रभाकर उर्फ प्रवीण पुत्र अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। चारों का शांति भंग की धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी के तहत चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# कार लेकर जालसाज फरार अज्ञात के विरूद्ध केस

**हर्रैया (एसएनबी)** । बभनान-हर्रैया मार्ग पर लखनऊ से पडरौना जाने के लिए बुकिंग करायी कार चालक के उतरते ही उस पर सवार दो लोग अपने एक अन्य साथी के साथ कार लेकर फरार हो गये। चालक की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

बाराबंकी जनपद के घुघतेर थानान्तर्गत मोहनपुर निवासी ज्ञानेश सिंह पुत्र माधव सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर मे आरोप लगाया है कि शनिवार को दो लोग लखनऊ से उनके कार संख्या यूपी 32 इएस 4807 को बुक कराकर पडरौना के लिए निकले। दोनो ने बताया कि हर्रैया-बभनान मार्ग पर उनके मौसा मिलेंगे उन्हे भी बैठाना है। बभनान की तरफ लगभग 4 किमी जाने के बाद ज्ञानेश लघुशंका के लिए गाडी से उतरा। उसी दौरान उस पर सवार दोनो लोग अपने एक अन्य साथी की मदद से झांसा देकर कार लेकर फरार हो गए। पुलिस तहरीर के आधार पर अपराध संख्या 370/2022 धारा 379, 392 एवं 420 आईपीसी के तहत अज्ञात जालसाजो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गयी।

# कमाने गए युवक का शव पहुंचते ही मचा कोहराम

**हर्रैया ।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के महादेवा निवासी आंध्र प्रदेश कमाने गए युवक का शव पैतृक गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। तीन बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया। जानकारी के अनुसार दुबौलिया थाना क्षेत्र के महादेवा निवासी 40 वर्षीय राम बहादुर पुत्र झपसू आंध्र प्रदेश के कोयंबटूर में एक ठेकेदार के साथ सटरिंग का काम करते थे। अचानक उनकी तबियत खराब होने के कारण उनकी मौत हो गयी। बेटे की मौत की खबर सुनते ही पिता के पैरो तले जमीन खिसक गयी। गांव में कोहराम मच गया। परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। एक तरफ जहां पत्नी सुनीता देवी के मांग का सिंदूर मिट गया वहीं पुत्र अमन, करन व आनंद के सिर से पिता का साया विधाता ने छीन लिया। डेढ वर्ष पूर्व रोजी-रोटी के तलाश में गैर प्रदेश जाते समय परिवार को क्या पता था कि अब वह जिंदा नही लौटेगा। राम बहादुर अपने पिता की इकलौता संतान था। पिता घर पर रहकर परिवार का देखरेख व मजदूरी करते थे। रविवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई, चार पर केस

**बस्ती ।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के धोबीटोला में पुरानी रंजिश की बात को लेकर जयकिशन उर्फ जैकी को रिंकू, अजय दीपक तथा मनीष ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान सेमारनेकी धमकी दी। मामलेमेंपीड़ित जय किशन उर्फपुत्र बाबूलाल निवासी धोबी टोला दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस नेआरोपी दीपक पुत्र सिद्धू, रिंकू पुत्र मिश्री लाल निवासीगण धोबी टोला, अजय पुत्र काशी निषाद निवासी चाई टोला, मनीष पुत्र दिनेश सोनकर निवासी बीचली मोहल्ला थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# भूमि विवाद में मारपीट, चार नामजद

**बस्ती ।**वाल्टरगंज थाना क्षेत्र केकल्याणपुर गांव में भूमि विवाद की बात को लेकर गांव निवासी पप्पू की पत्नी मीरा, लड़की सोनिका, रोशनी व मोनिका को आरोपी राम सूरत तथा यशपाल सहित चार लोगोंने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित पप्पू पुत्र राममिलन निवासी कल्यानपुर थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राम सूरत पुत्र राम प्यारे, यशपाल पुत्र राम सूरत, सत्यम पुत्र चन्द्रपाल, अमरावती देवी पत्नी चन्द्रपाल निवासीगण कल्याणपुर के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

## आपसी विवाद में भाई ने पीटा, केस

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी गुलाम हजरत पुत्र अब्दुल गफ्फार ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके भाई गुलाम दस्तगीर तथा उसकी पत्नी व लड़की ने मिलकर उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित गुलाम हजरत पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी लक्ष्मणपुर थाना वाल्टरगंज, की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गुलाम दस्तगीर पुत्र अब्दुल गफ्फार, गुलाम दस्तगीर की पत्नी, गलाम दस्तगीर की लड़की निवासीगण लक्ष्मणपुर थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## महिला की पिटाई मामले में केस दर्ज

**बस्ती।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी राजन उर्फ विजय कुमार पुत्र राम सूरत ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बहन प्रमिला की शादी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में हुई है। जहां बहन के पति मंजीत द्वारा आये दिन प्रमिला को प्रताड़ित करने के साथ ही उसे मारा पीटा जाता है। बीते दिन की गयी पिटाई के दौरान बहन प्रमिला का सिर फट गया। मामले में पुलिस ने आरोपी मंजीत पुत्र राजेन्द्र निवासी रामपुर थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# स्कूल की बजाय दिल्ली निकल पड़ा था बालक

- पैकोलिया थाने में दर्ज हुआ था अपहरण का केस
- दादी की याद आने पर घर पर नकल पड़ा था मिलने

बस्ती, निज संवाददाता। पैकोलिया पुलिस ने रहस्यमय हाल में गायब हुए तेरह वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार बालक अपनी दादी से मिलने के लिए ट्रेन से दिल्ली जाने के लिए निकल गया था।

बरामदगी की सूचना पर एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी और सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय पैकोलिया थाने पर पहुंच गए। एएसपी ने बताया कि बालक को सकुशल बरामद करने वाले थानेदार गजेन्द्र प्रताप सिंह की टीम को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने दस हजार रुपया का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

पैकोलिया थाने पर तहरीर देकर जितेन्द्र कुमार निवासी चेतरा ने बताया कि 28 अक्टूबर की सुबह साढ़े आठ बजे उनका बेटा अमन (13) घर से साइकिल से स्कूल जाने के लिए निकला था। लेकिन देर रात तक घर नहीं आया। अनहोनी की आशंका पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।पैकोलिया पुलिस के अनुसार अमन का अपनी दादी से खास लगाव है। वह इन दिनों दिल्ली गई थीं। याद आने पर वह मिलने निकल गया।

# कोर्ट से वांछित झोलाछाप को पुलिस ने पकड़ा

**घघौवा।** परसरामपुर थाना क्षेत्र के नेउरी रामबक्श चौराहे पर क्लीनिक चलाने वाले आरोपी झोलाछाप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या व मेडिकल कमीशन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

एसएचओ परसरामपुर अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। उसे पुलिस ने रविवार को मखौड़ा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोप है कि झोलाछाप प्रदीप वर्मा की नेउरी रामबक्श में क्लीनिक है। क्षेत्र के धर्मपुर निवासी सोमई चौहान अपने लड़के भाष्कर चौहान (13) की दवा कराने 29 अक्टूबर को प्रदीप वर्मा की क्लीनिक पर ले गए थे। आरोप है कि गलत दवा व इंजेक्शन देने के कारण भाष्कर की मौत हो गई थी। सोमई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

# गुंडा एक्ट के तहत डेढ़ दर्जन हुए पाबंद

**बस्ती।** जिले के चार थानों की पुलिस ने डेढ़ दर्जन लोगों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस कार्यालय के अनुसार दुबौलिया पुलिस ने सोनू उर्फ तीर्थराज निवासी हरिवंशपुर खुर्द, राधेश्याम गुप्ता खुशहालगंज और सुरेन्द्र कुमार गौतम सिरसिया और लालगंज पुलिस ने जनार्दन निवासी भिटहा, विवेक चौधरी भिटहा, राजन चौधरी रघुउपूर , सरदूम निवासी हरैंया, झिनक हरैया और रामजीत निवासी कोप को गुंडा एक्ट में पाबंद किया है। परसरामपुर पुलिस ने रामजनम यादव निवासी पितुड़ा, शिवा सिंह व विनोद सिंह निवासी गुदनूपुर, संजय गुप्ता उर्फ संजू निवासी सुकरौली कुंवर, उपेन्द्र यादव निवासी मिश्रौलियाधीश और दया शंकर यादव निवासी उदयपुर कला पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

# शांतिभंग में सात आरोपी जेल भेजे गए

**हर्रैया।** हर्रैया व परसरामपुर थाना क्षेत्र में महिलाओं के साथ मारपीट और पुरानी रंजिश में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर पर मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर सात आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर एसडीएम कोर्ट भेज दिया। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हिरासत में लिए गए सातों आरोपियों को 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया।

# पुरानी रंजिश को लेकर विवाद, छह नामजद

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के धोबीटोला निवासी जयकिशन का आरोप है कि मोहल्ले के दीपक, रिंकू, चाईटोला के अजय समेत चार ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। करूबा बाबा निवासी मनोज कुमार का आरोप है कि करूआ बाबा नई बाजार निवासी पिन्टू और मोहित कुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर धमकाया।

# आपसी विवाद को लेकर मारपीट

बस्ती। वाल्टरगंज थाने के लक्ष्मणपुर निवासी गुलाम हजरत का आरोप है कि गांव के गुलाम दस्तगीर, उनकी पत्नी व बेटी ने आपसी विवाद को लेकर उनके भाई, पत्नी व बेटी को मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। इसी थाने के मनौरी डाड़ी निवासी लक्ष्मी देवी का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रामउजागिर समेत चार लोगों ने अपशब्द कहते हुए मारपीट की।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बस्ती।** परसरामपुर थाने के धर्मपुर में कमलेन्द्र कुमार की तहरीर पर शिवम, शालू व दो अज्ञात निवासी धर्मपुर पर भूमि विवाद को लेकर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में दूसरे पक्ष की ज्योति शुक्ला पुत्री वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला की तहरीर पर पुलिस ने कमलेन्द्र शुक्ला (लल्लन) व पुष्पर शुक्ला के खिलाफ मुकदमा कायम किया है।

# चोरी के मामले में मुकदमा

**जासं,वस्ती :** छावनी पुलिस को तहरीर देकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमोढ़ा विक्रमजोत के प्रधानाध्यापक देवेन्द्र सिंह ने बताया है कि पांच अक्टूबर को स्कूल के रसोईघर, कार्यालय और स्टोर रूम का ताला तोड़ दिया गया। अभिलेख, किच्चन के सामान की चोरी कर ली गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# पति ने फोड़ा पत्नी का सिर मुकदमा दर्ज

**बस्ती** : मुंडेरवा थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी राजन उर्फ विजय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बहन प्रमिला को उसका पति मंजीत आए दिन प्रताड़ित करता रहता है। 29 अक्टूबर 2022 को मारपीट कर उनकी बहन का सिर फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मुंडेरवा थाने के रामपुर निवासी मंजीत के विरुद्ध तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# मारपीट में सात नामजद व 17 अज्ञात पर केस

**जासं, छावनी,वस्ती :** हाईवे पर छावनी थाना क्षेत्र के रमघटिया गांव के पास स्थित एक ढाबे पर शनिवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना में दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। ढाबा की कई कुर्सियां भी टूट गई है। घटना सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों से सात नामजद व 17 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। चार लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान भी किया गया है।

- रमघटिया गांव के पास स्थित गोरखनाथ लाइन ढाबा की घटना
- इसमें दोनों पक्षों के सात लोग घायल ढाबा की टूटी कई कुर्सियां

थानाक्षेत्र के पचवस निवासी संजीव सिंह ने पुलिस को तहरीर दी, जिसमें बताया कि रात में नौ बजे वह हाईवे पर रमघटिया गांव के पास स्थित गोरखनाथ लाइन ढाबा पर भोजन लेने गए थे। तभी वहां पहले से मौजूद थानाक्षेत्र के पैतेपुर निवासी मुन्ना सिंह ट्रक ड्राइवर को अपशब्द कहने लगे। यह देख उन्होंने मुन्ना सिंह को ऐसा करने से मना किया। जिससे वह आग बबूला हो गए और उन्हें भी अपशब्द कहने लगे। आरोप लगाया कि मुन्ना सिंह ने गांव से 15 युवकों को बुलाकर उन्हें बुरी तरह पीटा।

उन्हें बचाने आए उनके गांव के मनीष सिंह, राघवेंद्र सिंह व प्रवीण सिंह को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरी तरफ मुन्ना सिंह ने तहरीर देकर बताया कि ढाबे पर वह चाय पी रहे थे। तभी वहां संजीव सिंह पहुंच गए। उन्हें अपशब्द कहने लगे। मना करने पर उन्हें पीटने लगे। उन्हें बचाने पहुंचे उनके गांव के सूरज सिंह व कल्लू सिंह को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को सीएचसी विक्रमजोत भिजवाया।

थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पांडेय ने बताया कि एक पक्ष की तहरीर पर मुन्ना सिंह, कल्लू सिंह व सूरज सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष की तहरीर पर मनीष सिंह, संजीव सिंह, प्रवीण सिंह व राघवेंद्र सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। संजीव सिंह, प्रवीण सिंह, मुन्ना सिंह व कल्लू सिंह को शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती** : वाल्टरगंज थाने के कल्याणपुर निवासी पप्पू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जमीन के विवाद को लेकर विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए उनकी पत्नी मीरा, बेटी सोनिका, रोशनी और मोनिका को पीटा। जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के रामसूरत, यशपाल, सत्यम और अमरावती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। (जासं)

# मृत अजगर मिला

**वाल्टरगंज,बस्ती :** थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर चौराहे के पास बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर दाहिने तरफ एक मृत अजगर मिला। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस व वन विभाग की टीम ने अजगर को मिट्टी में दफन कर दिया। (जासं)

# गुंडा एक्ट के तहत 18 लोगों को किया पाबंद

**जासं, बस्ती:** अलग-अलग थानाक्षेत्र के 18 व्यक्तियों को पुलिस ने गुंडा एक्ट के तहत पाबंद किया है। इनमें परशुरामपुर, लालगंज, कप्तानगंज और दुबौलिया थाने की पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

पुलिस ने राम जनम यादव निवासी पितुड़ा, शिवा सिंह व विनोद सिंह निवासी गुदनूपुर, संजय गुप्ता उर्फ संजू निवासी सुकरौली कुंवर, उपेन्द्र यादव निवासी मिश्रौलियाधीश और दया शंकर यादव निवासी उदयपुर कला पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कप्तानगंज पुलिस ने अविनाश सिंह निवासी फरेन्दा सेंगर, अशीष मणि उर्फ भुवनेश मणि निवासी बडोखर व वेदमणि उर्फ देवमणि निवासी मुइली के विरुद्ध कार्रवाई की है। दुबौलिया पुलिस ने सोनू उर्फ़ तीर्थराज निवासी हरिवंशपुर खुर्द, राधेश्याम गुप्ता खुशहालगंज व सुरेन्द्र गौतम सिरसिया, लालगंज पुलिस ने जनार्दन निवासी भिटहा, विवेक चौधरी भिटहा, राजन चौधरी रघुउपूर, झिनक हरैया और रामजीत निवासी कोप को भी गुंडा एक्ट के तहत निरुद्घ किया है।

कर कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# पैसा हड़पने का लगाया आरोप, केस दर्ज

**बस्ती :** छावनी थाने के कोहल तिवारी निवासी भगवंत प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के रहने वाले गोरखनाथ वर्मा ने खेत का बैनामा करने के लिए उनसे एक लाख 86 हजार रुपया लिया था। लेकिन खेत बेचने से बाद में मना कर दिया। दी गई रकम में से 88 हजार 700 रुपया वापस किया और शेष 97 हजार 300 रुपया वापस नहीं किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच कर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोपित झोलाछाप को पकड़ा

- परशुरामपुर थाने के नेउरी रामबक्श चौराहे पर घटी थी घटना
- गलत दवा व इंजेक्शन देने के कारण बेटे की मृत्यु होने का लगाया आरोप

**जासं, परशुरामपुर, बस्ती:** परशुरामपुर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या तथा मेडिकल कमीशन एक्ट मामले में झोलाछाप को रविवार को मखौड़ा से गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। क्षेत्र के धर्मपुर निवासी सोमई चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बेटे भाष्कर चौहान का 29 अक्टूबर को दवा कराने नेउरी रामबक्श में स्थित प्रदीप वर्मा की क्लीनिक पर ले गए थे।

आरोप लगाया था कि गलत दवा तथा इंजेक्शन देने के कारण उनके बेटे की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित की तलाश कर रही थी। इसी बीच सूचना के आधार पर आरोपित को मखौड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था।

# बंधुआ में मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, वाल्टरगंज:** पुलिस ने मारपीट के मामले में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बंधुआ गांव निवासी देवेंद्र उपाध्याय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह उनके गांव के संजय, रंजय, राज व विवेक रंजिश को लेकर घर पर चढ़कर अपशब्द कहने लगे। उसके बाद लाठी, डंडा व सरिया लेकर टाइल्स तोड़ने लगे। जब उनके परिवार के लोगों ने विरोध किया तो संजय ने उनके भाई रविंद्र उपाध्याय के सिर पर डंडे से वार कर दिया। वह बेहोश होकर गिर गए। उनको बचाने के लिए गई भाई की पत्नी अनीता भतीजा नितेश व उनके बेटे आशुतोष को भी वह लोग पीटने लगे। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आपसी विवाद को लेकर मारपीट, केस दर्ज

**बस्ती :** वाल्टरगंज थाने के लक्ष्मणापुर निवासी गुलाम्म हजरत ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के गुलाम्म दस्तगीर, उनकी पत्नी व बेटी ने आपसी विवाद को लेकर उनके भाई, पत्नी व बेटी को मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। थाने के मनौरी झाड़ी निवासी लक्ष्मी देवी का आरोप है कि रंजिश को लेकर राम्मउजागिर सम्मेत चार लोगों ने अपशब्द कहते हुए पति व अन्य को मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है। (जासं)

# घर में घुसकर मारपीट करने पर मुकदमा

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बंधुवा निवासी देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे उनके भाई रविंद्र घर में खाना खा रहे थे।

तभी गांव के ही संजय, रंजय व विवेक घर में घुस आए और रविंद्र को सरिया से पीटने लगे। बताया कि बचाव में आए उनके भतीजे नितेश, भाई की पत्नी अनीता और पूनम के साथ भी उन लोगों ने मारपीट कर घर में तोड़फोड़ की। घटना में रविंद्र को काफी चोट आई। उनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# ढाबे में मारपीट, चार गिरफ्तार

**छावनी।** थाना क्षेत्र के रमहटिया गांव के पास हाईवे से सटे एक ढाबे पर शनिवार रात में दो गांव के युवकों में जमकर मारपीट हुई। विवाद ढाबे से पर खड़े एक ट्रक को रास्ता देने के लिए हुआ।

इस विवाद के दौरान ढाबे की कई कुर्सियां टूट गईं। मारपीट की घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के दो-दो लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया।

इस बारे में थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस विवाद में पचवस गांव के संजीव सिंह, प्रभाकर सिंह तथा पैंतेपुर गांव के मुन्ना सिंह तथा कल्लू सिंह को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# आरोपी झोलाछाप गिरफ्तार

परशुरामपुर। नेउरी रामबक्श चौराहे पर स्थित झोलाछाप को गैर इरादतन हत्या के आरोप तथा मेडिकल कमीशन एक्ट के मामले में परशुरामपुर पुलिस ने रविवार को मखौड़ा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। झोलाछाप प्रदीप वर्मा की नेउरी रामबक्श में क्लीनिक है। क्षेत्र के धर्मपुर निवासी सोमई चौहान अपने लड़के भाष्कर चौहान (13) का 29 अक्तूबर को इलाज कराने प्रदीप वर्मा की क्लीनिक पर गए थे। आरोप है कि गलत दवा तथा इंजेक्शन देने के कारण भाष्कर की मृत्यु हो गई थी। संवाद

# तीसरे दिन भटकते मिला लापता हुआ बालक

**पैकोलिया।** स्थानीय थानाक्षेत्र के चेतरा गांव से शुक्रवार को लापता हुए बालक को रविवार को पुलिस ने ढूंढ लिया। वह हरैंया ओवरब्रिज के पास मिला। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बालक को सकुशल ढूंढ निकालने पर 10 हजार रुपये पुरस्कार देने का एलान किया है।

शुक्रवार को थाना पैकोलिया में जितेंद्र कुमार निवासी चेतरा ने सूचना दी थी। बताया था कि शुक्रवार 28 अक्तूबर की सुबह 8.30 बजे उनका 13 वर्षीय पुत्र अमन साइकिल से स्कूल जाने के लिए निकला था। देर रात तक घर नहीं आया।

पुलिस ने अज्ञात पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर बालक की खोजबीन शुरू की। एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि किसी के साथ वह खुद ही लखनऊ चला गया था। वहां से लौटकर वह हरैंया पहुंचा।

एसओ गजेंद्र सिंह की टीम उसे वहां से थाने ले गई। आवश्यक कार्रवाई के बाद सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संवाद

## सिर फोड़ने के आरोप में पति पर मुकदमा

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी राजन उर्फ विजय कुमार का आरोप है कि उनकी बहन प्रमिला को उनका पति मंजीत आए दिन प्रताड़ित करता रहा। 29 अक्तूबर 2022 को पीटकर उनकी बहन का सिर फोड़ दिया पुलिस ने मुंडेरवा थाने के रामपुर निवासी मंजीत पर केस दर्ज किया है। संवाद

## रुपये हड़पने का आरोप, केस दर्ज

**बस्ती।** छावनी थाने के कोहल तिवारी निवासी भगवंत प्रसाद का आरोप है कि गांव के रहने वाले गोरखनाथ वर्मा ने खेत का बैनामा करने के लिए उनसे एक लाख 86 हजार रुपये लिए थे। बाद में खेत बेचने से मना कर दिया। दी गई रकम में से 88 हजार 700 रुपये वापस किए और शेष 97 हजार 300 रुपये वापस नहीं किए। पुलिस ने केस दर्ज किया है। संवाद

## स्कूल में चोरी के मामले में केस दर्ज

**बस्ती।** छावनी थाने में तहरीर देकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमोढ़ा विक्रमजोत के प्रधानाध्यापक देवेंद्र सिंह ने बताया है कि पांच अक्तूबर को स्कूल के रसोईघर, कार्यालय और स्टोर रूम का ताला तोड़ दिया गया। अभिलेख, किचन के सामान को चुरा लिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# गुंडा एक्ट के तहत 18 आरोपी निरुद्ध

**बस्ती।** चार अलग-अलग थानाक्षेत्रों के 18 आरोपियों को पुलिस ने गुंडा एक्ट के तहत पाबंद किया है। परशुरामपुर, लालगंज, कप्तानगंज और दुबौलिया थाने की पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

परशुरामपुर थाने की पुलिस ने रामजनम यादव निवासी पितुड़ा, शिवा सिंह व विनोद सिंह निवासी गुदनूपुर, संजय गुप्ता उर्फ संजू निवासी सुकरौली कुंवर, उपेंद्र यादव निवासी मिश्रौलियाधीश और दयाशंकर यादव निवासी उदयपुर कला पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

इसी प्रकार कप्तानगंज थाने की पुलिस ने अविनाश सिंह निवासी फरेंदा सेंगर, अशीष मणि उर्फ भुवनेश मणि निवासी बडोखर व वेदमणि उर्फ देवमणि निवासी मुइली पर यह कार्रवाई की है।

वहीं, दुबौलिया थाने की पुलिस ने सोनू उर्फ तीर्थराज निवासी हरिवंशपुर खुर्द, राधेश्याम गुप्ता खुशहालगंज और सुरेंद्र कुमार गौतम सिरसिया पर, लालगंज थाने की पुलिस ने जनार्दन और विवेक चौधरी निवासी भिटहा, राजन चौधरी निवासी रघुउपूर, सरदूम निवासी हरैंया, झिनक हरैया और रामजीत निवासी कोप को भी गुंडा एक्ट के तहत निरुद्ध किया है। संवाद

# मारपीट के 10 मामलों में 44 नामजद सहित 63 पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## कोतवाली, छावनी, परशुरामपुर, लालगंज, वाल्टरगंज थाने के मामले

**बस्ती।** अलग-अलग छह थानाक्षेत्रों में मारपीट के 10 मामलों में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर 44 नामजद व 19 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली थाने की पुलिस ने मारपीट के दौरान नाखून से मुंह तथा हाथ के चमड़े नोच लेने, जान से मारने की धमकी तथा झगड़े के दौरान मंगलसूत्र तोड़कर नुकसान करने के आरोप में दुर्गावती निवासी कटरा बाईपास की तहरीर पर दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। इनमें रामरति पत्नी स्व. मोहन व लाला निवासी कटरा बाईपास दुर्गानगर थाना कोतवाली शामिल हैं। पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने अपशब्द कहते हुए मारने पीटने के मामले में जय किशन निवासी धोबी टोला दक्षिण दरवाजा की तहरीर पर वहीं के दीपक, रिंकू, अजय और मनीष निवासी पर मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं, पुरानी बस्ती थाने के ही करूआ बाबा निवासी मनोज कुमार की तहरीर पर पिंटू और मोहित पर मारपीट, अपशब्द कहने तथा धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है।

वाल्टरगंज थाने के कल्याणपुर में मारपीट के मामले में पप्पू की तहरीर पर राम सूरत, यशपाल, सत्यम व अमरावती पत्नी चंद्रपाल पर मुकदमा दर्ज किया है।

इसी थाने के मनौरी डाड़ी गांव में मारपीट के मामले में लक्ष्मी पत्नी बलराम की तहरीर पर रामउजागिर, हरिराम की पत्नी, चांदनी पुत्री हरीराम व अर्चना पुत्री हरीराम पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

इसी थाने के लक्ष्मणपुर में गुलाम हजरत की तहरीर पर गुलाम दस्तगीर, गुलाम दस्तगीर की पत्नी, उसकी बेटी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

छावनी थाने के गोरख लाइन ढाबा पचवस पर गाड़ी खड़ी करने के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने संजीव सिंह की तहरीर पर मुन्ना सिंह, कल्लू , सूरज व 10-15 व्यक्ति अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। इसी मामले में दूसरे पक्ष के सूर्य विलास उर्फ मुन्ना सिंह निवासी निवासी पैतेपुर थाना छावनी की तहरीर पर संजीव सिंह उर्फ छोटू, प्रभाकर उर्फ प्रवीण, बादल, अमित सिंह उर्फ बादशाह, मनीष सिंह उर्फ लक्की, वैभव सिंह निवासी पचवस व तीन-चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

परशुरामपुर थाने के धर्मपुर में कमलेंद्र कुमार की तहरीर पर शिवम, शालू पुत्री वीरेंद्र प्रसाद व दो अज्ञात पर मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है।

इस मामले में दूसरे पक्ष की ज्योति शुक्ला पुत्री विरेंद्र प्रसाद शुक्ला की तहरीर पर पुलिस ने कमलेंद्र शुक्ला व पुष्पर शुक्ला पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने के गहरवार जोत में हृदयराम की तहरीर पर पुलिस ने राममूरत, राम नवल व रीता देवी पत्नी राम नवल पर मारपीट सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है।

# कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए...

## पुत्रों के दीर्घायु की कामना लिए उपासना में लीन रहीं व्रती महिलाएं, अमहट घाट व निर्मली कुंड सहित अन्य घाटों पर उमड़ा आस्था का जनसमूह



अमहट घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य की आराधना के बाद अर्घ्य देतीं महिलाएं। इस मौके पर कई पुरुषों ने भी पूजा की। संवाद



अर्घ्य देने के पहले महिलाएं काफी देर तक पानी में खड़ी रहीं। संवाद



गौर में पूजा करतीं महिलाएं। संवाद



बनकटी में अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा करते लोग। संवाद



अमहट घाट पर पहुंचे डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** सूर्योपासना के महापर्व छठ के तीसरे दिन रविवार को आस्था, उल्लास और समर्पण का अनूठा समन्वय छठ घाटों पर नजर आया। व्रती महिलाएं सूर्योपासना के दौरान अन्य अनुष्ठानों के साथ छठ पर्व के पारंपरिक गीतों के जरिए भी स्तुति कर रही थीं। अमहट घाट पर व्रती महिलाओं के बीच से जो गीत सुनाई दिया, उसके बोल थे- कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए।

कुआनो नदी के अमहट घाट और पुरानी बस्ती के निर्मली कुंड पर मंगल गीत गातीं व्रती महिलाओं की आमद देर शाम तक चलती रही। व्रतियों ने अस्त होते सूर्य देव को अर्घ्य देकर अपने पुत्रों के यश, कीर्ति और समृद्धि का वर मांगा। प्रशासन की तरफ से सुरक्षा और सुविधा के प्रबंध थे।

अमहट घाट पर बाढ़ के पानी की वजह से श्रद्धालुओं को थोड़ी असहजता का सामना करना पड़ा। नगर पालिका के अलावा पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम मुस्तैद रही।

अमहट घाट और निर्मली कुंड के अलावा कुदरहा के सेल्हरा, नौरहनी, पिपरपाती, गायघाट, लालगंज, बानपुर, मखौली, कौलेश्वरधाम कलवारी आदि विभिन्न स्थानों पर व्रतियों की टोली छठ उपासना में तल्लीन दिखीं, जिसमें उनकी कठोर तपस्या के साक्षी व सहयोगी बनने के लिए लालायित परिवार के लोग तत्पर रहे। घाटों पर छठ मैया के भावपूर्ण गीत गूंजते रहे। निर्जल व्रत रहकर महिलाओं ने गन्ने के मंडप में गीत गाते हुए छठ मैया की विधिवत पूजा की। उसके बाद महिलाओं ने पानी में खड़ा होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया। भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के बाद व्रती वापस वेदिका के सामने पहुंचीं।

वेदी के सम्मुख कंद, मूल और फल के साथ ही पूजन के लिए तैयार पकवान रखकर महिलाओं ने आरती उतारी। प्रणाम कर मनोवांछित फल मांगा। इस बीच घाट पर पहुंचे सभी लोग अपने परिजनों के साथ अलग-अलग इस परंपरा निभाने में लगे रहे।

**डुमरियागंज सांसद ने अमहट घाट पर दिया अर्घ्य :** डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने अमहट घाट पर छठ पूजा करके डूबते सूरज को अर्घ्य दिया। सांसद ने कहा कि छठ पूजा का वर्णन 'स्कंद पुराण' में विस्तार से है। इस मौके पर आशुतोष सिंह व राघवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### सुरक्षा में तैनात रहे पुलिस कर्मी

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। पर्याप्त सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे। बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मी भी अमहट घाट, निर्मली कुंड परिसर में नजर आईं। एसओ पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह निर्मली कुंड पर और कोतवाल शशांक शेखर राय अमहट घाट पर भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। नदी में बैरिकेडिंग कर पानी में एक सीमा तक जाने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नावों और मोटर बोट की व्यवस्था की गई थी। छठ मेला के दौरान कर्मचारियों के साथ अधिकारियों को भी लगाया गया था।

### आज उगते सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

पुत्र के दीर्घायु और यशस्वी की कामना लिए सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व का समापन होगा। पूरी रात घाटों पर गहमागहमी रही। कहीं, डीजे पर छठ मैया के मधुर गीत गूंज रहे थे तो कहीं महिलाओं की टोली पारंपरिक रंगों में रंगी नजर आईं।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-10-2022

# नदी में नहाने गया युवक डूबा, तलाश जारी

**उसका बाजार(एसएनबी)।** कस्बा के शिवाजी नगर वार्ड से सटे कूड़ा नदी में रविवार की दोपहर नहाने गए 16 वर्षीय युवक डूब गया। डूबा हुआ युवक शिवाजी नगर वार्ड का निवासी धीरज सहानी पुत्र रामदास है। सूचना मिलने पर पुलिस पुलिस बल के साथ एसओ राजेश तिवारी मौके पर पहुँचे । पुलिस गोताखोर के सहारे तलाश कर रही है। मौके पर एसपी अमित कुमार आनंद, एसडीएम प्रदीप कुमार यादव , ईओ जितेंद्र सिंह यादव व सीओ अखिलेश वर्मा भी पहुँचे । शिवाजी नगर वार्ड के निवासी धीरज वार्ड से सटे स्थित कूड़ा नदी में नहाने गया था। नहाते नहाते बीच नदी में पहुँच गया। नदी के किनारे रहे प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार धीरज बीच नदी में अचानक डूबा फिर वापस नही दिखाई दिया। यह सूचना थोड़ी देर बाद आग की तरह फैल गई। इस घटना से परिजन का रो रो कर बुरा हाल है। एसओ राजेश तिवारी ने बताया कि पीएसी व एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई है। तलाश जारी है। इस घटना से आहत पूर्व चेयरमैन हेमन्त कुमार जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश यादव, अभिषेक त्रिपाठी, अमर नाथ अग्रहरि , हरिशंकर सिंह, देवेंद्र श्रीवास्तव, आदि डूबे हुए युवक के घर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त किये और ढाढस बधाया।

# पास्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**लोटन(एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व अखिलेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली लोटन देवनन्दन उपाध्याय के नेतृत्व में रविवार को मु0अ0सं0 123ध्22 धारा 363ध्366ए भादवि व 16ध्17 पोक्सो एक्ट से सम्वन्धित गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।गिरफ्तारी स्थल शिवाजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुडिली से समय करीब 1430 बजे दिन शनिवार को किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तगण संतोष पुत्र लवकुश साकिन रेहरा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 22 वर्ष है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 राकेश कुमार का0 हेमन्त कुमार महिला का अंजू वर्मा थाना को लोटन जनपद सिद्धार्थनगर रही।

# पुलिस ने चार के विरुद्ध की कार्रवाई

**उसका बाजार(एसएनबी)।** उसका पुलिस ने रविवार को धारा 457ध्380ध्411 प्च्ब से सम्बंधित वांछित अभियुक्त गणष्ण मोहन साहनी पुत्र श्रीराम साकिन वार्ड नं 14 आजाद नगर परती बाजार थाना उसका बाजार ,हरिमिलन पुत्र अजय कुमार चौहान साकिन बेलसर थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज, नवनीत कुमार पुत्र रामबहाल प्रसाद साकिन करमा थाना उसका बाजार, नीलेश पुत्र रूदल साकिन करमा थाना उसका बाजार को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ राजेश तिवारी, श्रीकान्त सिंह आदि रहे।



# बिस्कोहर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

बिस्कोहर। छठ पर्व के मद्देनजर रविवार को त्रिलोकपुर पुलिस ने नवागत थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में बिस्कोहर कस्बे में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान कस्बे के व्यापारियों से संवाद कर सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। त्योहार को भयमुक्त वातावरण में मनाने का संदेश भी दिया। इस मौके पर चौकी प्रभारी बिस्कोहर सर्वेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

- बाढ़ में पुलिस की लापरवाही से जा चुकी है एक ही परिवार के चार लोगों की जान
- लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान चाकू मारकर शहर में हो चुकी है युवक की हत्या

# देर से जागी पुलिस तीन थानेदार पैदल

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** ताबड़तोड़ हुई घटनाओं से पुलिस ने सबक लिया है। सदर थाने के प्रभारी निरीक्षक समेत पांच पुलिसकर्मियों को एसपी अमित कुमार आनन्द ने निलंबित कर दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर व थाना प्रभारी ढेबरूआ को लाइन हाजिर कर दिया है। एक साथ तीन थानेदारों को हटाने के बाद पुलिस ने अपनी गलती स्वीकार्य कर ली है।



शहर में मूर्ति विसर्जन के दौरान निकाले गए डोलों के बीच डीजे पर गाना बजाने को लेकर 25 अक्टूबर को राहुल वर्मा नामक युवक की चाकू घोंपकर हाइडिल तिराहे पर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस अधिकारियों ने इसे लापरवाही मानते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह, आरक्षी रविंद्र कुमार दुबे, सूर्यकांत निषाद, विवेक शर्मा, शहजाद अली को शुक्रवार की देर रात निलंबित कर दिया। इसी प्रकार ढेबरूआ थाना क्षेत्र में बिगउरा नाले के पास 11 अक्टूबर को समय माता कठेला थाना क्षेत्र के पचपेड़वा गांव निवासी नरेंद्र उनकी पत्नी राजमती और दो बच्चे अनुष्का व अनामिका बाढ़ की पानी में बह गए थे। इस घटना के पीछे भी पुलिस की लापरवाही सामने आई थी। इसी तरह बाढ़ पीड़ितों से मिलने गए सांसद जगदंबिका पाल पानी के बीच से बिजौरा जा रहे थे, पर थाना प्रभारी त्रिलोकपुर छाता लगाए ट्रैक्टर पर आराम कर रहे थे। इससे नाराज थानेदार को सांसद ने जमकर फटकार लगाई थी। सभी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई हुई है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि कानून व्यवस्था शासन की प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में हुई हत्या में लापरवाही मिलने पर प्रभारी निरीक्षक व आरक्षियों के निलंबन की कार्रवाई हुई है। वहीं लगातार मिल रही शिकायतों के कारण ढेबरूआ व त्रिलोकपुर थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है।


**यह और अन्य खबरें देखें**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# चार वारंटी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : उसका पुलिस ने रविवार को चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम कृष्ण मोहन साहनी निवासी आजाद नगर परती बाजार, हरिमिलन निवासी बेलसर थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज, नवनीत कुमार व नीलेश कुमार निवासी करमा थाना उसका बाजार है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक कांतसिंह आदि शामिल रहे। (जासं)

# देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बढ़या** : मिश्रौलिया पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान ग्राम सेमरा निवासी देवी दयाल को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 20 अदद कागज पाउच में देसी शराब बरामद की गई। आबकारी एक्ट अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को न्यायालय के लिए रवाना किया गया। (जासं)

# नशीली दवा व चाकू के साथ गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : मोहाना पुलिस ने रविवार को 120 गोली नशीली दवा व चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम सुलेमान निवासी बसंतपुर थाना मोहाना है। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश यादव, शिवनाथ दास व तेज प्रकाश मौर्य शामिल रहे। (जासं)

**अजय को मिली सदर थाने की कमान:** सिद्धार्थनगर: पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए कई थानेदारों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। सदर थानाध्यक्ष रहे तहसीलदार सिंह के निलंबन के बाद उनके पद पर अजय कुमार यादव का सदर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

# महिला ने पति पर लगाए गंभीर आरोप, वीडियो वायरल

सिद्धार्थनगर। सोशल मीडिया में एक महिला का वीडियो वायरल हो रहा है। महिला खुद को एक जनप्रतिनिधि के भतीजे की पत्नी बता रही है। वीडियो में महिला ने पति पर आरोप लगाया है कि वह उसे दहेज के लिए मारते-पीटते हैं। उसने अपनी व अपने माता-पिता की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

महिला ने वीडियो में कहा है कि उसके पति उसे पांच साल से प्रताड़ित करते आ रहे हैं। कल रात वह छठ व्रत थी और पति ने विवाद किया। वह किसी तरह जान बचाकर रूम से बाहर भागी। उसके माता-पिता आए, तो उन्हें भी थप्पड़ मार दिया।

## पति पर कई बार पिस्तौल दिखाने का भी आरोप

महिला का कहना है पति उसके ऊपर कई बार पिस्तौल निकाल चुके हैं। इस मामले में जनप्रतिनिधि ने कहा कि यह पारिवारिक मामला है। भतीजे-बहू को समझाकर मामला खत्म करा दूंगा। संवाद

# मार्च करके दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बिस्कोहर।** छठ पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार शाम को नगर पंचायत बिस्कोहर में त्रिलोकपुर व चौकी बिस्कोहर के पुलिस कर्मियों ने मार्च किया।

थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जवानों ने त्योहार को भयमुक्त वातावरण में मनाने का संदेश दिया। साथ ही परोक्ष रूप से यह संदेश भी दे दिया कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए जवानों ने लोगों से निडर रहने का आह्वान किया।

इस मौके पर चौकी प्रभारी बिस्कोहर सर्वेश कुमार यादव, मुख्य आरक्षी रवि प्रताप उपाध्याय, विनोद कुमार यादव, आरक्षी जय हिंद राजभर, अजय कुमार, आशीष आदि मौजूद रहे।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-10-2022

# मनबढ़ों ने माता-पिता और बेटे को पीटा, चार नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के फुलुई गांव में शनिवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही चार मनबढ़ों ने एक युवक के उपर हमला कर दिया। शोर सुनकर युवक के माता-पिता मौके पर पहुंचकर बेटे का बचाव करने का प्रयास किए तो हमलावरों ने माता-पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल की तहरीर पर पुलिस ने 4 हमलावरों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के फुलुई गांव निवासी दिलीप पुत्र भगवानदास नामक युवक शनिवार की देर शाम पड़ोस में भोजन करने गया था जहां पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी गांव निवासी मनबढ़ रमेश व सुरेश पुत्रगण रामनयन, सूरज पुत्र राजेश तथा रामलौट पुत्र मनराज ने उसे घेर लिया और भद्दी-भद्दी गाली देने लगे। दिलीप ने जब गाली देने पर एतराज जताया तो उक्त विपक्षी उसके उपर हमला कर दिए और उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। इस बीच शोर सुनकर उसके पिता भगवानदास और माता उर्मिला देवी दौड़ती हुई मौके पर पहुंची और अपने बेटे दिलीप का बचाव करना शुरू कर दिया तो हमलावर दिलीप के साथ ही उसकी मां उर्मिला देवी और पिता भगवानदास को भी मारपीट कर घायल कर दिए। घटना को लेकर घायल उर्मिला पत्नी भगवानदास की तहरीर पर पुलिस ने उक्त चारों हमलावरों रमेश, सुरेश, सूरज तथा रामलौट के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक केडी सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# अधिवक्ता के उपर प्राणघातक हमले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**धनघटा** । धनघटा थाना क्षेत्र के बहराडाड़ी गांव निवासी अधिवक्ता अवधधारी शर्मा पुत्र महातम शर्मा के उपर बीते 28 जून 2022 की देर रात हुए प्राणघातक हमले में नामजद होने के बाद लगातार पुलिस पकड़ से फरार चल रहे नामजद अभियुक्त बहराडाड़ी गांव निवासी रामसुरेश पुत्र रामनिवास को धनघटा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विदित हो कि बीते 28 जून की देर शाम अधिवक्ता अवधधारी शर्मा बाइक से घर जा रहे थे। औराडाड़ गांव के आगे पुरानी रंजिश को लेकर हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और फायरिंग करते हुए अधिवक्ता के उपर लाठी-डण्डा और हाकी से प्राणघातक हमला कर बुरी तरह से अधिवक्ता को घायल कर दिया था। घटना के बाद घायल अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने सात हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,148,149,307,323,504,506,325 के तहत नामजद मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन कर रही थी। इस बीच लगातार छापेमारी करने के बाद घटना में नामजद अभियुक्त बहराडाड़ी गांव निवासी रामसुरेश पुत्र रामनिवास अभी तक पुलिस पकड़ में नहीं आ सका था। इस बीच न्यायालय ने उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट भी जारी कर दिया था जिसके आधार पर पुलिस ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नाथनगर** । महुली थानान्तर्गत काली जगदीशपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक हरिकेश भारती को रविवार की सुबह करीब 10 बजे जरिए मुखबिर फोन से सूचना मिली कि एक गांजा कारोबारी थाना क्षेत्र के कुरसुरी गांव के समीप बंधे पर अवैध गांजे की खेप लेकर खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। चौकी प्रभारी हरिकेश भारती हमराही पुलिसकर्मियों आरक्षी शरद राय और अरूण गौड़ के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर मोर्चा सम्भाल लिया। इसी बीच एक व्यक्ति हाथ में झोला लेकर आता दिखाई दिया जिसे रोककर पुलिस ने जब उसके झोले की तलाशी ली तो झोले में रखा 490 ग्राम अवैध गांजा बरामद हो गया। पुलिस की पूछताछ शुरू की तो उसने अपना नाम-पता क्रमशः मुसई निवासी ग्राम कुरसुरी थाना महुली बताया। पुलिस ने गिरफ्तार कारोबारी मुसई के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# बच्चों से भरी नाव पलटी, लोगों ने बचाई जान

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आस्था के महापर्व छठ पर खलीलाबाद शहर के पक्का पोखरा पर हजारों की संख्या में जहां व्रती महिलाएं भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना कर रही थीं वहीं खलीलाबाद शहर के कोतवाली के निकट स्थित छठ पोखरे में नाव पर सवार होकर करीब आधा दर्जन से अधिक बच्चे छठ पर्व पर मेले का आंनद ले रहे थे। इसी दौरान अचानक नाव असंतुलित होकर पोखरे में पलट गयी। जिससे नाव में सवार सभी बच्चे पोखरे में डूबने लगे। मेले में आये श्रद्धालुओं एवं आसपास के लोगों ने पोखरे में छलांग लगाकर सभी बच्चों की जान बचायी। बताया जा रहा है कि जैसे ही नाव पोखरे में पलटी नाव चला रहा मल्लाह नाव छोड़कर फरार हो गया।



पोखरे से निकालने के बाद अपने परिजनों के साथ बच्चे फोटो : एसएनबी

लोगों की मदद से डूब रहे सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने नाव चला रहा व्यक्ति पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मल्लाह ₹ लेने के चक्कर में छोटे-छोटे बच्चों को बैठाया था। जिसकी लापरवाही से नाव पलट गई। पीड़ितों ने बताया कि वह छठ पर्व पर अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ पक्का पोखरा खलीलाबाद पर आये हुए थे। बच्चों की जिद पर उन्हें नाव पर बैठा दिया गया। नाव पर बैठे बच्चे मेले का आनंद ले रहे थे। मल्लाह पोखरे के चारों तरफ बच्चों को नाव से घुमा रहा था। इसी दौरान मल्लाह नाव लेकर जैसे पोखरे के किनारे पहुंचा था कि अचानक पलट गयी और उसमें सवार सभी बच्चे पोखरे में डूबने लगे। कुछ श्रद्धालुओं एवं आसपास के लोगों ने तत्काल पोखरे में छलांग लगा दी और उन बच्चों को गमछा व रस्सी के सहारे एक-एक करके सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि पास के ही रहने वाले गोविन्द कश्यप एवं राम करन ने बिना अपने जान की परवाह किए तत्काल पोखरे में छलांग लगा दी। सभी बच्चों को बचाकर बाहर निकाला गया। जिसके बाद परिजन अपने बच्चों को लेकर घर चले गए। लेकिन इस घटना से परिजन सहमें हुए दिखे।

# 78 हजार रूपए जुर्माना वसूला

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से 78 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया। जिले के थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल की।

चेकिंग में एसओ व प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। 102 वाहनों के चालकों से 78 हजार रूपये शमन शुल्क वसूल किया।



घाटों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते एसपी सोनम कुमार।

# एसपी ने सुरक्षा का लिया जायजा

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने रविवार को छठ त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सूर्योपासना एव लोक आस्था के पर्व छठ पूजा पर मेंहदावल के करमैनी घाट का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान घाट पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना मेहदावल को निर्देशित किया। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने व वहां पर आए हुए श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी न हो इसके लिए पुलिस टीम को आदेशित किया।

# डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी ने लिया जायजा

छठ महापर्व के दौरान जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न घाटों पर सुविधाओं का जायजा लिया। जिला मुख्यालय के पक्का पोखरा पर दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की जांच पड़ताल की। इस दौरान एक तरफ जिलाधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को सुविधाओं को लेकर निर्देश देते दिखाई दिए। वहीं दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के मामले में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीएम मनोज कुमार सिंह व एएसपी ने भी छठ घाटों का जायजा लिया। तीनों एसडीएम भी मुस्तैद रहे। इसके अलावा सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय नजर आए।

# मरीज ले जाना अस्पताल संचालक को पड़ा महंगा



कलेक्ट्रेट चौकी पर पुलिस की कस्टडी में खड़ी निजी अस्पताल की एम्बुलेंस।

- जिला अस्पताल के इमरजेंसी में गोरिया गांव का मरीज था भर्ती
- चिकित्सक ने मरीज को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज किया था रेफर

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिला अस्पताल में वैसे तो दलाली सामान्य बात हो गई है। लेकिन रविवार को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती एक मरीज को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की बजाय जिले के एक निजी चिकित्सालय के कर्मी अपने अस्पताल में उपचार करने के लिए मरीज़ को ले जाने लगे। इसकी सूचना होने पर इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी को बुलाकर सूचना दी। एंबुलेंस को पुलिस के कब्जे में करवाया।

बखिरा थाना क्षेत्र के ढोढ़या गांव निवासी प्राद पुत्र जयमंगल की तबीयत सुबह करीब 11 बजे खराब हो गई। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर वरुणेश दुबे ने भर्ती किया। उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। लेकिन जिला अस्पताल में घूम रहे दलालों को जब इस बात की जानकारी हुई तो शहर के एक निजी अस्पताल की एंबुलेंस को बुला लिया।

मरीज को गोरखपुर की जगह नर्सिंग होम में ले जाने लगे। जानकारी जब चिकित्सक को हुई तो उन्होंने मरीज के बेटे योगेंद्र कुमार से पूछा कि मरीज कहां जा रहा है कहा कि साहब कुछ लोगों ने गोरखपुर की जगह एक नर्सिंग होम में बेहतर उपचार होने की बात की है, लेकिन मैं सरकारी अस्पताल में ही पिता का उपचार करवाउंगा।

इस बात को सुनकर डॉ. वरुणेश दुबे ने तुरंत कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी को बुलाया व एंबुलेंस पुलिस के कब्जे में करवा दी। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल परिसर में बिना किसी जिम्मेदार व्यक्ति की अनुमति बिना प्राइवेट अस्पताल की एंबुलेंस नहीं आ सकती है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

# विभिन्न मामले में आरोपितों पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने विभिन्न मामले में पांच आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई की। थाना बेलहरकला पुलिस ने तीन आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया। थाना महुली पुलिस ने 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ राम प्रसाद पुत्र श्रीराम निवासी चैनपुर व पार्वती देवी पत्नी संतराम निवासी मुखलिसपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के विरुद्ध थाना महुली पर आबकारी अधिनियम का मामला पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की।

# गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के चौकी काली जगदीशपुर चौकी प्रभारी हरिकेश भारतीय ने मुसई पुत्र हबीब निवासी कुरसुरी को 490 ग्राम गांजा के साथ रविवार को साखी पुल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके विरुद्ध एनडीपीसी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। उसका चालान कर न्यायालय में पेश कर ज़ेल रवाना कर दिया।

# चाकू के साथ एक आरोपित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपित को अवैध चाकू के साथ दबोच कर कानूनी कार्रवाई की। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि गोला चौकी इंचार्ज आशुतोष मणि त्रिपाठी शहर के सुगर मिल तिराहा पर पुलिस टीम के साथ जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ मे आरोपित की पहचान धर्मेंद्र कुमार निवासी बिधियानी रोड मटिहना के रूप में हुई।

# दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 1490 को थाना धनघटा क्षेत्र के बण्डा बाजार से मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के संबन्ध में सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। मार्ग दुर्घटना में घायल को प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए सीएचसी मलौली भेजवाया। घटना के सम्बन्ध में थाना धनघटा पुलिस को सूचना दी।

# अवैध गांजा के दो आरोपितों को दबोचा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने अवैध गांजा के साथ दो आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई किया। थाना मेंहदावल पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण व चेकिंग के दौरान आरोपित विशाल पुत्र अम्बे निवासी पश्चिम टोला को बिना नम्बर की काले रंग की बाइक व 650 ग्राम अवैध गांजा, अविनाश कुमार उर्फ जितेन्द्र पुत्र गिरजा प्रसाद निवासी सीयर को 600 ग्राम अवैध गांजा के साथ पकड़ा। पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध स्थानीय थाना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की।

# हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के वांछित आरोपित को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया। थाना धनघटा एसओ कृष्णदेव सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बलवा समेत अन्य धारा में वांछित आरोपित अभियुक्त रामसुरेश उर्फ गामा पुत्र रामनिवास यादव निवासी बहराडाड़ी को तिघरा चौराहे से गिरफ्तार किया। आरोपितों ने 27 जून को पुरानी रंजिश की बात को लेकर के वादी को जान से मारने के लिए कट्टा से फायर करने के साथ ही मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ दिया था। जिसके संबन्ध में पीड़िता ने तहरीर देकर मामले में अभियोग पंजीकृत कराया था।

# नाली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, जांच शुरु

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली पुलिस के समक्ष नाली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मामले में आरोपित पक्ष के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़िता मिन्नतुन्निशा पत्नी अकबर अली निवासी बड़ी सरौली ने प्रार्थना पत्र दिया है। सेहरुन्निशा पत्नी औलाद अली, साजिद अली पुत्र औलाद अली व फरसे, तकसीबुन्निशा पुत्रीगण औलाद अली दिनांक 27 अक्टूबर को दोपहर में नाली के विवाद की बात को लेकर गाली देने लगे। पीड़िता के मना करने पर नहीं माने और मारने-पीटने लगे। घटना में उसके सिर व शरीर में अन्दरूनी हिस्से में भी काफी चोटें आई। लोगों ने धमकी दिया कि फर्जी बलात्कार के आरोप में लड़के को फंसाकर जीवन बर्बाद कर दूंगी। साथ ही जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर मामले में आरोपित पक्ष के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए पुलिस निगरानी में अस्पताल रवाना कर दिया गया है।

# बिड़हरघाट में अव्यवस्था से प्रदेश के मत्स्य राज्यमंत्री नाराज हुए

**जासं, धनघटा, संतकबीर नगरः** प्रदेश के मत्स्य राज्य मंत्री डा. संजय निषाद रविवार को शाम के करीब छह बजे धनघटा तहसील क्षेत्र में सरयू नदी के बिड़हरघाट में पहुंचे। छठ पूजा के दौरान बिड़हरघाट में अव्यवस्था देखकर नाराज हुए। उन्होंने यहां के एसडीएम रवींद्र कुमार को फटकार लगाई।

प्रदेश के मत्स्य राज्य मंत्री ने कहा कि इस घाट पर व्रती महिलाओं के लिए उचित व्यवस्था नहीं की गई है। न तो इनके सुरक्षा के उचित इंतजाम किये गये हैं। साफ-सफाई की स्थिति भी ठीक नहीं है। इस दौरान बाबा भूइलोटन दास व रामशंकर दूबे ने इस घाट की अव्यवस्था की बात उनसे कही। इस पर उन्होंने जल्द उचित व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया।

**मंत्री ने छठ मैया की पूजा की:** प्रदेश के मत्स्य राज्य मंत्री डा. संजय निषाद ने छठ पूजा के अवसर पर रविवार को सरयू नदी के बिड़हरघाट पर डूबते सूर्य को दीप जलाकर पूजा-अर्चना की। सरयू मैया से क्षेत्र के विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि सरयू मैया के आशीर्वाद से इस क्षेत्र का समुचित विकास संभव हो सकता है।

# ठगी का केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

जासं, कांटे, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस जाली फिक्सड डिपाजिट (एफडी) बचत प्रपत्र देकर एक महिला से 25 लाख रुपये ठगी के मामले में पिता-पुत्र समेत तीन आरोपितों पर बीते शुक्रवार को मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच में जुटी हुई है। ग्राहक सेवा केंद्र चलाने वाला मुख्य आरोपित एक बीमा कंपनी का एजेंट है। फरार चल रहे इस आरोपित की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गयी तहरीर में औद्योगिक नगर निवासी सरोज मिश्र पत्नी शिवपूजन ने यह उल्लेख किया है कि इसी थाने के बारीडीहा गांव निवासी अविनाश चौधरी एक जीवन बीमा कंपनी में एजेंट के रूप में काम करते हैं। चुरेब कस्बे में वह ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। इन्होंने एफडी कराने के नाम पर उनसे चेक के जरिये लगभग 25 लाख रुपये लिए। इसके एवज में उन्हें जाली एफडी प्रपत्र दे दिया। यह धनराशि उन्होंने वर्ष 2020 से 2022 के मध्य अलग-अलग चेक से प्राप्त की। उनके साथ जालसाजी करने में मुख्य आरोपित अविनाश के साथ उनके पिता ओम प्रकाश चौधरी व भाई अरविंद चौधरी भी शामिल है। रुपये वापस मांगने पर ये उन्हें अपशब्द कहते हुए जान से मार डालने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले की विवेचना कर रहे कांटे पुलिस चौकी के प्रभारी श्याम मोहन ने बताया कि कुछ अन्य लोगों से भी इस तरह की जालसाजी करने की जानकारी मिली है।

# मारपीट के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

जासं, सांथा, संतकबीर नगरः बेलहर पुलिस ने बीते शनिवार की देर रात मारपीट कर एक व्यक्ति को घायल करने के मामले में दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बेलहर थाने में दी गयी तहरीर में कटया गांव निवासी धर्मेंद्र निषाद पुत्र छोटेलाल ने यह उल्लेख किया है कि बीते शुक्रवार की शाम वह घर से खाना खाने के बाद खेत की रखवाली करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनके गांव के राजेंद्र पुत्र मतिबर व करन पुत्र अज्ञात शराब के नशे में आ रहे थे। उन्हें देखने के लिए वह टार्च जलाया तो वो अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिए। इससे उनके दायें हाथ की हड्डी टूट गयी। थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने कहा कि बीते शनिवार की देर रात इन दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

संतकबीर नगर : छठ पर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। वहीं एडीएम वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह भी भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। हर घाट पर पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों के साथ ही गोताखोर भी लगाये गये थे।

# ट्वीटर पर मारपीट की सूचना पर गांव में पहुंची पुलिस

जासं, कांटे, संतकबीर नगर : डीआइजी-बस्ती मंडल व एसपी के ट्वीटर हैंडल पर दो युवकों में विवाद के बाद मारपीट होने की सूचना डालने पर बीते शनिवार की शाम करीब छह बजे कांटे चौकी के पुलिस कर्मी सक्रिय हो गये। तुरंत चंगेरा-मंगेरा गांव में पहुंचे। लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों पक्ष के बीच सुलह-समझौता हो गया है। अब कोई विवाद नहीं है। इस पर पुलिसकर्मी वापस चौकी पर पहुंचे।

चंगेरा-मंगेरा गांव के कुछ युवक बीते शनिवार को दोपहर के करीब 12 बजे कोटे की दुकान पर राशन लेने के लिए जा रहे थे। असनहरा पुरवा के अमरजीत गौड़ और चंगेरा-मंगेरा गांव के दीपक यादव के बीच रास्ते में किसी बात को लेकर विवाद हो गया है। इसके बाद इन दोनों के बीच मारपीट हो गयी। दोनों पक्ष में से एक भी व्यक्ति इसकी सूचना देने के लिए कांटे पुलिस चौकी पर नहीं आए। न ही दूरभाष पर ही पुलिस को कोई जानकारी दी। इसकी वजह से पुलिस इस घटना से अनजान रही। इसी दिन शाम के करीब छह बजे किसी ने इस घटना से संबंधित सूचना डीआइजी-बस्ती मंडल व एसपी के ट्वीटर हैंडल पर पोस्ट कर दी। इस पर पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। कांटे पुलिस चौकी के प्रभारी श्याम मोहन अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ तुरंत इस गांव में पहुंचे। पूछताछ करने पर पता चला कि गांव के संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप करने पर दोनों पक्ष के बीच सुलह-समझौता हो गया है। अब कोई विवाद नहीं है। इस पर पुलिसकर्मी वापस चौकी पर पहुंचे।

# सरयू व कुआनो नदी के कई घाटों पर हो रहा बालू खनन

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर: बाढ़ का पानी हटते ही सरयू व कुआनो नदी के विभिन्न घाटों पर अवैध रूप से बालू खनन शुरू हो गया है। दिन ढलने के बाद यह खेल हो रहा है। सड़कों पर बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक आसानी से गंतव्य स्थान के लिए जा रहे हैं। सब कुछ जानने के बाद भी जनपद व तहसील प्रशासन के अधिकारियों के अलावा संबंधित थाने की पुलिस खामोश है।

धनघटा तहसील क्षेत्र में बाढ़ का पानी हटते ही सरयू नदी के पास के छपरा, चपरा व हकीमपुर वहीं कुआनो नदी के पास के बगही, गायघाट, सेमरौना, सराय घाट, कटार गांव के निकट सहित अन्य स्थानों पर माफिया इधर कुछ दिनों से शाम ढलते ही अवैध रूप से बालू खनन करवा रहे हैं। अधिकारियों, पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से बालू बेंचकर माफिया मालामाल हो रहे हैं। एसडीएम रवींद्र कुमार ने बताया कि अवैध रूप से बालू खनन होने की जानकारी उन्हें नहीं है। इसके बारे में जानकारी प्राप्त करके उचित कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या के प्रयास का आरोपी पकड़ा गया

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को रविवार को तिघरा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। एसओ केडी सिंह ने बताया कि बहराडांडी में 27 जून को पुरानी रंजिश में आरोपियों ने जान से मारने के लिए पीड़ित पर तमंचे से फायर कर दिया था। इस संबंध में बलवा, मारपीट, हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। संवाद

# गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने रविवार को एक किलो 250 ग्राम गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान विशाल निवासी पश्चिम टोला, अविनाश उर्फ जितेंद्र निवासी सीयर मेंहदावल के रूप में हुई। संवाद



यातायात नियमों की जानकारी लेते स्कूली बच्चे। संवाद

# यातायात नियमों के पालन के लिए अभिभावकों को करें प्रेरित

**परिषदीय विद्यालय के बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई**

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। परिषदीय स्कूल के विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हे यातायात कार्यालय का भ्रमण कराया गया और वहां पर लगे संकेतक के कार्यों के बारे में बताया गया। इस दौरान दो विद्यालयों के कुल 60 छात्र छात्राए मौजूद रही।

उच्च प्राथमिक विद्यालय पचेठी और उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदी के छात्र छात्राएं वार्षिक भ्रमण के दौरान बखिरा थाने पर तैनात उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में मेंहदावल बाईपास स्थित यातायात कार्यालय पर पहुंची।

यहां पर यातायात निरीक्षक बृजेश कुमार यादव ने छात्रों को यातायात नियमो की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बाइक सवार हेलमेट और चौपहिया सवार सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाएं। इसके लिए अपने अभिभावकों को प्रेरित करें। इससे खुद की जान सुरक्षित रहेगी और सामने वाला भी सुरक्षित रहेगा। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने भी यातायात के नियमों की जानकारी दी।

उन्होंने हेलमेट लगाकर सुरक्षित वाहन चलाने, ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करने, बाइक और कार के कागजात हमेशा दुरुस्त रखने, अपने बाएं से चलने, ट्रैफिक सिग्नल का नियमानुसार पालन करने, रोड पार करते समय जेब्रा लाइन का ध्यान रखने के साथ ही अन्य नियमों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से दुर्घटनाएं रोकी जा सकती है।

इस दौरान प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, ऊषा गिरी, अंबरीश कुमार मौर्य, ओंकार, मोहम्मद हेलाल अनवर, निर्मला पटेल, उमे रूमान, सबरेन आदि मौजूद रहीं।

# युवक से मारपीट, दो पर केस दर्ज

बेलहर। क्षेत्र के कटया में खेत की रखवाली करने जा रहे एक युवक को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। कटया गांव निवासी धर्मेंद्र निषाद का आरोप है कि बुधवार शाम घर से खाना खाने के बाद खेत की रखवाली करने जा रहे थे। सामने से राजेंद्र और करन आ रहे थे। उन्हें देखने के लिए टॉर्च जलाया तो वह लोग गाली देने लगे और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। एसओ बेलहर अमित कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 31-10-2022

# गोण्डा में नशीली दवाओं के ऑनलाइन धंधेबाज दबोचे

- पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया
- नशीली दवाओं के साथ डिवाइस भी बरामद

गोण्डा, संवाददाता। नगर कोतवाली व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन नशीली दवाओं का व्यापार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से ऑनलाइन व्यापार में सहायक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ ही नशीली दवाएं भी बरामद की। अभियुक्तों ने करीब पांच करोड़ रुपये का प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री ऑनलाइन माध्यम से की गई।

एसपी आकाश तोमर ने बताया कि टीम ने गोण्डा-लखनऊ रोड पर शनिवार रात एक सफेद कार से अब्दुल हादी, अब्दुल बारी, विशाल श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया। अब्दुल हादी के पास से नशीली गोलियों का जखीरा बरामद हुआ।

# जनसुनवाई निस्तारण में खुली तरबगंज पुलिस की पोल

तरबगंज। जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर पीड़ित निश्चित हो जाते हैं कि संबंधित विभाग को कार्रवाई करनी पड़ेगी। जनसुनवाई पोर्टल पर जिले और प्रदेश के अधिकारियों की भी नजर रहती है। इसके बाद भी तरबगंज थाने की पुलिस तो झूठा गवाह दिखाकर मामले को निपटा देती है। जिससे पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा पता।

मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के विशनपुर का है। जहां के निवासी महेश शर्मा पुत्र ओंकार शर्मा का आरोप है कि पति-पत्नी का विवाद था। ससुराल पक्ष के लोग उसकी पत्नी सुमन को पारिवारिक विवाद के चलते मायके लेकर चले गए। जब उसकी पत्नी मायके पहुंच गई तो ससुराल पक्ष के लोग अब उसे नहीं भेजना चाहते। जिसकी शिकायत पीड़ित पति महेश शर्मा ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की थी।

लेकिन जांचकर्ता हेड कांस्टेबल कुशहार यादव ने मामले का असत्य निस्तारण कर दिया। पुलिस द्वारा बौरिहा के निवासी रामसेवक दुबे को मामले में गवाह बना कर निस्तारण दिखाया गया। जबकि गवाह से ना तो जांच अधिकारी मिले और न ही फोन से ही बात किया।

इतना ही नहीं गवाह रामसेवक दुबे को मामले की कोई जानकारी ही नहीं है। इस संबंध में पूछे जाने पर एसओ मनोज पाठक ने बताया कि संबंधित जांचकर्ता से बात करें, मुझे प्रकरण की जानकारी नहीं है।

# शांतिभंग के अंदेशे में 15 लोगों का चालान किया

गोण्डा। शांतिभंग की आशंका में जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चालान किया है। साथ ही सभी को भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया है। पुलिस अफसरों का कहना है कि शांतिभंग करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

# विनम्रतापूर्वक पेश आएं पुलिसकर्मी

वजीरगंज/कटराबाजार। एसपी आकाश तोमर ने शनिवार देरशाम थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय, परिसर, साइबर/महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के सही ढंग से रखरखाव करने का निर्देश दिया। साथ ही थाने में आने वाले सभी फरियादियों से विनम्रतापूर्वक पेश आने के निर्देश दिए। वहीं एसपी ने कटराबाजार थाने का औचक निरीक्षण किया। जिसमे एसएचओ चितवन कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कटरा थाने में एसपी के पहुंचते ही सभी मातहत एकदम मुस्तैद दिखे।

# शोभायात्रा में हुड़दंग मचाने वाले पांच लोग गिरफ्तार

- लक्ष्मी-गणेश विजर्सन यात्रा के दौरान बिगड़ने से बचा था माहौल
- वीडियो के आधार पर पुलिस ने पांचों आरोपियों की पहचान की

धानेपुर, संवाददाता। मूर्ति विसर्जन के दौरान बाबागंज कस्बे में अबीर-गुलाल के साथ हुड़दंग मचाने वाले पांच लोगों को चिह्नित करके पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेजा है। एसडीएम न्यायालय ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के कस्बा बाबागंज में स्थापित लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों का विसर्जन बीते गुरुवार को किया गया। इस दौरान बड़े धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई थी। शोभायात्रा के दौरान कुछ लोग जेसीबी में बैठकर अबीर-गुलाल उड़ा रहे थे। बताया जाता है कि कस्बे में ही स्थित एक धार्मिक स्थल के पास भी जब जेसीबी पर सवार होकर कुछ लोग ऐसा करने लगे। सूचना मिलते ही धानेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रा को आगे बढ़ा कर मामला किसी तरीके से निपटा दिया। इसके बाद से पुलिस की निगाह इन हुड़दंगियों पर टिकी हुई थी। वीडियो के आधार पर चिन्हित करने के बाद पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर चालान भेजा था। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कस्बे बाबागंज के रहने वाले अवधेश कुमार गुप्ता उर्फ सुधांशु गुप्ता, अरुण कुमार सैनी व राहुल गुप्ता इमलिहवा रेतवागाड़ा के रमेश कुमार व सुंदर लाल का चालान एसडीएम के न्यायालय पर भेजा गया था। जहां पर एसडीएम न्यायालय ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही जमानतदारों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया है।

# नाबालिग को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

मनकापुर। मिर्जापुर रामनाथ गांव के निकट आरपी आदर्श स्कूल-राजा कोट बाईपास मार्ग पर शनिवार की रात दस बजे रात में एक नाबालिग लड़की सूनसान स्थान पर खड़ी रो रही थी। सूचना पर पुलिस टीम महिला कांस्टेबल के साथ लड़की को कोतवाली ले आई। जहां उसने बताया कि कुछ लोग बहला फुसलाकर कर यहां लाए और छोड़ गए। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि बस्ती थाना परशुरामपुर क्षेत्र के गांव में लड़की को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया।

# अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार, मामला दर्ज

खोड़ारे। क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया है। खोड़ारे थाना क्षेत्र के शुकुलपुर से मदनपुर को जाने वाले मार्ग पर गश्त के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा था। तलाशी में उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। उपनिरीक्षक प्रेमानंद ने बताया कि आरोपी की पहचान रमेश पांडेय निवासी मटेरिया के रूप में हुई। थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।

# सोशल मीडिया पर असलहा संग की पोस्ट, दबोचा

इटियाथोक। पुलिस ने सोशल मीडिया पर असलहा के साथ फोटो पोस्ट करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सत्यम जासवाल पुत्र पाटनदीन जायसवाल निवासी इटियाथोक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ विरमापुर में महाविद्यालय के पास पकड़ा। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।



रविवार को बिछुड़े जोड़ों को समझाते परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्य।

# साथ रहने को राजी हुए बिछुड़े जोड़े

गोण्डा। पुलिस लाइन में रविवार को परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक हुई। एएसपी शिवराज की अध्यक्षता में परामर्शदाताओं ने बिछुड़े जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया। इस दौरान एक जोड़े को समझाबुझाकर सुखी जीवन जीने के लिए राजी कर लिया। इस दौरान निरीक्षण शेषमणि पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना पूनम यादव, गंगाधर शुक्ल, संतोष ओझा, राज मंगल मौर्य और साक्षी अरोरा मौजूद रही।

### यूएसए और यूके में नशीली दवाओं का कारोबार करने के एक आरोपी के पास बी फार्मा की है डिग्री

# नेट से तलाशते थे नशीली दवा के तलबगार

## शिकंजे में शातिर

- तीन लोगों को पकड़े वाली पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम
- नशीली दवाओं के साथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी किया बरामद

गोण्डा, संवाददाता। विदेशों में नशीली दवाओं के कारोबार में पकड़े गए शहर के अब्दुल हादी और अब्दुल बारी सगे भाई हैं। दोनों लखनऊ के गोमतीनगर में करीब 15 हजार रुपये के किराए पर ऑफिस खोल रखा था। इंटरनेट पर व्हाइटवेब से डेटा हासिल करके ये अमेरिका और ब्रिटेन में नशीली दवाओं के तलबगार तलाशते थे। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि अब्दुल हादी के पास बी फार्मा की डिग्री है। वह दवा कंपनी एमआर के तौर पर नौकरी कर चुका है। लिहाजा उसे इसके बारे में काफी जानकारी है। दोनों भाई शहर के जिगर इंटर कॉलेज के पास खान कॉलोनी के निवासी हैं।

एसपी ने बताया कि अब्दुल हादी के पकड़े जाने से नशीली दवाओं के अन्तर्राष्ट्रीय साइबर रैकेट के संबंध में कई जानकारियां प्रकाश में आई हैं। जिनकी पड़ताल की जा रही है। देश में संगठित रूप से चलाए जा रहे काले कारोबार में तमाम बड़े नाम भी शामिल हैं। पकड़े गए दोनों भाइयों ने विशाल श्रीवास्तव पुत्र ओमदेव श्रीवास्तव निवासी रिसिहा पुरवा विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ को नौकरी पर रखा था।



विदेशों में नशीली दवाओं का कारोबार करने वालों की जानकारी देते एसपी।

**खाते में होता था विभिन्न करेंसी के माध्यम से भुगतान :** एएसपी शिवराज ने बताया कि प्रतिबंधित नशीली दवाओं का ऑनलाइन व्यापार तीन वर्षों से चल रहा था। विदेशी कस्टमर्स द्वारा आरोपियों को पेपॉल, मनीग्राम, वेस्टर्न यूनियन और क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन आरोपियों के खातों में करते थे। एसपी ने गिरफ्तारी में खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

**यह हुई बरामदगी :** प्रतिबंधित नशीली दवा 54 पत्ता (540 टैबलेट), एक अदद लैपटाप, चार अदद एंड्राइड मोबाइल, एक अदद हार्ड डिस्क, चार एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड एक ड्राइविंग लाइसेंस, दो मेडिकल विजिटिंग कार्ड, दो वोटर आईडी कार्ड, एक सफेद कार, एक लेदर पर्स, जामा तलाशी के 3800 रुपये नकद।

### तीन वर्ष में पांच करोड़ का किया नशीली दवाओं का कारोबार

एसपी आकाश तोमर ने बताया कि अब्दुल हादी ने अमेरिका व यूरोपीय देशों में प्रतिबंधित नशीली दवाओ के बिक्री के लिए स्काइप एप पर अपना अकाउंट बनाया। इसके बाद ड्रग्स बायर और पिल्स प्रोवाइडर से सम्पर्क करके इस कारनामे को अंजाम देना शुरू किया। आरोपियों ने तीन साल में ही करीब पांच करोड़ रुपये की नशीली दवाएं बेची। इससे उन्हें करीब दो करोड़ रुपये का लाभ कमाया गया।

### बेहद शातिर हैं आरोपी

एएसपी शिवराज ने बताया कि कोरोना काल के दौरान अब्दुल हादी ने अपने भाई अब्दुल बारी के नाम से एबी साल्यूशन के नाम से कंपनी शुरू की थी। ये लोग विभिन्न ऐप से वर्चुअल नम्बर क्रिएट कर व्हाट्सएप के जरिए व्हाइट पेज वेबसाइट से विदेशी ग्राहकों का ब्योरा हासिल करते थे। इसके बाद सीधे विदेशी ग्राहक से चैट करके उनकी मांग के अनुसार वहीं के वेण्डर्स से प्रतिबंधित नशीली गोलियां सप्लाई कराते थे। आरोपियों ने विदेशी नागरिकों और लोकल वेण्डर्स का भी डाटाबेस बना रखा थे। इनमें से तमाम लोग नियमित ग्राहक व विक्रेता बन गये थे।

### बड़ी गहरी हैं जड़ें

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नशीली दवाओं के कारोबार को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ भी चिंता जताया चुका है। पुलिस अफसरों के मुताबिक इससे पहले लखनऊ में एटीएफ इसी तरह का कारोबार करने गिरोह का भंडाफोड़ किया था। लखनऊ में पकड़ा गया गिरोह विदेशों से दवा मंगाकर देश में सप्लाई करता था। रविवार को गोंडा में पकड़ा गया गिरोह की भूमिका भी सिर्फ अपना कमीशन हासिल करने की थी। ये लोग अमेरिका और यूरोपीय देशों में वहीं के वेंडर्स तक ग्राहकों को नशीली दवाएं उपलब्ध कराते थे। ग्राहक से खातों में पैसे लेकर वेंडर्स को उनका भुगतान कर देते थे। बताया जा रहा है कि गिरोह मोटा मुनाफा कमाता था।

# टीम ने बेटियों को किया जागरूक

करनैलगंज। कोतवाली की मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र में अभियान चलाकर महिलाओं एंव बेटियों को जागरूक किया। महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों के रोकथाम के लिए मिशन शक्ति टीम ने प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में भ्रमणशील होकर ग्रामसभा देवीतिलमहा के पण्डापुरवा में महिलाओं बालिकाओं को इक्ट्ठा कर उनसे संवाद स्थापित किया। टीम में आरक्षी अभय प्रताप व महिला आरक्षी ममता भारती शामिल रहीं।

# विवेचना लंबित मिलने पर एसपी ने जताई नाराजगी

संवादसूत्र, कटराबाजार (गोंडा) : पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने कटराबाजार थाने का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय व परिसर का अवलोकन किया। हिस्ट्रीशीटर की सूची तख्ती के बजाए कागज पर तैयार करने का निर्देश दिया। अभिलेखों की जांच में विवेचना लंबित मिलने पर नाराजगी जताई। कोतवाल चितवन कुमार मौजूद रहे। वजीरगंज : एसपी ने देर रात में थाने का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। साइबर अपराध को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बाबगंज : प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान हुड़दंग मामले में पांच लोगों को जेल भेज दिया गया है।

# डाग स्क्वायड में शामिल होगा बारूद का पता लगाने वाला श्वान

**संसू, गोंडा** : श्वान ओली के निधन के बारूद का पता लगाने के लिए जिले की पुलिस को अयोध्या टीम का सहारा लेना पड़ा रहा है। जल्द ही बारूद का पता लगाने वाला श्वान जिले के डाग स्क्वायड टीम में शामिल होगा। इसके लिए श्वान को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिले की डाग स्क्वायड में शामिल बारूद का पता लगाने वाले श्वान (एक्सप्लोसिव श्वान) ओली का निधन गत छह अगस्त को हो गया था। एक्सप्लोसिव श्वान ओली को छह का प्रशिक्षण देने के बाद 17 जून 2012 को जिले की डाग स्क्वायड में शामिल किया गया था। हैंडलर आरक्षी तुलसी सोनकर की देखरेख में श्वान ओली ने कई घटनाओं का राजफाश किया था। अप्रैल 2014 में कोतवाली नगर के तोपखान में छिपाए गए बम का पता ओली ने लगाया था। इसी तरह बहराइच अक्टूबर 2015 में खरगूपुर में गैस सिलिंडर फटने की अफवाह पर ईंट-पत्थर के नीचे दबे बारूद का पता ओली ने लगाया था। अन्य घटनाओं के राजफाश व बारूद का पता लगाने में ओली की अहम भूमिका रही। गत अगस्त में ओली के निधन के बाद अब बारूद संबंधी घटनाओं की जांच के लिए अयोध्या से डाग स्क्वायड को बुलाया जाता है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि ओली के निधन के बाद एक्सप्लोसिव श्वान की डिमांड की गई है। प्रशिक्षण के बाद डाग स्क्वायड में बारूद का खोज करने वाला श्वान शामिल होगा।

# नशीली दवाओं के कारोबार का राजफाश

## अमेरिका व यूरोपीय देशों से मंगाई जाती थी दवाएं, तीन लोग गिरफ्तार

**संसू, गोंडा** : नगर कोतवाली पुलिस व सर्विलांस सेल ने नशीली दवाओं के कारोबार का राजफाश किया। अमेरिका व यूरोपीय देशों से आनलाइन करीब पांच करोड़ रुपये की प्रतिबंधित दवाओं के कारोबार के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गोंडा-लखनऊ मार्ग पर महिंद्रा एजेंसी के पास शनिवार की रात 12.30 बजे कुछ लोग आपस में बात कर रहे थे। नशीली दवाओं के कारोबार की सूचना मिलने पर जांच की गई। अब्दुल हादी, अब्दुल बारी निवासी जिगर मेमोरियल इंटर कालेज स्थित खान कालोनी व लखनऊ के गोमतीनगर विभूतिखंड रिसिहा पुरवा निवासी विशाल श्रीवास्तव के वाहन से नशीली दवाओं के आनलाइन कारोबार की पुष्टि हुई। इनके पास से कार में प्रतिबंधित दवा व कारोबार से संबंधित सामान बरामद किया गया। एसपी ने कहा कि आरोपितों की गिरफ्तारी से नशीली दवाओं के अंतरराष्ट्रीय साइबर रैकेट की कार्य प्रणाली के साथ ही कई अन्य जानकारी प्रकाश में आई है। इसको लेकर और पड़ताल शुरू करा दी गई है।



कार्यालय में नशीली दवाओं के साथ पकड़े गये आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसपी आकाश तोमर ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

### बदमाश कैसे करते थे कारोबार

एसपी ने कहा कि आरोपित अब्दुल हादी ने स्काई पे एप पर अकाउंट बना रखा था। वह अमेरिका व यूरोप के देशों में आनलाइन नेटवर्क बना रखा था। इसके जरिए वह तीन साल से ड्रग्स बायर और पिल्स प्रोवाइडर से संपर्क करके आनलाइन कारोबार कर रहा है। अबतक पांच करोड़ रुपये की प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री आनलाइन तरीके से किया गया। इसमें दो करोड़ रुपये का लाभ कमाया। एसपी के मुताबिक आरोपित की विदेशी नागरिकों व वेंडर्स की मिलीभगत थी। प्रतिबंधित नशीली दवाओं का स्टाक अमेरिका में उपलब्ध है।

### स्वास्थ्य टीम ने मारा छापा, झोलाछाप फरार

**संसू, गोंडा** : शनिवार को बैजपुर गांव में पुलिस के साथ पहुंची स्वास्थ्य टीम को देखकर झोलाछाप फरार हो गया। टीम ने मौके पर मिले चिकित्सीय औजार व दवाएं जब्त करने के साथ ही संबंधित के खिलाफ मुकदमा कराया है। मुजेहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बैजपुर गांव में अवैध क्लीनिक संचालन की शिकायत डीएम व सीएमओ को मिली थी। गतदिवस स्वास्थ्य विभाग व इटियाथोक थाने की पुलिस ने संबंधित क्लीनिक पर छापा मारा। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. टीपी जायसवाल ने बताया कि जितेंद्र वर्मा अवैध क्लीनिक का संचालन करते मिले। उसके यहां से लकवा में झटका देने वाली टेंच मशीन, सुगर, बीपी समेत अन्य जांच मशीन व चिकित्सीय सामग्री व कई नशीली प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुई। छापेमारी के दौरान झोलाछाप मौका पाकर फरार हो गया। संबंधित के खिलाफ मुकदमा कराया गया है।

# सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की मौत, मुकदमा

**संसू, परसपुर (गोंडा)** : परसपुर कर्नलगंज मार्ग पर कोडरी गांव के पास एक अज्ञात वाहन से ठोकर लगने के कारण घायल हुए बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई।

बसंतपुर के बिहुरी गांव के रहने वाले नौमीलाल प्रजापति ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दीपावली के दिन उसके पिता जमुना प्रसाद प्रजापति घरेलू सामान की खरीदारी करने के लिए अमृतपुरी जा रहे थे तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। लखनऊ में इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

# नगर पंचायत चेयरमैन के पुत्र की जमानत की अर्जी खारिज

गोंडा। प्रभारी जनपद एवं सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने खरगूपुर हिंसा के दो मामलों में आरोपी खरगूपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। वहीं, इसी मामले में आरोपी नगर पंचायत चेयरमैन लाल मोहम्मद को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी बसंत कुमार शुक्ला के अनुसार खरगूपुर थाना क्षेत्र के खरगूपुर बाजार निवासी सोनू मोदनवाल ने खरगूपुर नगर पंचायत चेयरमैन लाल मोहम्मद के पुत्र जहीर समेत 39 नामजद व 10-15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कहा कि 10 अक्तूबर 2022 को शाम आठ बजे लाठी डंडे से लैस होकर विपिन की दुकान पर आकर तोड़फोड़ की।

इसी घटना में आरोपियों ने पुलिस की पेट्रोलिंग टीम पर ईंट, पत्थर, बोतल से हमला कर दिया, जिससे मुख्य आरक्षी राज किशोर व एक अन्य आरक्षी को गंभीर चोटें आईं। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र की सुनवाई के दौरान मुकदमे के तथ्य, परिस्थितियों एवं अपराध की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी जनपद एवं सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने आरोपी चेयरमैन लाल मोहम्मद के पुत्र जहीर का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। (संवाद)

# मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय तस्करी में तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। स्काइप एप के जरिए यूके, यूएसए समेत अन्य देशों में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बेचने के अंतरराष्ट्रीय रैकेट का भंडाफोड़ करके पुलिस ने शनिवार देर रात लखनऊ रोड से सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नशीली दवा अल्प्रासेफ 540 टैबलेट, कार व अन्य काफी सामान बरामद हुआ है।

एसपी आकाश तोमर ने बताया कि मादक पदार्थों का ऑनलाइन कारोबार करने वालों की धरपकड़ के लिए एएसपी शिवराज के निर्देशन में साइबर, सर्विलांस व कोतवाली नगर की टीम को लगाया गया था। सर्विलांस टीम की मदद से शनिवार देर रात लखनऊ रोड पर एक एजेंसी के पास से कार सवार अब्दुल हादी व अब्दुल बारी निवासी खान कॉलोनी निकट जिगर इंटर कॉलेज व विशाल श्रीवास्तव निवासी रिसिहा पुरवा विभूतिखंड लखनऊ को पुलिस ने दबोच लिया। एसपी ने बताया कि अब्दुल हादी के पास से नशीली दवाओं का जखीरा बरामद हुआ। इसके अलावा नशीली दवा अल्प्रासेफ 540 टैबलेट, एक लैपटॉप, चार एंड्राइड मोबाइल फोन, एक हार्ड डिस्क, चार एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, दो वोटर आईडीकार्ड, 3800 रुपये नकदी व एक कार बरामद हुई।

एसपी ने बताया कि अब्दुल हादी नशीली दवाओं की फोटो स्काइप एप के जरिए ग्राहकों को भेजता था। बताया कि बरामद लैपटॉप में पता चला कि गिरोह के सदस्य यूएसए व यूके में ऑनलाइन नशीली दवाओं का कारोबार करते हैं। अब्दुल हादी के पकड़े जाने से नशीली गोलियों के अंतरराष्ट्रीय साइबर रैकेट की महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली नगर में एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## स्काइप एप के जरिए यूके, यूएसए समेत अन्य देशों में बेच रहे थे प्रतिबंधित नशीली दवाएं



जानकारी देते एसपी आकाश तोमर। -संवाद

### अवसाद के मरीजों को दी जाती निश्चेतक दवाएं

**जिला** अस्पताल के फिजीशियन डॉ. जितेंद्र मिश्र ने बताया कि अल्प्राजोलम व अल्प्रासेफ जैसी निश्चेतक दवाओं का इस्तेमाल चिंता, विकार व गंभीर बीमारों को नींद आने के लिए दी जाती है। इन दवाओं का ओवरडोज नशे के लिए किया जाता है जोकि जानलेवा हो सकता है।

**दो करोड़ कमाया मुनाफा :** पूछताछ में खुलासा हुआ कि अब्दुल हादी ने तीन साल पहले अमेरिका व यूरोपीय देशों में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के बिक्री के लिए स्काइप एप पर अकाउंट बनाकर ड्रग्स बायर और पिल्स प्रोवाइडर से संपर्क कर ऑनलाइन कारोबार शुरू किया था। एसपी के मुताबिक पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने बताया कि तीन साल में पांच करोड़ रुपये की प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री ऑनलाइन की गई। जिससे उन्हें दो करोड़ रुपये मुनाफा हुआ है।

**ऐसे करते थे ऑनलाइन कारोबार :** गिरोह के सदस्य अपनी पहचान छिपाकर वर्चुअल नंबरों से व्हाट्सएप एकाउंट बनाकर व्हाइट पेज वेबसाइट से विदेशी कस्टमर्स का डाटा प्राप्त करते लेते थे। इस डाटा से कस्टमर्स/प्रोवाइडर से चैट/बात करके मांग के अनुसार लोकल वेंडर से कस्टमर को प्रतिबंधित नशीली दवाओं की आपूर्ति वहां के स्थानीय वेंडर से कराते थे।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-10-2022

# नशे की लत से शरीर का होता है पतन

बलरामपुर। नशे की लत पड़ने से आदमी का सामाजिक एवं शरीरिक पतन होता है। संभव हो तो भांग, गांजा, सिगरेट, मदिरापान आदि के सेवन करने से बचना चाहिए। यह बात वरिष्ठ पशु चिकित्सक डा. बीआर चौरसिया ने राम जानकी मंदिर बलुहा में आयोजित चौरसिया समाज की मासिक बैठक में कहा। बताया कि कुछ अपवाद छोड़ नियमित नशा करने वालो का शरीर व परिवार अस्त ब्यस्त रहता है।

# मारपीट के आरोप में तीन गिरफ्तार

हर्रैया। हर्रैया थाना की पुलिस ने मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव निवासी दीपक गिरि, संतोष गिरि, राजकुमार मिश्रा निवासी कहराडीह को उपनिरीक्षक रमाकांत तिवारी, पेशकार यादव ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

# 17 साल बाद दंगा आरोपितों को सुनाई जाएगी सजा

**संसू, उतरौला (बलरामपुर)** : वर्ष 2005 में होली के दौरान हुए दंगे के मामले में न्यायालय का फैसला 17 साल बाद सोमवार को आएगा। दंगा आरोपित 41 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है। सोमवार को सभी को सजा सुनाई जाएगी।

2005 में होली के दिन हुए दंगे में 64 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। न्यायालय में 16 साल के ट्रायल के बाद 20 अक्टूबर को 64 में से 41 लोगों को दोषसिद्ध करार दिया गया। सभी 41 आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया था।

नगर के पूर्व चेयरमैन अनूप चंद्र गुप्त, अमरनाथ गुप्त, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी नसीरुद्दीन खान नसीर, कोटेदार मोहम्मद नाजिम सिद्दीकी उर्फ नाजिम, मोहम्मद हारून उर्फ फिरोज समेत 41 दोषियों को सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सभी दोषियों को सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# 10 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बलरामपुर :** माडर्न थाना श्रीदत्तगंज की पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि ग्राम रूखीमझारी के अंसारी टोला निवासी मोहम्मद इजहार को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# किया जागरुक

**बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर सभी कोतवाली व थानों में तैनात एंटी रोमियो टीम ने स्कूलों व सार्वजिनक स्थलों पर कार्यक्रम करके बेटियों व महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सेल्फ डिफेंस के साथ उन्हें हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। (संसू)

# तीन आरोपित गिरफ्तार

**हर्रैया सतघरवा** : हरैया थाना की पुलिस ने मारपीट करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि मारपीट करने वाले आरोपित पुजारी यादव, मायाराम निवासी बिनोहनी कला, जमुना निवासी मणिपुर बाजार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। (संसू)

# 50 लीटर कच्ची शराब बरामद

**हर्रैया सतघरवा** : हर्रैया थाना की पुलिस ने 50 लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि फूल कुमार, विजय, शोभाराम उर्फ बूटे निवासी कुकुरभुकवा व गुल्ले उर्फ कृष्ण कुमार निवासी चौधरीडीह को शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# पुलिस कर्मियों ने दौड़ लगाकर दिया एकता का संदेश



सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी दौड़ में साइकिल पर से शामिल एसपी राजेश कुमार सक्सेना व पुलिसकर्मी ● जागरण

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने नगर कोतवाली से महारानी लाल कुंवरि महाविद्यालय तक दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने साइकिल चलाकर रैली की अगुवाई की। एकता दौड़ में क्षेत्राधिकारी नगर दरवेश कुमार, सीओ सदर ज्योतिश्री व राघवेंद्र प्रताप सिंह शामिल रहे। इसके बाद एसपी ने नगर कोतवाली के मालखाना, मालखाना रजिस्टर, हवालात, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, आरक्षी बैरक, महिला हेल्प डेस्क एवं साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया। कार्यालय के अपराधा, ग्राम, त्योहार व आगंतुक रजिस्टरों की जांच कर अपडेट करने का निर्देश दिया। भोजनालय का जायजा लेते हुए साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे मौजूद रहे।

# नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

**बलरामपुर।** नशे की लत से मनुष्य का सामाजिक एवं शारीरिक पतन होता है। संभव हो तो भांग, गांजा, सिगरेट, शराब आदि से बचना चाहिए। नशा केवल बर्बादी लेकर आता है और खुद के साथ-साथ परिवार का भी नाश कर देता है। ये बातें रविवार को राम जानकी मंदिर बलुहा में आयोजित चौरसिया समाज की गोष्ठी में डॉ. बीआर चौरसिया ने कहीं। इस मौके पर सीमा, अजय, संदीप, मनोज, हनुमान चौरसिया आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**बलरामपुर।** शहर के विशुनीपुर वार्ड में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने टीवी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। डीपी सिंह, जवाहरलाल, मीना सोनकर, राकेश चंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने से लोगों के लिए अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। (संवाद)

# घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल

**पेहर बाजार (बलरामपुर)।** सुंदरघाट जंगल के पास दुर्घटना का शिकार हुए प्रकाश वर्मा निवासी गोकुल नगर अगया बुजुर्ग घायलावस्था में पड़े थे। सूचना पर पेहर चौकी प्रभारी शमशाद अली, कांस्टेबिल अजीत व विनोद ने तुरंत उन्हें पीएचसी रेहरा बाजार पहुंचाया। जहां प्रकाश का इलाज चल रहा है। (संवाद)

# रन फॉर यूनिटी में दौड़े पुलिसकर्मी

## सरदार पटेल जयंती के उपलक्ष्य में सभी थाने-कोतवाली पर हुआ कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को जिले के सभी थानों पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारियों व जवानों ने दौड़ लगाकर सरदार पटेल के जीवन आदर्शों पर चलने तथा देश की सुरक्षा के प्रति हमेशा समर्पित रहने का संकल्प लिया।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में नगर कोतवाली की पुलिस ने वीर विनय चौराहा से लेकर एमएलके पीजी कॉलेज तक रन फॉर यूनिटी में दौड़ लगाई। एसपी संग क्षेत्राधिकारी नगर दरवेश कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर ज्योतिश्री व क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन राघवेंद्र प्रताप सिंह ने भी दौड़ लगाई। एसपी ने कहा कि सरदार पटेल देश के प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक नेताओं में से एक थे। उन्होंने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधा। भारत को विखंडित होने से बचाया और 564 रियासतों को एक करके अखंड भारत की नींव रखी। वल्लभ भाई पटेल



बलरामपुर में रविवार को रन फॉर यूनिटी में भाग लेते पुलिसकर्मी। संवाद

ने शराब, छुआछूत और नारियों पर अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता को बनाए रखने की पुरजोर कोशिश की। आजादी की लड़ाई के दौरान वह कई बार जेल भी गए लेकिन पटेल की दृढ़ता के सामने अंग्रेजी हुकूमत को झुकना पड़ा। इसी तरह क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह के निर्देशन में ललिया थाने की पुलिस ने मुरिहवा तक रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। नगर के अन्य थानों में भी प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-10-2022

# घाटों पर दिखी आस्था, परंपरा और विश्वास की त्रिवेणी

## अस्ताचलगामी सूर्य को व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य, घाटों पर गूंजे छठ मइया के गीत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** सोलह शृंगार से सजी-धजी और मौसमी सब्जियों व फलों से भरी सूप सिर पर उठाए घाट की ओर जाती महिलाएं। दीपों और गन्नों की ढेरियों से सुशोभित वेदियां, छठ मइया के गूंजते गीत और कमर भर पानी में खड़े होकर अर्घ्य देती व्रती महिलाएं। यह अलौकिक नजारा रविवार को छठ पूजा के दौरान दिखा। घाटों पर आस्था, विश्वास व परंपरा की त्रिवेणी बह उठी। व्रती महिलाएं आज उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण करेंगी।

सूर्य उपासना के महापर्व छठ के तीसरे दिन रविवार को शहर में छठी मइया के गीतों की गूंज रही। चार दिवसीय इस महापर्व के तीसरे दिन दोपहर में 3.00 बजे से ही घाटों पर व्रती महिलाओं की भीड़ जुटने लगी। तमाम महिलाएं ढोल-नगाड़े के साथ घाटों पर पहुंची। पूजा करने आई महिलाओं ने कबहूं ना छूटी छठि मइया, हमनी से बरत तोहार... करिया क्षमा छठी मइया। भूलचूक गलती हमार जैसे गीत से गुंजायमान रहा। शहर के छोटी बेरिया, मरीमाता मंदिर व झिंगहाघाट समेत अन्य घाटों पर उत्सव जैसा माहौल दिखा।

व्रती महिलाओं ने छठ माता को गन्ना, फूल, मिष्ठान और मौसमी सब्जियों व फल को एकत्र किया। पूजन सामग्री को वेदी पर अर्पित कर व्रती महिलाओं ने पूजन-अर्चन किया। आसमान में पश्चिम दिशा में छाई लालिमा के बीच डूबते सूरज को हाथों में सुपली लेकर व्रती महिलाओं ने अर्घ्य दिया। सोमवार को व्रती महिलाएं उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी और उसके बाद पारण करेंगी। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूम रही।



बहराइच में रविवार को पुलिस लाइन के बेरिया मंदिर परिसर स्थित तालाब के तट पर छठ पूजा करतीं सुहागिनें। फोटो -जावेद सिद्दीकी। संवाद

**आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं करेंगी पारण**

### सेल्फी का क्रेज

छठ की पूजा के दौरान सेल्फी का भी अपना एक अलग क्रेज रहा। खासकर युवक और युवतियां सेल्फी लेती नजर आईं। वहीं पूजा के बाद व्रती महिलाओं ने भी अपने परिवार के साथ फोटो को मोबाइल में कैद करके पल को यादगार बनाया।





### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

एसपी केशव चौधरी ने बताया कि छठ पूजा के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। एसपी ने बताया कि घाटों पर पुलिस सादे कपड़े में भी तैनात रही। महिलाओं के बीच महिला सिपाही भी सादे कपड़े में मुस्तैद रहीं। सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पहले ही खाका खींच दिया गया था।

### डीएम-एसपी ने की छठ पूजा

**बहराइच।** छठ पर्व पर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने भगड़वा स्थित सरयू नदी पर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया। डीएम ने प्रार्थना की कि भगवान सूर्य सबके जीवन में प्रकाश लाएं। छठ मइया से प्रार्थना है कि सबको खुश रखें। वहीं एसपी केशव चौधरी पत्नी के साथ भगड़वा स्थित सरयू नदी पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। (संवाद)



पत्नी संग पूजा करते एसपी। -संवाद

हिन्दुस्तान

# एसएसबी ने बाइक रैली निकाली

## एकता का संदेश

रुपईडीहा, संवाददाता। एसएसबी की 59वीं वाहिनी की ओर से रविवार को बाइक रैली निकाली गई। उप महानिरीक्षक अभिषेक पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में एसएसबी के अधिकारी, जवान व विद्यार्थी शामिल रहे। रैली नानपारा बाईपास होते हुए अगैय्या स्थित मुख्यालय पहुंचकर समाप्त हुई।

इसी प्रकार रुपईडीहा से 42वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अनुज कुमार के नेतृत्व में भी बाइक रैली निकाली गई। रैली पुनः रुपईडीहा कैम्प पर समाप्त हुई।

इस दौरान एसएसबी ने भारत माता की जय के नारे लगाए। नागरिकों को राष्ट्रीय एकता का महत्व बताया। रैली में प्रमुख रूप से उप कमांडेंट अनुज कुमार, वैभव, सहायक कमांडेंट विधान चकमा सहित जवान व स्थानीय युवक शामिल रहे।



छात्रों के साथ संयुक्त रूप से रैली निकालते एसएसबी के जवान।

## एसएसबी के जवानों व बच्चों ने साइकिल रैली निकाली

बहराइच। नानपारा तहसील के अगैय्या चौराहा स्थित मुख्यालय से राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में एसएसबी के जवानों व बच्चों ने संयुक्त रूप से रैली निकालकर लोगों को एकता का संदेश दिया। 59 वीं और 42 वीं बटालियन के जवानों ने कार्यवाहक कमांडेंट वैभव की अध्यक्षता में एक विशाल साइकिल रैली निकाली जिसमें केन्द्रीय विद्यालय व श्री कृपा राम जनजागृति हाईस्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। कमांडेंट ने बताया कि गृह मंत्रालय के मंशानुरूप सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमें साइकिल रैली, बाइक रैली व दौड़ आयोजित किया जाएगा। आज साइकिल रैली उसी का हिस्सा है। जिसमें डिप्टी कमांडेंट अनिल यादव, डिप्टी कमांडेंट विकास और समस्त अधिकारी व जवानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

हिन्दुस्तान

अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य, उगते सूर्य से भाग्योदय का आशीष आज, जल में दीप प्रवाहित कर अर्पित किए प्रसाद

# घाटों पर छठ मइया की हुई पूजा, गाए गीत




बहराइच, संवाददाता। लोक व प्रकृति से जुड़े सूर्योपासना का महापर्व छठ की सुगंध तराई में भक्तिभाव, सात्विकता, स्वच्छता व सदभाव का संदेश दे रहा है। रविवार को सुबह व्रती महिलाएं घाटों पर पहुंची। वेदी पर जाकर छठ माता की पूजा अर्चना की। दोपहर में पूजन सामग्री वेदी पर चढ़ाकर दीप प्रज्वलित किया। शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को दीये दिखाकर प्रसाद अर्पित किए, दूध व जल चढ़ाए। लोक मंगल कामना के साथ जल में प्रज्वलित दीप प्रवाहित कर घर लौटीं।

तराई में उत्सव का माहौल है। सुबह ही रंग-बिरंगे पोशाकों में महिलाएं छठी मइया के मंगलगीतों को गाते हुए नदी, पोखरों व घाटों पर पहुंचने लगीं। पूर्वाह्न तक आस्था का सैलाब सरोवरों पर उमड़ा पड़ा। श्रद्धा भाव के साथ परिवार की सुख समृद्धि व लोक कल्याण के साथ छठी मइया की विधि विधान से पूजन अर्चन शुरू हुआ। पूजन का क्रम दिनभर चलता रहा। शाम को घाटों की छटा और निखर गई। पानी के बीच खड़ी होकर महिलाओं ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। सोमवार को भोर पहर में उदयीयमान भगवान भास्कर अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं मांग में सिंदूर भरने व ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण कर महाव्रत का पारण करेंगी।

**पूजन सामग्री खरीद के लिए जुटे रहे लोग:** पूर्वांचल का सबसे महत्वपूर्ण पर्व छठ है। लोक आस्था के पर्व को अनूठे व परंपरागत तरीके से मनाने के लिए लोग पूजन से जुड़े एक-एक सामान को खरीदने के लिए बाजारों में पहुंचे। मांग बढ़ने से जरूरी सामानों के भाव भी बढ़े रहे। दाम को लेकर ग्राहकों व दुकानदारों में बहस भी होती दिखी। दुकानदारों का कहना है कि कमी के चलते भाव बढ़ा है।





पुलिस लाइन स्थित बेरिया मन्दिर के सरोवर घाट पर पूजा अर्चना करती सुहागिनें। मिहींपुरवा कस्बे के समीप सरयू नहर के अरही घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं।

## मिहींपुरवा में दिखी पूर्वांचल की तस्वीर

बहराइच। जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित मिहींपुरवा तहसील में पूर्वांचल के अधिकांश लोग रहते हैं। यहां छठ पर्व पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हर तरफ नदी, घाटों व सरोवरों पर पूर्वांचल सरीखी पूजन की तस्वीर झलक रही है। हर ओर छठी मइया के प्रति श्रद्धाभाव का दृश्य हर तरफ खुशहाली का संदेश दे रहा है।

## एसएसपी व सीएमओ ने निभाई परंपरा

बहराइच। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी व सीएमओ डॉ. एसके सिंह ने भी अपने परिवार संग छठ मइया का पूरे विधि-विधान से पूजन अर्चन किया। परंपरा का निर्वहन कर सभी लोगों ने लोक कल्याण व परिवार की सुख, समृद्धि की कामना की। मूल रूप से बिहार के रहने वाले एसएसपी ने बताया कि यह पर्व पूर्वांचल का सबसे महत्वपूर्ण पर्वों में एक है। पर्व सद्भाव के प्रतीक हैं।

## आज के पूजन कार्यक्रम पर एक नजर

- परिजन के साथ घाटों पर पहुंचेंगी व्रती महिलाएं
- पानी के अंदर खड़ी होकर सूर्य के उदय होने की करेंगी प्रतीक्षा
- सूर्य की लालिमा बिखरते ही देंगी अर्घ्य, जल में करेंगी प्रवाहित
- भगवान भास्कर को अंजलि से अर्पित करेंगी जल, दूध व प्रसाद
- आंचल में ग्रहण करेंगी प्रसाद, घर में हवन कर मांगेंगी आशीर्वाद

## जरवल रोड में छठ पूजा पर उमड़ा जनसैलाब

जरवलरोड। क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के निकट सूरजी पुरवा गांव के पास बनाए गए पूजा तट पर क्षेत्रीय महिलाओं बच्चों व पुरुषों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। संजय सेतु घाघरा घाट पर भी सैकड़ों महिलाओं ने डूबते सूरज को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की मनोकामना की। उप जिलाधिकारी कैसरगंज, प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड, कैसरगंज विधानसभा प्रभारी, डॉ. अरुण, प्रमोद गुप्ता, पवन कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार जायसवाल, सुवेद वर्मा, प्रशासनिक अधिकारियों सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## बवाल काट रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**बहराइच।** रिसिया थाने के रामपुर बरई में शनिवार को ब्रज मोहन बवाल काट लोगों से मारपीट को आमदा हो रहा था। दरोगा दिनेश कुमार कुशवाहा, सिपाही सुशील कुमार, मोहम्मद अबरार ने दबिश देकर ब्रज मोहन को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया। उसे एसडीएम कोर्ट पर पेश किया गया है ।

## गैंगरेप व धमकी मामले में एक गिरफ्तार

**बहराइच।** मुर्तिहा कोतवाल शशि कुमार राणा को भनक लगी कि गैंगरेप व धमकी मामले में फरार आरोपी दरगाह थाने के सालारगंज निवासी जावेद को जंगल के पास देखा गया है। उन्होंने दरोगा सुशील कुमार, प्रेम प्रकाश यादव, दुर्गेश पाण्डेय को दबिश को भेजा। पुलिस ने जावेद को गिरफ्तार कर लिया।

## धोखाधड़ी के आरोपी का सुराग नहीं

**बहराइच।** मोतीपुर थाने के सुमई गौढ़ी के मजरे सनत खड़िया निवासी संतराम का फोटो लगाकर किसी जालसाज ने अपना फोटो लगाकर 2019 में बैंक से धन निकाल लिया था। इस मामले में मोतीपुर थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। जिसे बाद में अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया गया था।

## घर के सामने से बाइक चोरी

**बहराइच।** नगर कोतवाली के मोहल्ला जोसियापुरा मे घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जोसियापुरा निवासी अरविंद कुमार ने दोपहर दो बजे अपनी बाइक घर के सामने खड़ी कर दी। वह घर में चले गए । शाम चार बजे बाहर आने पर बाइक गायब मिली।

## पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मोतीपुर थाना अव्वल

**बहराइच।** जनता के बीच पुलिस की साख व काम को लेकर सीधे संवाद की शुरू हुई पहल में मोतीपुर थाना पांच माह में दूसरी बार पहले पायदान पर रहा। मुर्तिहा दूसरे व कैसरगंज को तीसरा स्थान मिला है। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर की ओर से पब्लिक अप्रूवल रेटिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले के सभी थानों की आम लोगों से अप्रूवल रेटिंग कराई गई।

## डीएम व एसएसपी ने अर्पित किए फूल

**बहराइच।** आस्था के लोकपर्व पर अधिकारी व आवाम के बीच की बंदिशें भी रविवार को सौहार्द में बदली दिखीं। हुजूरपुर इलाके के भग्गड़वा में सरयू नदी के रानीघाट पर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र, एसएसपी केशव कुमार चौधरी, सीएमओ डॉ. एसके सिंह, एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह समेत अन्य अधिकारी ने नाव पर सफर कर बीच धारा में छठ मइया को फूलों की डाली अर्पित किया।

डीएम ने कहा कि यह पर्व सिर्फ पूर्वांचल ही नहीं, बल्कि पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पहला पर्व है जिसमें महिलाएं अपने पुत्र, पति व ऐश्वर्य के लिए डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामना करती हैं। एसएसपी ने कहा कि यह त्योहार शांति, सौहार्द व सदभाव का संदेश देता है।

# विवाहिता से घर में घुस कर छेड़खानी, मुकदमा

**संसू, विशेश्वरगंज (बहराइच)** : एक गांव में महिला से छेड़खानी की गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता का पति रोजी-रोटी के लिए बाहर रहता है। घर पर वह अकेली रहती है। आरोप है कि शुक्रवार को वह घर में अकेली थी। देर रात एक युवक उसके घर में घुस आया। महिला से छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसकी पिटाई की। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण भी जाग गए। शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र होने लगी तो आरोपित जानमाल की धमकी देकर भाग गया। थानाध्यक्ष श्यामदेव चौधरी ने बताया कि बालापुर निवासी पिंकू तिवारी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# 'थाने में बोला भाजपा नेता, मेरे आदमी को बैठाओगे तो लफड़ा हो जाएगा'

- वीडियो इंटरनेट मीडिया पर हो रहा वायरल
- गजाधरपुर निवासी बताया जा रहा बीजेपी नेता

**जासं, बहराइच :** सूबे के मुख्यमंत्री पार्टी के लोगों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते नजर आते हैं, लेकिन जिले स्तर पर पार्टी से जुड़े लोग सरकार की साख को बट्टा लगाने का काम कर रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें भाजपा नेता थाने में बैठकर दारोगा को धमका रहा है। एक मामले में पैरोकारी करने आए नेताजी ने तो यहां तक कह डाला कि मेरे आदमी को बैठाओगे तो लफड़ा हो जाएगा। नेता की दबंगई का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो व फोटो दैनिक जागरण के पास भी है।

इलाके के हरिहरपुर धर्म सराय के रहने वाले अमर कुमार व सचिन के बीच कुछ विवाद हो गया था। मामला थाने पहुंचा तो पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया। मामले में अमर पक्ष की पैरोकारी करने गजाधरपुर के भाजपा युवा मोर्चा के एक नेता भी पहुंच गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। इस पर वहां मौजूद एसएसआइ ने कहा कि अगर कानून व्यवस्था बिगाड़ेंगे तो दोनों पक्षों को बैठाकर कार्रवाई की जाएगी। इतना सुनते ही



फखरपुर थाने में दारोगा को धमकाता भाजपा नेता • सौ इंटरनेट मीडिया

भाजपा नेता आगबबूला हो गए और बोले कि एक पक्ष मेरा मित्र है और उसे बैठाओगे तो लफड़ा हो जाएगा। दारोगा ने भी जवाब देते हुए कहा कि थाने में 100 जवानों की तैनाती है, इसलिए लफड़ा नहीं होने दूंगा। कानून व्यवस्था किसी भी कीमत पर नहीं बिगड़ने दूंगा। पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया।

वायरल वीडियो में दिखने वाला युवक का नाम हृदयराम गुप्त बताया जा रहा है, जो युवा मोर्चा में पदाधिकारी भी है। जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।


दुबले पतले (लड़के/लड़कियाँ)
जो मोटे नहीं होते ज्यादा खाये
आयुर्वेदिक औषधि द्वारा खाया पिया
पचा कर 15 दिनों में फर्क महसूस कर
सेहत व वजन बढ़ायें।

# जनता के फीडबैक में मोतीपुर फिर अव्वल

**जासं, बहराइच :** जनता ने था व कोतवालियों में कार्यर पुलिसकर्मियों के कार्यों की समीक्ष कर फीडबैंक में रेटिंग तय की है जिसमें मोतीपुर थाना एक ब फिर अव्वल रहा। पांच माह पह हुई रेटिंग में थाना पहले नंबर प था। वोटिंग में मूर्तिहा कोतवाल को दूसरा स्थान मिला है, जबि कैसरगंज कोतवाली को तीस स्थान मिला।

अपर पुलिस महानिदेश गोरखपुर जोन अखिल कुमार निर्देशन में पब्लिक अप्रूवल रेटिं कार्यक्रम एसपी बहराइच केश कुमार चौधरी के नेतृत्व में चला गया। ट्विटर पोल वोटिंग/फीडबै (जनसुनवाई, आइजीआरएस ट्वीट पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण व एफआइअ पंजीकरण, एनसीआर, पासपोर्ट चरित्र सत्यापन) के संबंध में जि के थानों व कोतवालियों में कार्यर पुलिसकर्मियों के कार्य व्यवहार व जनता से फीडबैक लिया गय डायरेक्ट पोल में मोतीपुर था ने एक बार फिर से प्रथम स्था प्राप्त किया। महिला थाना फिसड्ड निकला।

एसपी ने बताया कि मोतीपु थानाध्यक्ष मुकेश सिंह प्रथम मर्तिहा कोतवाल शशि कुम राणा को दूसरा स्थान कैसरगंज कोतवाल दद्दन सिंह व बेहतर कार्य के लिए तीसरा स्था मिला है।

# 'आइजीआरएस से जुड़े मामलों को गंभीरता से लें अफसर'

**जासं, बहराइच :** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में की गई। सीडीओ कविता मीना ने इसे गंभीरता से लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि अधिशासी अभियंता जल निगम के स्तर पर सर्वाधिक 58, लोनिवि प्रांतीय खंड में 33, विद्युत में 20, इओ नगरपालिका व एलडीएम के स्तर पर 08-08, डीपीआरओ व समाज कल्याण विभाग के स्तर पर 07-07 सहित कुल 253 संदर्भ लंबित हैं। जिसमें मुख्यमंत्री स्तर के 16, डीएम के 46, आनलाइन 14, पीजी पोर्टल 12, संपूर्ण समाधान दिवस के दो, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के (आफलाइन) 34 व आनलाइन के 54 लंबित पाए गए। सीडीओ ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सचेत किया है कि आइजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी मनोज, एसडीएम सदर सुभाष सिंह धामी, कैसरगंज के महेश कुमार कैथल, महसी के रामदास, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक उदयराज, बीएसए अव्यक्त राम तिवारी, डीएसओ अनंत प्रताप सिंह, डीसीओ शैलेष कुमार मौर्य, पीओ डूडा संजय सिंह मौजूद रहे।







झिंगहाघाट पे सरयू तट पर... [illegible] ... पूजन करती महिलाएं • जागरण

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर की सुख समृद्धि की कामना

## छठ मइया के गीतों से भक्तिमय हुआ वातावरण | आज उगते सूर्य को अर्घ्य | देकर महिलाएं छठ व्रत करेंगी पूर्ण




**जागरण टीम, बहराइच** : लोक आस्था का त्योहार छठ रविवार को धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक छठ मइया के पूजा की धूम रही। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने पुत्र की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना की। सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाएं छठ व्रत पूर्ण करेंगी।

शहर में सरयू नदी के किनारे झिंगहाघाट, गोलवाघाट, पुलिस लाइन स्थित झील, रामगांव क्षेत्र में मुकेरिया घाट, बेगमपुर के बबलाघाट, उमरघाट पर छठ पूजन के लिए व्रती महिलाओं की भीड़ उमड़ी। निर्जला व्रत रख मौसमी फल, मिष्ठान, सुगंधित पुष्प और विविध पकवानों से भगवान सूर्य का भोग लगाया। अस्त हो रहे सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। जिलाधिकारी डा.दिनेशचंद्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी व उनकी पत्नी प्राची चौधरी, सीएमओ डा.एसके सिंह ने हुजूरपुर में सरयू नदी के भग्गड़वाघाट पहुंचकर पूजन किया।

**मिहींपुरवा** : मिनी पूर्वांचल कहे जाने वाले इस क्षेत्र में धर्मापुर, जंगलगुलरिया, बल्लीगढ़िया, गिरगिट्टी, मधवापुर, चौखड़िया, नैनिहा, खड़िया, राजापुर कलोनिया, मर्तिहा, गायघाट में नदी घाटों पर महिलाओं ने छठ मइया की पूजा की।

**नानपारा** : कालीबूटा पर अस्त हो रहे सूर्य को अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने ईख, अदरक, मूली व मिष्ठान का भोग लगाया।

**हुजूरपुर** : घसलुआ घाट, भंगहाघाट, भग्गड़वा आदि घाटों पर महिलाओं ने पूजन किया। कैसरगंज, गजाधरपुर, फखरपुर, जरवल, जरवलरोड के घाघराघाट, महसी, चौड़ी, रामपुरदेवरिया, शिवपुर, बिछिया, मुर्तिहा, पिपरी, रामगांव समेत घाटों पर छठ पूजन किया गया। अधिकारियों ने घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की टोह ली।



छठ महापर्व पर झिंगहाघाट के सरयू तट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन करने उमड़ा व्रतियों का सैलाब • अरुण कुमार दीक्षित



पूजन की डलिया लेकर पहुंचे व्रती • जागरण







छठ पूजन के दौरान सेल्फी लेती युवतियां घाट पर पूजन देती और जली घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं • जागरण



छठ पर झिंगहाघाट पर अस्ताचलगामी सूर्य का पूजन करते व्रती • जागरण



[illegible] के छठ मंदिर में अर्घ्य देती महिलाएं • जागरण

# आईजीआरएस की 253 शिकायतें लंबित

बहराइच। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के लिए शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता सीडीओ कविता मीना ने की। बैठक में पता चला कि आईजीआरएस की शिकायतों को संबंधित अधिकारी संज्ञान में नहीं ले रहे हैं। जिसके चलते 253 शिकायतें लंबित हैं। सभी डिफाल्टर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि तत्काल समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक के दौरान ज्ञात हुआ कि अधिशाषी अभियंता जल निगम के स्तर पर सर्वाधिक 58, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड 33, अधि.अभि. विद्युत 20, ईओ बहराइच व एलडीएम के स्तर पर 08-08, जिला पंचायत राज व समाज कल्याण विभाग के स्तर पर 07-07 सहित कुल 253 संदर्भ लंबित पाये गए। जिसमें मुख्यमंत्री के 16, डीएम के 46, ऑनलाइन 14, पीजी पोर्टल 12, संपूर्ण समाधान दिवस के 02, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के (ऑफलाइन) 34 व आफनलाइन के 54, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रथम स्तर पर 66 व आर्थिक मदद के 09 संदर्भ लंबित पाये गये। सीडीओ ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सचेत किया है कि आइजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले संदर्भों/शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। (संवाद)

का प्रयास करें। रात के समय अपने घर ग्रामीण मौजूद रहे।

आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में कर दी जाएगी।

# छठ पूजा के लिए घाटों पर चाक चौबंद व्यवस्था

## कंट्रोल रुम की भी कराई गई स्थापना

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। छठ पर्व पर घाट पर आने वाली महिला श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर पालिका प्रशासन ने हाईटेक व्यवस्था की है। घाट पर महिलाओं को कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम बनवाया है, साथ ही कंट्रोल रूम की भी स्थापना कराई है। जिससे कोई समस्या होने पर तत्काल उसका निस्तारण कराया जा सके।

छठ पूजा महोत्सव के मौके पर नगर पालिका प्रशासन की टीम शहर के झिंगहाघाट सरयू नदी घाट पर व्रती महिलाओं के लिए हाईटेक व्यवस्था की है। व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए पांच दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी बालमुकुंद मिश्रा व खाद्य एवं सफाई निरीक्षक सुरेश गोविंद मिश्रा की की अगुवाई में निरीक्षक अवनीश दूबे समेत पालिका प्रशासन की पूरी टीम घाट को सुसज्जित करने में जुटा रहा। रविवार की सुबह से ही टीम ने घाट की साफ-सफाई कराकर घाट के चारो तरफ चूना छिड़कवा दिया।

पालिका प्रशासन कीड़े मकोड़े को रोकने के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया। डेंगू से बचाव के लिए घाट पर लगातार फॉगिंग कराई गई। घाट को आकर्षक दिखाने के लिए झालरों से सुसज्जित किया गया। यही नहीं व्रती महिलाओं को अर्घ्य देने के लिए मिट्टी के बर्तन की भी व्यवस्था नगर पालिका प्रशासन की ओर से की गई है। घाट पर कोई अनहोनी घटना न हो, इसके लिए घाट में जाल बिछाकर गोताखोरों को लगाया गया है। घाट पर अलग से महिलाओं के कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंगरूम के साथ एक कंट्रोल रूप की भी स्थापना कराई गई। शहर के बेरिया मंदिर व झिंगहाघाट पर पालिका प्रशासन की ओर से दो मोबाइल शौचालय की व्यवस्था रही। व्यवस्था को चाक चौबंद बनाये रखने के लिए पालिका प्रशासन की पूरी टीम दिनभर व्यवस्था पर अपनी नजर बनाए रखी।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को लगाया प्रोजेक्टर

स्वच्छ मिशन के तहत घाट पर आने वाली महिलाओं के लिए प्रोजेक्टर की व्यवस्था दिखाई गई। इसके साथ ही घाट पर गंदगी न हो, इसके लिए दो बड़े हरे व नीले रंग डस्टबिन रखकर सफाईकर्मियों की तैनाती की गई है। साउंड सिस्टम लगाकर गहरे पानी में न जाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है।



बहराइच के झिंगहाघाट पर महिलाओं के लिए बनाया गया चेंजिंग रूम। -संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 31-10-2022

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। कच्ची शराब कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से लगातार गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार शाम को थाना सोनवा की पुलिस क्षेत्र में कच्ची शराब कारोबारियों की धर पकड़ के लिए भ्रमण कर रही थी। भ्रमण के दौरान पुलिस ने सुरेश कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी लक्ष्मननगर थाना सोनवा के कब्जे से पांच लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद किया। शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने गश्त कर लिया सुरक्षा का जायजा

श्रावस्ती। अपराध व अराजकों से निपटने के लिए पुलिस लगातर रूटीन गश्त कर सुरक्षा का जायजा ले रही है। रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी क्षेत्राधिकारी, थाना व चौकी प्रभारियों ने क्षेत्र में पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस ने सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही व्यापारियों से बातचीत कर सुरक्षा की जानकारी ली।

# 61 वाहनों का चालान काटा गया

श्रावस्ती। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 61 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर 82 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## चाकू के साथ आरोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** भिनगा पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिसवा निवासी छांगुर को सत्या ढाबा के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

## हंसी-खुशी साथ रहने को राजी हुए दंपति

**श्रावस्ती :** पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय सभागार पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। इसमें 24 फाइलें सुनवाई के लिए प्राप्त हुईं। सुलह-समझौते सोनवा क्षेत्र के बरदेहरा निवासी पुनीता देवी अपने पति मल्हीपुर क्षेत्र के मुनव्वर गांव निवासी पंकज के साथ हंसी-खुशी रहने को राजी हुईं। (वि.)

# छात्र-छात्राओं को दिए सुरक्षा के टिप्स

**जासं, श्रावस्ती :** छात्र-छात्राओं को हिंसा के प्रति जागरूक व सजग करने के लिए एंटी रोमियो टीम स्कूल-कालेज व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर दस्तक दे रही है। टीम ने भिनगा में संचालित एमए कैरियर एकेडमी में पहुंचकर बच्चों को जागरूक कर सुरक्षा के टिप्स दिए।

भिनगा कोतवाली की एंटी रोमियो टीम के उपनिरीक्षक शशि शेखर, आरक्षी रितेश शर्मा, महिला आरक्षी पूनम व स्वाति पांडेय ने भिनगा नगर में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर- 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर- 1076, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 व आपातकालीन नंबर-112 की जानकारी दी।

# अभियान में 61 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से संदिग्ध वाहनों की जांच सहित हेलमेट व सीट बेल्ट धारण न करने वालो के विरुद्ध रविवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा 61 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। इस दौरान पुलिस ने 82,500 रुपए शमन शुल्क वसूल किया। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** शक्ति मोबाइल की ओर से रविवार को लक्ष्मनपुर व भुजंगा में चौपाल का आयोजन किया गया। जहां टीम में शामिल महिला आरक्षी संज्ञा भारती, अर्जिता यादव व सोनी द्वारा वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें पंफलेट का वितरण किया गया। (संवाद)

# कच्ची शराब के साथ एक को दबोचा

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** सोनवा पुलिस ने शनिवार रात लक्ष्मननगर निवासी सुरेश कुमार को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने पांच लीटर कच्ची शराब बरामद किया। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में तीन गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से शनिवार रात अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित उप जिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया गया। (संवाद)